स्वाध्याय स्वमन्थन स्वावलम्बन

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

BLIS-05

पुस्तकालय सूचीकरण प्रायोगिक

थम खण्ड : ए0ए0सी0आर0-2 द्वारा सूचीकरण भाग-1

द्वितीय खण्ड : ए0ए0सी0आर0-2 द्वारा सूचीकरण भाग-2

तीय खण्ड : क्लासीफाइड कैटलाग कोड द्वारा सूचीकरण भाग-1

तुर्थ खण्ड : क्लासीफाइड कैटलाग कोड द्वारा सूचीकरण भाग-2

शान्तिपुरम् (सेक्टर-एफ), फाफामऊ, इलाहाबाद-211013

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

BLIS-05

पुस्तकालय सूचीकरण प्रायोगिक

खण्ड-1

ए.ए.सी.आर.-2R द्वारा सूचीकरण : भाग -एक

इकाई -1 5

ए.ए.सी.आर.-2 R का परिचय, संलेखों के प्रकार एवं संरचना

(Introduction to A.A.C.R.-2R, Types of Entries and their structure)

इकाई -2 32

एकल व्यक्तिगत लेखक द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण

(Cataloguing of Books by Single Personal Author)

इकाई -3 51

संयुक्त व्यक्तिगत लेखकों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण

(Cataloguing of Books by Joint Personal Authors)

इकाई -4 76

सम्पादकीय निर्देशन में रचित पुस्तकों का सूचीकरण

(Cataloguing of Books under Editorial Direction)

इकाई -5 87

बहुखण्डीय ग्रन्थों का सूचीकरण

(Cataloguing of Multivolumed Books)

खण्ड-1 : ए.ए.सी.आर.-2R द्वारा सूचीकरण : भाग-एक

प्रस्तावना -

प्रस्तुत खण्ड में आपको पुस्तकालय सूचीकरण के व्यवहारिक ज्ञान से परिचित कराया गया है। प्रयोगात्मक सूचीकरण के लिये समय-2 पर विद्वानों द्वारा अनेक सूची संहिताओं का निर्माण किया गया परन्तु सूचीकरण में एकरूपता लाने हेतु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ए.ए.सी.आर. - द्वितीय संस्करण ही मानक सूचीसंहिता है जो कम्प्यूटरीकृत सूचीकरण के लिये भी सर्वथा उपयुक्त है।

इस खण्ड के भाग-1 में ए.ए.सी.आर.-2 की संरचना, नियमों की प्रकृति की चर्चा करने के उपरान्त विभिन्न प्रकार के संलेखों की रचना तथा प्रत्येक संलेखों के अनुच्छेदों के उपकल्पना के शब्दों व निरूपण द्वारा समझाने का प्रयास किया गया है। इस भाग में एकल व्यक्तिगत लेखक तथा संयुक्त (दो,तीन तथा तीन से अधिक) व्यक्तिगत लेखकों द्वारा स्थित पुस्तकों के सूचीकरण से संबन्धित समस्त सिद्धान्तों को संक्षेप में उदाहरणों सहित वर्णन करने के पश्चात पर्याप्त संख्या में ग्रन्थों के सूचीकरण की प्रविष्टियाँ निर्मित की गई तथा प्रत्येक प्रकार के प्रस्ताव अभ्यास हेतु ग्रन्थों के मुख पृष्ठ दिये हैं। इकाई - 4 में सम्पादकीय निर्देशन में निर्मित ग्रन्थों के सूचीकरण की विधि उदाहरणों सहित समझाने का प्रयास किया गया है। अन्त में बहुखण्डीय ग्रन्थों के सूचीकरण से सम्बन्धित प्रत्येक पक्ष की व्याख्या करके तत्पश्चात् उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करने का प्रयास किया गया। प्रत्येक प्रकार के ग्रन्थ के सूचीकरण के हल किये गये मुख पृष्ठों के साथ-साथ अभ्यास के लिये मुखपृष्ठ देने का यह आशय है कि विद्यार्थी विषय को समझने के बाद स्वयं भी सूचीकरण करने का प्रयास करें।

प्रयास किया गया है कि यथासंभव विषय को सुग्राही बनाया जा सके। ग्रन्थालय सूचीकरण प्रयोगात्मक विषय में सूक्ष्म सूचनाओं के विवरण व उपकल्पनाा का अत्यधिक महत्व है। अतः परिशुद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया है।

आशा है इन इकाईयों के अध्ययन से बी.एल.आई.एस.सी. के विद्यार्थियों को ग्रन्थालय सूचीकरण विषय की जटिलताओं को समझने में सहायता मिलेगी। पाठ्यक्रम में पुस्तकों के आख्या पृष्ठ (Title Page) स्वनिर्मित है जिसका उद्देश्य शिक्षार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करना है।

इकाई - 1 : ए०ए०सी०आर- 2R का परिचय, संलेखों के प्रकार एवं संरचना (Introduction to A.A.C.R.-2R, Types of Entries and their Structure)

संरचना

1.0 उद्देश्य

1.1 ए०ए०सी०आर-2 (संशोधित) का परिचय

1.2 ए०ए०सी०आर-2 (संशोधित) की रूपरेखा

1.3 ग्रंथालयों के आकार के आधार पर विवरण के स्तर

1.3.1 प्रथम स्तरीय विवरण

1.3.2 द्वितीय स्तरीय विवरण

1.3.3 तृतीय स्तरीय विवरण

1.4 सूची पत्रक की संरचना

1.5 संलेखों के प्रकार एवं संरचना

1.5.1 मुख्य संलेख की संरचना

1.5.2 इतर संलेखों की संरचना

1.5.3 संदर्भ संलेखों की संरचना

1.6 विषय शीर्षक

1.6.1 सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हेडिंग्स

1.7 विस्तृत अध्ययन हेतु ग्रन्थसूची

1.0 उद्देश्य (Objective of the Unit)

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :-

1- ए०ए०सी०आर-2 (संशोधित) का परिचय देकर सूची संहिता की संरचना से परिचित कराना।

2- ए०ए०सी०आर-2 (संशोधित) के विवरण के विभिन्न स्तरों से परिचित कराना

3- ए०ए०सी०आर-2 (संशोधित) के विभिन्न संलेखों (मुख्य संलेख एवं इतर संलेखों) की संरचना से अवगत कराना।

1.1 ए॰ए॰सी॰आर॰ 2 (संशोधित) का परिचय (Introduction to AACR-2R)

एंग्लो अमेरिकन कैटलॉगिंग रूल्स का जन्म 1967 में हुआ। इसके प्रकाशन में मुख्यतया अमेरिकन लाइब्रेरी एसोसिऐशन, लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस, ब्रिटिश लाइब्रेरी एसोसिएशन एवं कनाडियन लाइब्रेरी एसोशिएशन का प्रमुख योगदान रहा है। इसका द्वितीय संस्करण 1978 में एंग्लो अमेरिकन कैटलागिंग रूल्स-2 के नाम से प्रकाशित हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय प्रसूचीकरण नियमावली के रूप में इसे वर्ष 1981 में मान्यता मिली। इसका वर्तमान स्वरूप ए॰ए॰सी॰आर॰-2 (संशोधित) (A.A.C.R.-2R) का निर्माण अमेरिकन लाइब्रेरी एसोसिएशन, आस्ट्रेलियन कमेटी आन कैटलागिंग, ब्रिटिश लाइब्रेरी, कनाडियन कमेटी ऑफ केटलॉगिंग, लाइब्रेरी एसोसिएशन एवं लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस की संयुक्त स्टीयरिंग कमेटी फार रिवीजन ऑफ ए॰ए॰सी॰आर॰ द्वारा किया गया। इसे माइकल गॉरमेन तथा पॉल डब्लू विंकलर द्वारा संपादित किया गया।

1.2 ए॰ए॰सी॰आर॰ 2 (संशोधित) की रूपरेखा

इस प्रसूचीकरण संहिता में दो भाग हैं।

प्रथम भाग : विवरण के अन्तर्गत निम्नलिखित अध्यायों में विभिन्न प्रकार की पाठ्य सामग्री के प्रसूचीकरण हेतु नियमों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। महत्वपूर्ण है कि इस भाग में उल्लिखित सभी नियम अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थपरक विवरण-सामान्य (International Standard Bibliographic Description-General) पर आधारित है। अध्यायों का विवरण निम्नवत् है-

अध्याय-1 विवरण के सामान्य नियम (General Rules for Description)

अध्याय-2 ग्रन्थ, पुस्तिकाएँ एवं मुद्रित पन्ने (Books, Pamphlets and Printed sheets)

अध्याय-3 मानचित्र सम्बन्धी सामग्री (Cartographic materials)

अध्याय-4 पाण्डुलिपियाँ (Manuscripts)

अध्याय-5 संगीत (Music)

अध्याय-6 ध्वनि अभिलेख (Sound Recording)

अध्याय-7 चलचित्र एवं वीडियो रिकार्डिंग्स (Motion pictures and video

recordings)

अध्याय-8 लेखाचित्रीय सामग्री (Graphic material)

अध्याय-9 कम्प्यूटर फाइल्स (Computer Files)

अध्याय-10 त्रिविमीय शिल्प तथ्य (Three dimentional artefacts relia)

अध्याय-11 सूक्ष्म सामग्री (Microforms)

अध्याय-12 क्रमिक प्रकाशन (Serials)

अध्याय-13 विश्लेषण (Analysis)

द्वितीय भाग में प्रलेखों के संलेखों को प्रस्तुत करने के लिए शीर्षकों (Headings), एकरूप आख्यायों (Uniform titles) तथा प्रतिनिर्देशों (Reference) से सम्बन्धित नियमों को प्रस्तुत किया गया है। जिन्हें अध्याय 21-26 में उल्लिखित किया गया है। जो निम्नवत् है—

अध्याय-21 खोज बिन्दुओं का चयन (Choice of Access points)

अध्याय-22 व्यक्तियों हेतु शीर्षक (Headings for persons)

अध्याय-23 भौगोलिक नाम (Geographic Names)

अध्याय-24 समष्टि निकायों के शीर्षक (Headings for Corporate Bodies)

अध्याय-25 एकरूप आख्यायें (Uniform titles)

अध्याय-26 प्रतिनिर्देश (References)

उपरोक्त दोनों भागों में नियमों का व्यवस्थापन सामान्य से विशिष्ट के अनुक्रम में किया गया है। विशिष्ट नियमों के अभाव में सामान्य नियम का ही अनुपालन किया जाता है।

सूची संहिता के अन्त में चार परिशिष्टों का उल्लेख किया गया है जो निम्नलिखित है :-

परिशिष्ट ए : बड़े अक्षरों का प्रयोग (Captilization)

परिशिष्ट बी : संकेताक्षर (Abbreviation)

परिशिष्ट सी : संख्यावाद (Numerals)

परिशिष्ट डी : परिभाषिक शब्दावली (Glossory)

1.3 ग्रन्थालयों के आकार के आधार पर विवरण के स्तरः (Levels of description according to the size of libraries)

ए॰ए॰सी॰आर॰-2 (संशोधित) में पुस्तकालयों के तीन स्तरीय आकार-छोटे, मध्यम एवं विशाल पुस्तकालयों हेतु विवरणात्मक प्रसूचीकरण के लिए अलग-अलग त्रिस्तरीय विवरण प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का उल्लेख किया गया है।

1.3.1 प्रथम स्तरीय विवरण (First level of description)

नियम संख्या 1.0D1 के अनुसार छोटे पुस्तकालयों के उपयोगकर्ताओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए संक्षिप्त प्रसूचीकरण का उल्लेख है। इसमें ग्रन्थ की पहचान के लिए ग्रन्थ हेतु संक्षिप्त संलेख निर्मित किया जाता है। इसमें केवल मुख्य आख्या को ही सम्मिलित किया जाता है तथा अन्य प्रकार की आख्याओं का उल्लेख नहीं किया जाता है। यदि दायित्व कथन क्षेत्र में दी जाने वाली सूचना शीर्षक के समान है तो उसे भी दायित्व कथन क्षेत्र में नहीं लिखा जाता। संस्करण विवरण का उल्लेख तो किया जाता है परन्तु संस्करण विशेष से सम्बन्धित दायित्व कथन का उल्लेख नहीं किया जाता है। पुस्तक के भौतिक स्वरूप से सम्बन्धित सूचनाएं संक्षिप्त रूप में दी जाती है। इसे निम्न प्रकार से अधिक स्पष्ट किया जा सकता है।

Title proper/first statement of responsibility, if different from main entry heading in form or number or it there is no main entry heading. — Edition Statement— Material (or type of publication) specific details. — First publisher, etc., date of publication etc.- Extent item,- Note(s). — Standard number.

1.3.2 द्वितीय स्तरीय विवरण (Second level of description)

नियम संख्या 1.0D2 में इस स्तर के विवरण के अन्तर्गत प्रथम स्तर में दी जाने वाली सूचनाओं के अतिरिक्त मुख्य आख्या (Main Title) के बाद सामान्य सामग्री पद (General Material Designation), समानान्तर आख्या (Parall Title) तथा अन्य सभी आख्याओं की सूचना दी जाती है। इस विवरण के अन्तर्गत सभी प्रकार के दायित्व कथन (Responsibility) को सम्मिलित किया जाता है। इसके अतिरिक्त संस्करण विवरण (Edition Statement) के बाद यदि विशिष्ट संस्करण का दायित्व कथन है तो उसका भी उल्लेख किया जाता है। भौतिक विवरण क्षेत्र (Physical Description

Area) में सभी सूचनाओं का नियमानुसार अंकन किया जाता है। टिप्पणी (Note) सम्बन्धी सूचनाएं भी इसमें दी जाती है तथा मानक संख्या (Standard Number) का भी उल्लेख किया जाता है। इसे निम्न प्रकार से अधिक स्पष्ट किया जा सकता है।

Second level of Description :

Title proper (General material desigination) = Parallel title : Other little information / first statement of responsibility; each subsequent statement of responsibility. - Edition statement / first statement of responsibility relating to the edition. — Material (or type of publication specific details). — First place of publication, etc. : first publisher, etc, date of publication, etc.-Extent of item : Other physical details, dimension. — (Title proper of series / statement of responsibility relating to series, ISSN of series; numbering within the series. Title of sub series; ISSN of subseries; numbering with subseries). — Note(s)- Standard number.

1.3.3 तृतीय स्तरीय विवरण (Third level of description)

नियम संख्या 1.0D3 में तृतीय स्तरीय विवरण विशाल एवं शोध ग्रन्थालयों के उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दिया गया है।

ग्रन्थालयों के स्वरूप (छोटा, मध्यम एवं विशाल) प्रकार एवं उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ग्रथांलय सूची के विवरण का निर्धारण किया जाता है। अधिकांशतया ग्रन्थालयों में द्रितीय स्तर विवरण का ही प्रयोग किया जाता है और उसी के अनुसार संलेखों (entires) का निर्माण किया जाता है। विद्यार्थियों को प्रायोगिक सूचीकरण की दृष्टि से द्रितीय स्तर विवरण के अनुसार ही संलेखों का निर्माण इस स्वअध्ययन सामग्री में किया गया है।

1.4 सूची पत्रक की संरचनाः (Structure of catalogue card)

सूची पत्रक का मानकीकृत आकार 12.5× 7.5 (5"×3") सेन्टीमीटर होता है। एक पत्रक पर एक ही संलेख का निर्माण किया जाता है। सूची पत्रक की बनावट को निम्नानुसार समझा जा सकता है।

1. **अग्ररेखा (Leading line)** : सूची पत्रक पर दी गई क्षैतिज रेखा/पड़ी रेखा को अग्ररेखा करते हैं यह लाल स्याही से बनी होती है।
2. **तीन काल्पनिक रेखायें (Three imaginary lines)** : अग्ररेखा के ऊपर तीन काल्पनिक रेखाओं का स्थान रिक्त रहता है। इतर प्रविष्टियों को बनाते

समय उनके शीर्षक काल्पनिक पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से प्रारम्भ करते हुए अंकित किये जाते हैं।

3. **प्रथम उर्ध्व रेखा (First Indention) :** प्रथम उर्ध्व रेखा/खड़ी रेखा सूची पत्रक के बाएं किनारे से प्रारम्भ कर 8 अक्षरों की दूरी पर होती है जो लाल स्याही से अंकित होती है।

4. **द्वितीय उर्ध्व रेखा (Second Indention) :** यह सूची पत्रक पर प्रथम उर्ध्व रेखा के बाद चार अक्षरों का स्थान छोड़कर होती है तथा लाल स्याही से अंकित होती है।

5. **तृतीय काल्पनिक उर्ध्व रेखा (Third Imaginary Indention) :** सूची पत्रक पर इसका स्थान द्वितीय उर्ध्व रेखा के बाद दो अक्षरों का स्थान छोड़कर काल्पनिक रूप से होता है। इसे सूची पत्रक पर दर्शाया नहीं जाता एवं आवश्यकतानुसार इस रेखा की कल्पना की जाती है।

6. **बाँया हाशिया (Left margin) :** सूची पत्रक पर बायें किनारे से लेकर प्रथम उर्ध्व रेखा तक बाँया हाशिया कहलाता है। बायें किनारे से प्रथम उर्ध्व रेखा की बीच में आठ अक्षरों का स्थान होता है।

7. **छिद्र (Hole) :** सूची पत्रक के नीचे की ओर मध्य में छिद्र होता है। सूची पत्रकों को कैटलॉग कैबिनेट में रखते समय इस छिद्र के बीच से एक छड़ डाल कर पत्र को सुरक्षित रखा जाता है।

नीचे दिये गये रेखा चित्र के माध्यम से सूची पत्रक की बनावट को अधिक स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है।-

सूची पत्रक की संरचना (Structure of Catalogue card)



1.5 संलेख के प्रकार एवं संरचना (Structure and Types of Entries)

ए॰ए॰सी॰आर॰-2 संशोधित के अनुसार निम्नलिखित प्रकार के संलेख (Entries) का निर्माण किया जाता है।

1. मुख्य संलेख (Main Entry)
2. इतर संलेख (Added Entry)
3. निर्देश संलेख (Reference Entry)

उपरोक्त तीनों प्रकार के संलेखों को नीचे दी गई तालिका द्वारा सुगमता से समझा जा सकता है।



1.5.1 मुख्य संलेख की संरचना (Structure of main Entry)

ए॰ए॰सी॰आर॰-2 संशोधित के नियमानुसार सूची पत्रक पर निर्मित किये जाने वाले मुख्य संलेख में निम्नलिखित भाग होते हैं।

1. क्रामक अंक अनुच्छेद (Call Number Section)
2. शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section)
3. आख्या एवं दायित्व कथन अनुच्छेद (Title and Statement of Re-

sponsibility Section)

4. संस्करण अनुच्छेद (Edition Section)
5. प्रकाशन वितरण अनुच्छेद (Publication Distribution Section)
6. भौतिक विवरण अनुच्छेद (Physical Description Section)
7. ग्रन्थमाला अनुच्छेद (Series Section)
8. टिप्पणी अनुच्छेद (Note Section)
9. अन्तर्राष्ट्रीय ग्रन्थ संख्या अनुच्छेद (International Standard Book Number (ISBN) Section)
10. संकेत अनुच्छेद (Tracing Section)
11. परिग्रहण संख्या अनुच्छेद (Accession Number Section)

उपरोक्त समस्त अनुच्छेदों का विस्तृत विवरण निम्नवत् हैः

1. क्रामक अंक अनुच्छेद (Call Number Section) :

एंग्लो अमेरिकन कैटलागिंग रूल्स-2 संशोधित के मुख्य संलेख का यह प्रथम अनुच्छेद है। क्रामक अंक की सूचना पुस्तक के आख्या पृष्ठ के पीछे दी हुई होती है। यह अनुच्छेद तीन सूचनाओं से मिलकर बनता है।

(a) वर्ग संख्या (Class number)

(b) ग्रन्थ संख्या (Book number)

(c) संग्रह संख्या (Collection number)

क्रामक अंक की सूचना सूची पत्रक के बायें हाशिए में अग्र रेखा (leading line) के ऊपर पहले वर्ग संख्या उसके नीचे ग्रन्थ संख्या का उल्लेख करते हैं। संग्रह संख्या यदि दी हुई होती है तो उसे वर्ग संख्या के ऊपर वाली रेखा अर्थात् द्वितीय काल्पनिक रेखा पर ग्रन्थ की तरह ही लिखते हैं। सामान्यतया विद्यार्थियों को परीक्षा की दृष्टि से संग्रह संख्या का उल्लेख नहीं करना है। इस तरह से क्रामक अंक के रूप में वर्ग संख्या एवं ग्रन्थ संख्या का ही उल्लेख समझना विद्यार्थियों के लिए प्रासंगिक है। निम्न उदाहरण के माध्यम से इसे सूची पत्रक में किस तरह से दर्शाया जाता है। अधिक सुस्पष्ट किया जा सकता है :

उदाहरण - American Music in the Twentieth Century
bu Kyle Gan

Call No. 780.973 GAN



2. **शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section) :**

इस अनुच्छेद में ग्रन्थ लेखन के लिए दायित्व विवरण का उल्लेख किया जाता है। मुख्यतः इसमें ग्रन्थ के लेखक के नाम का उल्लेख किया जाता है। यह सूचना अग्र रेखा पर प्रथम उर्ध्व रेखा से प्रारम्भ होती है तथा यदि यह सूचना अग्र रेखा पर पूर्ण नहीं होती तो उसकी अनुवर्ती सूचना को अगली पंक्ति पर तृतीय काल्पनिक उर्ध्व रेखा से अंकित किया जाता है। सूचीकरण की दृष्टि से लेखक के नाम में तीन भाग होते हैं।

(क) प्रविष्टि पद (Entry element) : इसके अन्तर्गत सबसे पहले लेखक का कुल नाम लिखते हैं। तत्पश्चात् चिन्ह के रूप में कामा (,) का प्रयोग करते हैं

(ख) गौण पद (Secondary element) : प्रविष्टि पद के पश्चात् कामा, (,) लगाकर लेखक का व्यक्तिगत नाम लिखा जाता है। उसके पश्चात् योजक चिन्ह के रूप में पुनः कामा (,) प्रयोग किया जाता है।

(ग) व्यष्टिकारक पद (Indivisulising element) : गौण पद के उपरान्त कामा (,) लगाकर यदि लेखक का जन्म एवं मृत्यु वर्ष दिया है तो लेखक का जन्म वर्ष उसके पश्चात् योजक चिन्ह के रूप में - (हाइफन) लगाकर मृत्यु वर्ष दोनों का उल्लेख कर (फुल स्टाप) लगाया जाता है। परन्तु यदि जन्म मृत्यु वर्ष का उल्लेख नहीं है तो गौण पद के उपरान्त (फुल स्टाप) नहीं लगाया जाता है। केवल जन्म वर्ष का उल्लेख होने की स्थिति में जन्म वर्ष का उल्लेख कर-(हाइफन) लगा दिया जाता है जो इस बात का प्रतीक है या तो लेखक जीवित है अथवा लेखक का मृत्यु वर्ष ज्ञात नहीं है। यह सूचना को सामान्य अक्षरों में लिपिबद्ध किया जाता है। इस अनुच्छेद को सूची पत्रक पर निम्न उदाहरण के माध्यम से और सुस्पष्ट किया जा सकता है।

उदाहरण - Building Trust by Ralpha Mathew Goldman (1876-1940)

	Goldman, Ralpha Mathew, 1876-1940.	

3. **आख्या एवं दायित्व कथन अनुच्छेद (Title and Statement of Responsibility Section) :**

द्वितीय अनुच्छेद की समाप्ति के पश्चात् अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से यह अनुच्छेद प्रारम्भ होता है तथा अनुवर्ती सूचना अगली पंक्ति पर प्रथम उर्ध्व रेखा से प्रारम्भ करते हुए अंकित की जाती है।

(1) आख्या (Title) : इस अनुच्छेद के अन्तर्गत तीन प्रकार की आख्या (Title) का उल्लेख किया जाता है।

(क) मुख्य आख्या (Title Proper) : इसके अन्तर्गत पुस्तक के मुख्य आख्या का उल्लेख करते हैं।

उदाहरण - Introduction to Public Administration

		Introduction to Public Administration

(ख) समानान्तर आख्या (Parallel Title) :

सामान्तर आख्या सामान्यतया मुख्य आख्या का दूसरी भाषा में अनुवाद होता है। मुख्य आख्या के पश्चात् योजक चिन्ह = (बराबर का चिन्ह) लगाकर सामान्तर आख्या का उल्लेख उसी भाषा में किया जाता है जिस भाषा में वह पुस्तक में अंकित है।

उदाहरण - Introduction to Public Administration—लोक प्रशासन परिचय

		Introduction to Public Administration = लोक प्रशासन परिचय

(ग) उप आख्या (Sub Title) :

उप आख्या को मुख्य आख्या/सामानान्तर आख्या के पश्चात् लिखने के पूर्व योजक चिन्ह के रूप में : (कोलन) का प्रयोग किया जाता है। यह सूचना पुस्तक के मुख्य पृष्ठ पर जिस रूप में दी हुई होती है उसी रूप में लिखी जाती है। इसे निम्नलिखित उदाहरण के माध्यम से अधिक स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है :-

उदाहरण - Introduction to Public Administration—लोक प्रशासन परिचय :

		Central and State Government
		Introduction to Public Administration = लोक प्रशासन परिचय : Central and State Government

(2) दायित्व कथन : मुख्य आख्या/समानान्तर आख्या / उप आख्या का उल्लेख करने के पश्चात् दायित्व कथन का उल्लेख करने के पूर्व योजक चिन्ह के रूप में तिरक्षी रेखा (/) (diagonal slash) का प्रयोग किया जाता है। दायित्व कथन का उल्लेख उसी क्रम में किया जाता है जिस क्रम में आख्या पृष्ठ (Title Page) पर वह अंकित रहता है। इस प्रकार तिरक्षी रेखा के प्रयोग के उपरान्त ग्रन्थ लेखन के लिए सर्व प्रमुख दायित्व लेखक का होता है। इसलिए उसके नाम का उल्लेख सामान्य शैली में किया जाता है। परन्तु यदि लेखक के साथ ही किसी सहकारक (Collaborator) का भी आख्या पृष्ठ पर उल्लेख है तो लेखक के नाम के उपरान्त; (Semicolon) लगाकर सहकारक के पद का सम्बोधन करते हुए उसके नाम का भी उल्लेख सामान्य शैली में किया जाता है। इसे निम्न उदाहरण से स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है:

उदाहरण - Theoritical Astronomy by Raghunath Jha,
Edited by Mohan Trivedi

		Theoritical Astronomy/ by Raghunath Jha; edited
	by	Mohan Trivedi

(4) संस्करण अनुच्छेद (Edition Section) :

आख्या एवं दायित्व कथन अनुच्छेद के पश्चात् .— (full stop space dash space) का चिन्ह लगाकर पुस्तक के संस्करण का उल्लेख निम्नवत् शैली में किया जाता है।

उदाहरण —

पुस्तक में दी गई सूचना	**सूची पत्रक में लिखने की शैली**
First Edition	उल्लेख नहीं करते

Second Edition	2nd ed
Third Edition	3rd ed.
Fourth revised edition	4th rev. ed.

ENGLISH POETRY

By

A. N. Dwivedi

Third edition

		English poetry/ by A. N. Dwivedi. – 3rd rev. ed.

5) प्रकाशन वितरण अनुच्छेद (Publication Distribution Section) :

संस्करण अनुच्छेद का उल्लेख करने के पश्चात् पुनः.— (full stop space dash space) लगाकर प्रकाशन वितरण अनुच्छेद का उल्लेख किया जाता है। इस अनुच्छेद में तीन सूचनाएं अंकित की जाती है।

(क) प्रकाशन/वितरण के स्थान का नाम

(ख) प्रकाशक/वितरक का नाम

(ग) प्रकाशन/ वितरण का वर्ष

प्रकाशन/वितरण स्थान के पश्चात् कोलन (:) योजक् चिन्ह लगाकर प्रकाशक/वितरक का नाम उसके पश्चात् कामा (,) योजक चिन्ह लगाकर प्रकाशन/वितरण वर्ष का उल्लेख किया जाता है।

टिप्पणी : तीसरा अनुच्छेद द्वितीय उर्ध्व रेखा से प्रारम्भ होकर अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम उर्ध्व रेखा से वापस पाँचवें अनुच्छेद तक होगी। इस प्रकार तीसरा चौथा एवं पाँचवा अनुच्छेद एक ही पैराग्राफ के रूप में अंकित किया जायेगा तथा एक अनुच्छेद को दूसरे

अनुच्छेद से अलग करने के लिए विभाजक के रूप में डॉट, स्पेस, डैश स्पेस (.–) योजक चिन्ह का प्रयोग किया जायेगा।

उदाहरण

MARKETING PLANS

By

Waren J. Keegan

Fourth edition

Butter worth, Bostan 1997

	.–B	Marketing plans/by Waren J. Keegan.–4th ed. ostan : Butter worth, 1997.

(6) भौतिक विवरण अनुच्छेद (Physical Description Section) :

पाँचवे अनुच्छेद की समाप्ति के पश्चात् अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से यह अनुच्छेद प्रारम्भ होता है। इसमें पुस्तक के भौतिक स्वरूप से सम्बन्धित निम्न तीन तत्वों का उल्लेख किया जाता है।

(अ) पृष्ठांकन (Pagination) : इस भाग में सर्वप्रथम पुस्तक के पृष्ठांकन की सूचना दी जाती है। जिसमें प्रारम्भिक पृष्ठ का उल्लेख लघु रोमन (Small Roman) में तथा मुख्य पृष्ठ का उल्लेख इंडो अरैबिक अंकों में निम्न प्रकार से किया जाता है।

पुस्तक में दी गई सूचना	**सूची पत्रक में लिखने की शैली**
280 पृष्ठ	280 p.
12 प्रारम्भिक पृष्ठ एवं 415 मुख्य पृष्ठ	xii, 415 p.

(ब) चित्रित सामग्री (Illustrative matter) : पृष्ठांकन विवरण के बाद यदि पुस्तक में चित्र वर्णन का भी उल्लेख है तो योजक चिन्ह कोलन (:) लगाकर ill का प्रयोग करते हैं।

(स) आकार (Size) : भौतिक विवरण अनुच्छेद में पृष्ठांकन एवं चित्र सामग्री का उल्लेख करने के पश्चात् आकार (size) वर्णन के लिए योजक चिन्ह सेमी कोलन (;) का प्रयोग किया जाता है। संलेख में सामान्यतया ग्रन्थ की ऊँचाई को सेन्टीमीटर में अंकित किया जाता है। यदि ग्रन्थ की ऊँचाई मिलीमीटर में दी हुई है तो उसे सेन्टीमीटर के अगले अंक में पूर्ण करके लिखा जाता है। सूची पत्रक पर इस सूचना का उल्लेख निम्नवत् किया जाता है :-

पुस्तक में दी गई सूचना	**सूची पत्रक में लिखने की शैली**
22 सेन्टीमीटर	;22cm.
19.9 सेन्टीमीटर	; 20 cm
14×18 सेन्टीमीटर	; 18 cm

इस प्रकार निम्न उदाहरण के माध्यम से भौतिक विवरण क्षेत्र को अधिक स्पष्ट समझा जा सकता है।

उदाहरण —

पृष्ठ विवरण	**आकार**
20 प्रारम्भिक पृष्ठ	16× 20 सेन्टीमीटर
210 मुख्य पृष्ठ	
8 चित्र वर्णन	

		xx, 210p.:8ill; 20cm

(7) ग्रन्थमाला अनुच्छेद (Series Section) :

भौतिक विवरण की समाप्ति के पश्चात् फुल स्टाप स्पेस डैस (.–) योजक चिन्ह लगाकर गोल कोष्ठक () के अन्तर्गत ग्रन्थमाला विवरण का उल्लेख होता है। सर्वप्रथम ग्रन्थमाला के मुख्य नाम का उल्लेख करते हैं तथा यदि ग्रन्थमाला के नाम के साथ दायित्व कथन (संपादक) का भी उल्लेख है तथा ग्रन्थमाला की पहचान के लिए आवश्यक है, तो दायित्व कथन का उल्लेख diagonal slash (/) लगाकर करते हैं। सामान्यतः ग्रन्थमाला के दायित्व कथन (सम्पादक) का उल्लेख ए॰ए॰सी.आर.-2 संशोधित के नियमानुसार नहीं किया जाता है। ग्रन्थमाला के नाम का उल्लेख करने के पश्चात् यदि संख्या अथवा वर्ष का उल्लेख है तो उसके अंकित करने के पूर्व योजक चिन्ह के रूप में सेमी कोलन (;) का प्रयोग किया जाता है। निम्न उदाहरण से इसे और स्पष्ट किया जा सकता है।

उदाहरण —

पृष्ठ	–	12 + 240
चित्र वर्णन	–	10 रंगीन चित्र
आकार	–	20 सेन्टीमीटर
ग्रन्थमाला	–	Medical progress series no. 4

xii, 240p.:10 col. ill; 20 cm .—(Medical Progress Series; no.4)

टिप्पणी : छठाँ एवं सातवाँ अनुच्छेद द्वितीय उर्ध्व रेखा से प्रारम्भ होकर एक ही पैराग्रॉफ में लिखा जाता है तथा अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम उर्ध्व रेखा से वापस की जाती है। छठवें एवं सातवें अनुच्छेद के मध्य विभाजेक के रूप में फुल स्टाप, स्पेस, डैस, स्पेस (.–) योजक चिन्ह प्रयुक्त होता है।

(8) टिप्पणी अनुच्छेद (Note Section) :

ग्रन्थमाला विवरण की समाप्ति के पश्चात् अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से इस अनुच्छेद के अन्तर्गत पुस्तक से सम्बन्धित वह सूचना जो पहले के अनुच्छेदों में वर्णित नहीं हो सकी है परन्तु उपयोगकर्ता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, उनका उल्लेख किया जाता है। उदाहरण के तौर पर सूचनायें निम्न प्रकार की हो सकती है।

(क) मुख्य आख्या का स्रोत (Source of Title proper)

(ख) आख्या में विभिन्नता (Variation in title)

(ग) पुस्तक प्रकाशन का इतिहास (History of book publication)

(घ) विषय वस्तु (Contents)

(ङ) वांग्ङमयी एवं अनुक्रमणी टिप्पणी (Bibliographic and Index note)

उदाहरण

MUGHAL HISTORY

By

Dr. R. S. Rana

Note : Previously it was published by the title Mughal Saltant

		Previously it was published by the title Mughal Saltanat

9. अन्तर्राष्ट्रीय मानक ग्रन्थ संख्या अनुच्छेद [(International Standard Book Number (ISBN)] Section : टिप्पणी अनुच्छेद की समाप्ति के पश्चात् अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से ISBN का उल्लेख निम्नानुसार किया जाता है।

उदाहरण —

ISBN 978 - 81 - 7000 - 567 - 4

		ISBN:978 - 81 - 7000 - 567 - 4

10. संकेत अनुच्छेद (Tracing Section) :

ISBN अनुच्छेद की समाप्ति के पश्चात् अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से यह अनुच्छेद प्रारम्भ होता है तथा अनुवर्ती पंक्तियाँ आवश्यकतानुसार प्रथम उर्ध्व रेखा से वापस होती है। प्रथमतः अरबी अंक 1 का प्रयोग कर विषय शीर्षक (Subject heading) जिसे Sears List of Subject Headings के द्वारा प्राप्त किया जाता है, का उल्लेख किया जाता है। उसके पश्चात् रोमन अंक I प्रयोग कर संयुक्त लेखक (Joint author) के नाम का उल्लेख किया जाता है। तद्श्चात् अगले रोमन अंक का प्रयोग कर सहकारक (Collaborator) यदि कोई है तो उसके नाम का उल्लेख करते हैं। उसके पश्चात् अगले रोमन अंक का प्रयोग कर Title एवं अगले रोमन अंक का प्रयोग कर यदि ग्रन्थमाला विवरण है तो series का उल्लेख करते हैं।

उदाहरण —

	III.	1. Subject Heading I. Jt. author II. Collaborator Title IV. Series

11. परिग्रहण संख्या अनुच्छेद (Accession Number Section) :

यह सूची पत्रक पर बायें हाशिये में अग्र रेखा के नीचे चतुर्थ पंक्ति पर अंकित किया जाता है। इसे निम्न उदाहरण से समझा जा सकता है।



नीचे दिये गये उदाहरण के माध्यम से मुख्य संलेख के समस्त अनुच्छेदों का सूचीपत्रक पर अंकन अधिक स्पष्टता के साथ समझा जा सकता है।

उदाहरण

AMERICAN MUSIC IN THE TWENTIETH CENTURY

Theory and Practice

By

Kyle Gaun

Robert Goldsmith

Edited by

John Patrick

Ed-4

CHICAGO

Sehrimer Books

1997

Other Information :-

Call No.	-	780.973 GAN
Acc. No.	-	24693
Pages	-	12 + 220

Size	-	24 cm
ISBN	-	002 - 884 - 6554
Series	-	Musical Series, 4
Note • Index on Page	-	210 - 220
• 4 Coloured illustrations		

780.973 GAN	Gaun, Kyle	
24693	American Music in the twentieth century : Theory and Practice / by Kyle Gaun and Robert Goldsmith; edited by John Patrick--4th ed.-- Chicago : Schrimer Books, 1997. xii, 220p. : 4 col. ill.; 24 cm.-- (Musical series; no.4) Index on page 210 - 220 ISBN: 002 - 864 - 6554 1. Music - American I. Goldsmith, Robert II. Patrik, John. III. Title IV. Series	

1.5.2 इतर संलेखों की संरचना (Structure of Added Entries) :

AACR-2 संशोधित में इतर संलेख का निर्माण अत्यन्त ही सुविधाजनक और सरल है। समस्त प्रकार के इतर संलेखों का निर्माण करते समय मुख्य संलेख के दो अनुच्छेदों - क्रामक अंक अनुच्छेद एवं शीर्षक अनुच्छेद अग्र रेखा (Leading line) पर ज्यों का त्यों अंकित किये जाते हैं। इसके अतिरिक्त शीर्षक अनुच्छेद अंकित करने के पश्चात् अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से Rest as in the main entry निर्देशक पद (Directing term) का उल्लेख किया जाता है।

ए॰ए॰सी॰आर॰-2 संशोधित में उपयोगकर्ताओं द्वारा अन्य अभिगमों (Approaches) की पूर्ति हेतु वर्णानुक्रमिक सूची (Alphabtical Catalogue) के अन्तर्गत निम्न प्रकार के इतर संलेखों के निर्माण का प्राविधान है।

1. विषय शीर्षक इतर संलेख (Subject Heading Added Entry)
2. संयुक्त लेखक इतर संलेख (Jt. Author Added Entry)
3. सहकारक इतर संलेख (Collaborator Added Entry)
   3.1 संपादक इतर संलेख (Editor Added Entry)
   3.2 अनुवादक इतर संलेख (Translator Added Entry)

3.3 संशोधनकर्ता इतर संलेख (Reviser Added Entry)

3.4 संकलक इतर संलेख (Compiler Added Entry)

3.5 चित्रकार इतर संलेख (Illustrator Added Entry)

4. आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

5. ग्रंथमाला इतर संलेख (Series Added Entry)

निम्नलिखित उदाहरणों के माध्यम से उपरोक्त प्रकार के सभी इतर संलेखों को अधिक स्पष्टता के साथ समझा जा सकता है :

इतर संलेखों की संरचना (Structure of Added Entries)

1. **विषय शीर्षक इतर संलेख (Subject Heading Added Entry)**

		MUSIC - AMERICAN
780.973 GAN	Gaun, Kyle	
		Rest as in the main entry

2. **संयुक्त लेखक इतर संलेख (Joint Author Added Entry) :**

		Gold Smith, Robert
980.973 GAN	Gaun, Kyle	
		Rest as in the main entry

3. **सहकारक (सम्पादक) इतर संलेख (Collaborator (Editor) Added Entry) :**

780.973 GAN	Gaun, Kyle	Patrick, John
		Rest as in the main entry

4. **आख्या इतर संलेख (Title Added Entry) :**

980.973 GAN	Gaun, Kyle	American Music in Twentieth Century
		Rest as in the main entry

5. **ग्रन्थमाला इतर संलेख (Series Added Entry) :**

980.973 GAN	Gaun, Kyle	Musical Series; no.4.
		Rest as in the main entry

1.5.3 संदर्भ संलेखों की संरचना (Structure of Added Entries) :

संदर्भ संलेख उपोगकर्ताओं को एक शीर्षक से दूसरे शीर्षक की ओर निर्दिष्ट करने वाला संलेख है। ए॰ए॰सी॰आर॰-2(आर॰) के अनुसार संदर्भ संलेख का कार्य एक शीर्षक से दूसरे शीर्षक की ओर निर्दिष्ट करना है। जिससे उपयोगकर्ता को सम्बन्धित अथवा अतिरिक्त सामग्री प्राप्त करने में सुविधा हो क्योंकि जिस शीर्षक के अन्तर्गत संलेख को प्रस्तुत किया गया होता है, उपयोगकर्ता उससे परिचित हो सकते हैं तथा नहीं भी हो सकते। ए॰ए॰सी॰आर॰-2(आर.) के नियम संख्या 26.0 के अनुसार निर्देश निम्नलिखित प्रकार के होते हैं :-

(क) देखिये निर्देश (See reference)

(ख) इसे भी देखिये निर्देश (See also reference)

(ग) नाम-आख्या निर्देश (Name - Title reference)

(घ) व्याख्यात्मक निर्देश (Explanatory reference) एवं

(ङ) देखिए एवं इसे भी देखिये निर्देश (See and See Also reference)

यह निर्देश उपयोगकर्ताओं व्यक्ति/समष्टि निकाय, रचना की उपआख्या, विषय या ग्रन्थमाला के नाम से उस नाम की ओर इंगित करता है जिस नाम से संलेख निर्मित किया जाता है। संलेख में अग्ररेखा (Leading line) पर उसे अंकित किया जाता है। जिससे ढूढ़ने की सम्भावना रहती है तथा देखिए (See) संदर्भ के बाद उस नाम को नियमानुसार अंकित किया जाता है जिस नाम से संलेख बनाया गया है। 'देखिए' संदर्भ में उपयोगकर्ता संदर्भित में संलेख को देखने के लिए बाध्य है जबकि इसे भी देखिये (see

also) निर्देश में लचीलापन है अर्थात् उपोगकर्ता की यदि आवश्यकता होगी तभी इस निर्देशों को मानेगा।

उदाहरण —

देखिये निर्देश

(See Reference)



इसे भी देखिये निर्देश

(See also Reference)



(ग) नाम आख्या निर्देश (Name Title Reference) : ऐसी आख्या जो व्यक्ति अथवा समष्टि निकाय के शीर्षक के अन्तर्गत बनाई गई है उसके लिए 'इसे देखिये' या 'इसे भी देखिये' संलेख बनाये जाँय तो इन्हें नाम आख्या निर्देश के रूप में जाना जाता है।

उदाहरण —

Gupta, R.C.	
	See Gupta, Ramu

उपरोक्त उदाहरण में शीर्षक (Title) के बाद के संस्करण (Ramu Gupta) के नाम से प्रकाशित हुये हैं।

(घ) व्याख्यात्मक निर्देश (Explanatory Reference) :

ए॰ए॰सी॰आर-2 संशोधित के नियम संख्या 26.2 डी॰1 के अनुसार जब अधिक विस्तृत निर्देश की आवश्यकता होती है तो निम्न प्रकार से व्याख्यात्मक निर्देश निर्मित किये जाते हैं।

उदाहरण —

Rao, Sita	
	For works of this author written in collaboration with Gita Rao See Two sisters.

	Rao, Gita	
	with Sita Rao See Two sisters.	For works of this author written in collaboration

1.6 विषय शीर्षक (Subject Headings) :

उपयोगकर्ता द्वारा पुस्तकालय में पाठ्य सामग्री खोजने के लिए विषय अभिगम (Subject Approach) का भी प्रयोग किया जाता है। विषय शीर्षक से तात्पर्य विषय को अभिव्यक्त करने वाला शब्द अथवा शब्द समूह जिसके अन्तर्गत शीर्षक के रूप में उस विषय से सम्बन्धित समस्त कृतियों की संलेख सूची अथवा ग्रन्थ संदर्भ सूची का बोध होता है।

उपयोगकर्ता की विषय अभिगम की सम्पूर्ति हेतु सूचीकार (Cataloguer) को विषय शीर्षक निर्माण के लिए विषय शीर्षक सूचियों का उपयोग करना होता है। विषय शीर्षक निर्माण हेतु दो विषय शीर्षक सूचियाँ प्रमुखतया प्रचलन में है।

(अ) लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हेडिंग्स (LCHS)

(ब) सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हेडिंग्स (SLSH)

उपरोक्त दोनों सूचियों में शैक्षणिक ग्रन्थालयों के लिए सामान्यता सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हेडिंग्स का प्रयोग अधिक लोकप्रिय है।

1.6.1 सीयर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हेडिंग्स (SLSH) :

इस विषय शीर्षक सूची को Mini Erl Sears द्वारा संकलित किया गया है। इसका वर्तमान संस्करण 18वाँ है जिसका प्रकाशन 2004 में हुआ। इसके सम्पादक Joseph Miller एवं सह सम्पादक John Goodsell है।

इस सूची का मुख्य उद्देश्य किसी विशिष्ट विषय से सम्बन्धित पुस्तक को उसका विषय शीर्षक प्रदान करना है। जिससे कि पाठक द्वारा विषय अधिगम की पूर्ति हो सके।

इस सूची में समाहित सभी विषय शीर्षकों का व्यवस्थापन वर्णानुक्रम (Alphabetical Order) में शब्दकोष की तरह A-Z तक है। संरचना की दृष्टि से इसके अन्तर्गत निम्नलिखित संकेत (Symbols) का प्रयोग किया गया है।

UF	=	Used for (के लिए)
SA	=	See Also (देखे भी)
BT	=	Broader Term (व्यापक पद)
NT	=	Narrow Term (सीमित पद)
RT	=	Related Term (सम्बन्धी पद)

इसके अन्तर्गत कुछ शीर्षक मोटे काले आकार के अक्षरों (Black-Bold face type letters) में दिये गये हैं। जिनका विषय शीर्षक बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है। जो शीर्षक हल्के अक्षरों (light face type) में दिये गये हैं उनका प्रयोग विषय शीर्षक बनाने के लिए नहीं किया जाता है।

1.7 विस्तृत अध्ययन हेतु ग्रन्थ सूची (Bibliography) :

1. Joint steering committee for revision of A.A.C.R. : Anglo-American Cataloguing Rules. 2nd ed. 1998 rev. Edited by Michael Groman and Paul W. Winkler, Canadian Library Association, 1988.
2. Krishna Kumar, Introduction to A.A.C.R.-2., Delhi, Vikas, Latest Edition.
3. सूद, एस॰ पी॰ क्रियात्मक सूचीकरण : ए॰ए॰सी॰आर॰-2 जयपुर, राज पब्लिशिंग हाउस, 2002 ।
4. गौतम, जे॰ एन॰ प्रैक्टिकल मैनुअल ऑफ ए॰ए॰सी॰आर॰-2 एसोसियेटंड पब्लिशिंग हाउस, 2011।

इकाई -2 : एकल व्यक्तिगत लेखक द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण (Cataloguing of Books by Single Personal Authors)

संरचना

2.0 उद्देश्य
2.1 एकल व्यक्तिगत लेखक से तात्पर्य
2.2 एकल व्यक्तिगत लेखक हेतु शीर्षक के वरण एवं उपकल्पन के नियम
2.3 सूचीकृत उदाहरण
2.4 अभ्यास हेतु मुखपृष्ठ
2.5 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रंथ सूची

2.0 उद्देश्य

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :-

1- एकल व्यक्तिगत लेखक से शिक्षार्थियों को अवगत कराना।

2- एकल व्यक्तिगत लेखक के शीर्षक का वरण एवं उपकल्पन हेतु नियमों से अवगत कराना

3- उदाहरण के माध्यम से एकल व्यक्तिगत लेखकों द्वारा रचित पुस्तकों को सूचीकृत करने की विधि को सरलता से समझाना।

2.1 एकल व्यक्तिगत लेखक से तात्पर्य

जब किसी ग्रन्थ में वर्णित समाहित तथ्यों एवं विचारों की अभिव्यक्ति की जिम्मेदारी मात्र एक व्यक्ति पर ही होती है तो उसको एकल व्यक्तिगत लेखक कहते हैं। प्रायोगिक सूचीकरण की दृष्टि से लेखक अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण है साथ ही उपयोगकर्ता द्वारा पुस्तकों की खोज हेतु यह प्रमुख अभिगम है। लेखक ही पुस्तक की विषय परक सूचना के लिए जिम्मेदार होता है। लेखक के रूप में एक लेखक, एक से अधिक लेखक सहकारक एवं समष्टि निकाय हो सकते हैं। प्रस्तुत अध्याय में हम एकल व्यक्तिगत लेखक के द्वारा लिखी हुई पुस्तकों के सूचीकरण के सन्दर्भ में नियमानुसार विवरण प्रस्तुत करेंगे।

2.2 एकल व्यक्तिगत लेखक हेतु शीर्षक के वरण एवं उपकल्पन के नियम

सूचीकरण के सामान्य नियमानुसार शीर्षक अनुच्छेद में लेखक के नाम के पूर्व आने वाले आदरसूचक, पदवीधारक अथवा अलंकरण पद को विलुप्त कर दिया जाता है। उदाहरणार्थ :

(अ) Dr. Ramesh Kumar Sharma

को

Sharma, Ramesh Kumar

(ब) Smt. Neera Chaudhari को

Chaudhari, Neera

प्रसूचीकरण करते समय लेखक के नाम में प्रविष्ट पद (entry element) का चयन करने के लिए सामान्य नियम है कि नियम संख्या 22.5A1 के अनुसार लेखक के नाम में कुल नाम यदि है तो कुलनाम को ही प्रविष्टि पद (entry element) के रूप में प्रयोग किया जायेगा।

Ramesh Kumar Joshi को

Joshi, Ramesh Kumar के रूप में

किसी भी लेखक के नाम में सामान्यतः दो या तीन भाग होते हैं। अन्तिम भाग को पारिवारिक नाम या कुलनाम की संज्ञा दी जाती है। सूचीकरण में कुल नाम को ही प्रविष्टि पद बनाया जाता है। अधोलिखित उदाहरण से प्रविष्टि पद को स्पष्ट किया जा सकता है।

नाम	सूचीकरण के उपकल्पन
Warner Patrick Stark	Stark, Warner Patrick
Waren J. Keegan	Keegan, Waren J.
Ralph M. Goldman	Goldman, Ralph M.
Kiran Bedi	Bedi, Kiran

कुछ पाश्चात्य नाम ऐसे होते हैं जिसमें यौगिक कुल नाम होता है। यौगिक

कुलनाम भी दो प्रकार के होते हैं। उन्हें निम्न उदाहरण के माध्यम से सूचीपत्रक में कैसे उपकल्पित किया जायेगा इसका उल्लेख निम्नवत् है।

नाम	सूचीकरण के उपकल्पन
Malcolm Mc Donald	Mc Donald, Malcolm
Sim We-Lu	We-Lu, Sim

भारतीय लोगों के नाम के सन्दर्भ में नियम संख्या 22.25 में उल्लेख है यदि लेखक का जन्म 19वीं शताब्दी के मध्य से पहले हुआ है तो ऐसे व्यक्तियों के नाम के प्रथम शब्द को प्रविष्ट पद बनाने की अनुशंसा है जैसे पाणिनि आर्यभट्ट आदि।

भारतीय सिख नामों के लिए यदि उसमें सिंह जुड़ा हुआ है तो उसे कुलनाम न मानते हुए नाम को सीधे-सीधे उपकल्पित किया जाता है जैसे-

नाम	सूचीकरण
करतार सिंह	करतार सिंह

2.3 सूचीकृत उदाहरण

उदाहरण

(एकल व्यक्तिगत लेखक)

Building Trust

An Introduction to Peacekeeping and Arms Control

RALPH M. GOLDMAN

ASHGATE PUBLISHERS

HAMPSHIRE, UK

1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	341.733 GOL
ACC NO.	94126
PAGES	357p
SIZE	26 cm
ISBN	18-85219-875

मुख्य संलेख (Main Entry)

341.733 GOL	Goldman, Ralph M.
	Building Trust : an Introduction to Peacekeeping and arms control/by Ralph M. Goldman .- Hampshire, V.K. : Ashgate Publishers, 1997
94126	357p.; 26cm
	ISBN: 18-85219-875
	1. International relation I. Title
	O

विषय इतर संलेख (Subject - Added Entry)

	INTERNATIONAL RELATIONS
341.733 GOL	Goldman, Ralph M.
	Rest as in the main entry.
	O

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

	Building Trust
341.733 GOL	Goldman, Ralph M.
	Rest as in the main entry.
	O

विषय संदर्भ संलेख (Subject Reference Entry)

	ARMS CONTROL	
		See INTERNATIONAL RELATIONS

	PEACE MOVEMENT	
		See INTERNATIONAL RELATIONS

महत्वपूर्ण बातें -

(1) मुख्य संलेख के शीर्षक (Heading) अनुच्छेद में लेखक के नाम को 22.43 के अनुसार उपकल्पित किया गया है।

(2) आख्या एवं दायित्व कथन अनुच्छेद में आख्या के बाद उप आख्या लिखते समय इसे : चिन्ह द्वारा अलग करते हुए इसका पहला अक्षर छोटा लिया गया है।

(3) इतर संलेख - आख्या में नियमानुसार उप आख्या (Subtitle) का प्रयोग नहीं किया गया है।

(4) इतर संलेख-विषय को Sears List of Subject Headings के अनुसार RT (Related term) सम्बन्धित पद के अनुरूप बनाया गया है।

उदाहरण 2

(एकल व्यक्तिगत लेखक एवं ग्रन्थमाला)

Marketing Plans that Work
Targeting Growth and Profitability

Malcolm Mc Donald

Management new book series. Edited by waren J. Keegan No. 8

BUTTERWORTH - HEINEMANN
BOSTON
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	658.802 MCD
ACC NO.	43126
PAGES	236p
SIZE	24 cm
ISBN	0750698284

मुख्य संलेख (Main Entry)

658.802 MCD	Mc Donald, Malcolm
43126	Marketing plans that work targeting growth and profitability/ by Malcolm Mc Donald.-Bostan : Butterworth - Heinemann,1997 236p.; 24cm .- (Management new book series; no. 8) ISBN: 0750698284 1. Business I. Title II. series O

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

658.802 MCD		BUSINESS. Mc Donald, Malcolm.
		Rest as in the main entry. O

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

858.802 MDC		Marketing plans that work targeting growth and profitability. Mc Donald, Malcolm
		Rest as in the main entry. O

ग्रन्थमाला इतर संलेख (Series Added Entry)

858.802 MDC		Management new book series ; no. 8. Mc Donald, Malcolm.
		Rest as in the main entry. O

महत्वपूर्ण बातें -

(1) मुख्य संलेख के ग्रन्थमाला अनुच्छेद में सूचना नियमानुसार अंकित है। ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित में ग्रन्थमाला के सम्पादक को मुख्य संलेख में अंकित नहीं किया जाता। तद्नुसार इससे इतर संलेख भी नहीं बनाये जाते।

(2) इतर संलेख - आख्या में आख्या यदि एक पंक्ति पर नहीं समाहित होती तो अनुवर्ती सूचना अगली पंक्ति पर तृतीय काल्पनिक रेखा से अंकित की जाती है।

(3) इतर संलेख-विषय में Sears list of Subject Heading के BT व्यापक पद (Border Term) के अनुसार विषय Business का उल्लेख किया गया है। क्योंकि (Marketing) विषय आख्या का प्रथम शब्द है इसलिए उसका प्रयोग न करके व्यापक पद BT प्रयोग में लाया गया है।

उदाहरण 3

(एकल व्यक्तिगत लेखक के साथ सहकारक)

Speeding the Net

The Inside Story of Netscape and How it Challenged Microsoft

by

JOSHUA QUITTNER

Edited by

MICHELLE SLATALLA

ATLANTIC MONTHLY PRESS

BERKELEY

1998

OTHER INFORMATION

CALL NO.	004.67 QUI
ACC NO.	24612
PAGES	xi, 323 p
SIZE	24 cm
ISBN	08-71137-097

Note : Index on page no. 320-323

मुख्य संलेख

004.67 QUI	Quittner, Joshua.	
		Speeding the net : the inside story of netscap and how it challenged Microsoft / by Joshua Quittner; edited by Michelle Slatalla .– Berkeley : Atlantic Monthly Press, 1998.
24612		xi, 323p; 24cm
		Index on page no. 320-323. ISBN: 08-71137 - 097
		1. Internet I. Slatalla, Michelle II. Title
		○

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

		INTERNET
004.67 QUI	Quittner, Joshua.	
		Rest as in the main entry.
		○

सहकारक (संपादक) इतर संलेख (Editor Added Entry)

		Slatalla, Michelle
004.67 QUI	Quittner, Joshua.	
		Rest as in the main entry.
		○

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

004.67 QUI		Speeding the net. Quittner, Joshua
		Rest as in the main entry. O

विषय संदर्भ संलेख (Subject Reference Entry)

	COMPUTER NETWORK	
		See INTERNET O

महत्वपूर्ण बातें -

(1) मुख्य संलेख में टिप्पणी अनुच्छेद के अन्तर्गत Index की सूचना प्रदान की गई है।

(2) नियमानुसार संपादक के लिए इतर संलेख का निर्माण किया गया है।

(3) अन्य सभी इतर संलेख नियमानुसार बनाये गये हैं।

(4) Sears List of Subject Headings के निर्देशानुसार विस्तृत पद BT के अनुसार Computer Networks हेतु संदर्भ संलेख-विषय का निर्माण किया गया है।

उदाहरण 4

(एकल व्यक्तिगत लेखक - दो सहकारक के साथ)

Introduction to Inorganic Chemistry

by

Dr. Arun Shukla

Associate Professor, University of Allahabad, Allahabad

Edited by

Prof. J. D. Pandey and Prof. I.C. Shukla

Edition 6

SCIENCE PUBLISHERS

VARANASI - 2010

OTHER INFORMATION

CALL NO.	546 SHU
ACC. NO.	99346
PAGES	8, 336
SIZE	14 x 17.6 cm
ISBN	81-76600 - 572

Note : 10 coloured illustrations

मुख्य संलेख (Main Entry)

546 SHU	Shukla, Arun
99346	Introduction to Inorganic Chemistry/ by Arun Shukla; edited by J.D. Pandey and I.C. Shukla.-6th ed.- Varanasi : Science Publisher, 2010. viii, 336p. : 10 col. ill; 18 cm. ISBN: 81.76600-572 1. Chemistry-Inorganic I. Pandey, J.D. II. Shukla, I.C. III. Title O

विषय शीर्षक इतर संलेख (Subject Heading Added Entry)

546 SHU	Shukla, Arun.	CHEMISTRY- INORGANIC
		Rest as in the main entry.
		O

सहकारक इतर संलेख (संपादक-1) Collaborator (Editor-1) Added Entry

546 SHU	Shukla, Arun.	Pandey, J. D.
		Rest as in the main entry.
		O

सहकारक इतर संलेख (संपादक-2) Collaborator (Editor-2) Added Entry

546 SHU	Shukla, Arun.	Shukla, I.C.
		Rest as in the main entry.
		O

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

546 SHU	Shukla, Arun.	Introduction to Inorganic Chemistry
		Rest as in the main entry.

महत्वपूर्ण बातें -

(1) मुख्य संलेख - में नियमानुसार लेखक के नाम के पूर्व का पदनाम विलुप्त कर दिया गया है साथ ही उनका कार्यालयी पद तथा संस्था के नाम से भी सूचीकार का कोई सम्बन्ध नहीं है।

(2) मुख्य संलेख - में दायित्व कथन क्षेत्र के अन्तर्गत लेखक के नाम के पश्चात ; (सेमी कोलन) योजक चिन्ह लगाते हुए पहले सम्पादक का नाम and दूसरे संपादक के नाम का उल्लेख नियमानुसार किया गया है। साथ ही इन दोनों संपादकों के नाम का उल्लेख संकेत अनुच्छेद में उसी क्रम में आयेगा जिस क्रम में वे आख्या पृष्ठ पर अंकित है।

(3) भौतिक विवरण क्षेत्र के अन्तर्गत पृष्ठ वर्णन के पश्चात् योजक चिन्ह : (कोलन) लगाकर चित्र वर्णन हेतु 10.Col. ill का प्रयोग किया गया है।

2.4 अभ्यास हेतु मुख पृष्ठ

मुख 1

(एकल व्यक्तिगत लेखक)

The Age of God-Kinds
Time Frame 3000-1500 B.C.

By
Ellen Kittle

Alexandria, VA
Time - Life Books
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	909 AGE
ACC. NO.	73524
PAGES	xii, 178p
SIZE	29 cm
ISBN	08-09464-004

उदाहरण 2

(एकल व्यक्तिगत लेखक-सहकारक एवं ग्रंथमाला सहित)

Living with China : US China Relations in the Twenty-First Century

By

Ezra F. Vogel

Second Edition

Revised by

Alexander O Stern

New York

Norton Publishing House

1987

OTHER INFORMATION

CALL NO.	327.73051 LIV
ACC. NO.	43326
PAGES	xii, 336p
SIZE	24 cm
ISBN	08-09464-004

Note : Norton Series in International Relations XI

उदाहरण 3

(एकल व्यक्तिगत लेखक एवं दो विभिन्न प्रकार के सहकारक)

Daughter of Africa : An International Anthology Words and Writing By Women of African Descent From the Ancient Egyptian to the Present

By
MARGARET BUSBY

(Second Revised Edition)
Revised by
Arnold Sommerfield

Illustrated by
Mary A. Syndem

NEW YORK
PANTHEON BOOKS
1992

OTHER INFORMATION

CALL NO.	808.8 DAU
ACC. NO.	74612
PAGES	xi, 1089 p
SIZE	24 cm
ISBN	06-79416-34X

उदाहरण 4

(योजकीय कुलनाम वाला एकल व्यक्तिगत लेखक एवं ग्रंथमाला)

Henry James's Last Romance : Making Sense of the Past and the American Scene

By

Cecil Day - Lewis

CAMBRIDGE UNIVERSITY PRESS
CAMBRIDGE
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	813.4 JAM
ACC. NO.	24691
PAGES	275 p
SIZE	24 cm
ISBN	0-521-563380

Note : Cambridge Paper back Book Series
Edited by Elsa Engarvi - Havio. No. 6

उदाहरण 5

(एकल व्यक्तिगत लेखक एवं दो भिन्न प्रकार के सहकारक)

एकल व्यक्तिगत लेखक द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण

Early Communication Skills for Children with Down's Syndrome : A Guide for Parents and Professionals

Fourth Revised Edition

By
LIBBY KUMIN

Revised by
John d. Craft

Illustrated by
Marlin K. Gowing

WOODBINE HOUSE
BETHESDA, MD
2003

OTHER INFORMATION

CALL NO.	618.928 KUM
ACC. NO.	62164
PAGES	xiii, 368 p
SIZE	27 cm
ISBN	18-9062-7275

2.5 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रन्थ सूची

1. IGNOU : A.A.C.R.-2 Rev.-Part 2 (BLIS Course Material).

2. Joint Steering Committee for Revision of A.A.C.R.-2nd rev.ed., 1998. Edited by ichael Gorman and Paul W. Winkler, Ottawa, Canadian Library Association, 1998.

3. गौतम, ज़े. एन, एवं निरन्जन सिंह : एडवान्स कैटलागिंग, आगरा, वाई.के. पब्लिशर्स, 1998

4. सूद, एस. पी. : क्रियात्मक सूचीकरण ए.ए.सी.आर.-2, जयपुर, राज पब्लिशिंग हाउस, 2002

5. वर्मा , ए. के. : प्रयोगात्मक ए.ए.सी.आर.-2, रामपुर, सेन्ट्रल बुक हाउस, 1998

इकाई -3 : संयुक्त व्यक्तिगत लेखकों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण (Cataloguing of Books by Joint Personal Authors)

संरचना

3.0 उद्देश्य

3.1 संयुक्त व्यक्तिगत लेखकों का अर्थ एवं परिभाषा

3.2 संयुक्त व्यक्तिगत लेखकों के शीर्षक का वरण एवं उपकल्पन

3.3 सूचीकृत उदाहरण

- 3.3.1 दो व्यक्तिगत लेखक
- 3.3.2 तीन व्यक्तिगत लेखक
- 3.3.3 तीन से अधिक व्यक्तिगत लेखक

3.4 अभ्यास हेतु मुखपृष्ठ

3.5 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रंथ सूची

3.0 उद्देश्य

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :-

1- संयुक्त व्यक्तिगत लेखक का अर्थ स्पष्ट कर परिभाषित करना।

2- संयुक्त व्यक्तिगत सहलेखकों के प्रकारों को निष्पादित कर उनके वरण एवं उपकल्पन के नियमों की विवेचना करना।

3.1 संयुक्त व्यक्तिगत लेखकों का अर्थ एवं परिभाषा (Meaning and Definition of Joint Personal Authors)

जब किसी ग्रन्थ की रचना दो या दो से अधिक व्यक्तिगत लेखकों द्वारा की जाती है तो उन्हें व्यक्तिगत सहलेखक की संज्ञा दी जाती है। सूचीकरण की भाषा में ऐसे लेखकों के लिए Joint Authorship अथवा Shared authorship अथवा Multiple authorship का भी नाम दिया जाता है। A.A.C. R-2 संशोधित के नियम 21.6A के अन्तर्गत इस प्रकार की कृतियों के सूचीकरण हेतु विस्तृत रूप में चर्चा की गई है।

ए.ए.सी.आर-2 संशोधित में संयुक्त व्यक्तिगत लेखकों को निम्न प्रकार से परिभाषित किया गया है "वह व्यक्ति जो ऐसे ग्रन्थ की रचना के लिए एक अथवा अधिक व्यक्तियों के साथ सहयोग करता है, जिसमें प्रत्येक सहयोगी का कार्य स्वागत योग्य होता है।"

3.2 संयुक्त व्यक्तिगत लेखकों के शीर्षक का वरण एवं उपकल्पन (Choice and Rendering of Joint Personal Authors)

ए.ए.सी.आर-2 संशोधित में संयुक्त व्यक्तिगत लेखकों द्वारा रचित पुस्तकों को सूचीकरण की दृष्टि से दो भागों में विभक्त किया गया है :-

(अ) प्रमुख दायित्व का संकेत (Principle Responsibility Indicated)

(ब) प्रमुख दायित्व के संकेत का अभाव (Principle Responsibility not indicated)

उपरोक्त दोनों भागों को विस्तृत रूप से निम्न प्रकार से अधिक स्पष्ट किया जा सकता है :-

(अ) प्रमुख दायित्व का संकेत :-

ए.ए.सी.आर-2 संशोधित के नियम सं0 21.6B के अनुसार यदि एक से अधिक लेखक संयुक्त रूप से पुस्तक लेखन के लिए जिम्मेदार हैं और आख्या पृष्ठ पर एक लेखक के नाम को काले गहरे अक्षर (Black & Bold) में उल्लिखित किया गया है। यद्यपि के दोनों लेखकों के नाम के क्रम में भले ही वह लेखक नीचे के क्रम में हो परन्तु उसके नाम लिखने की शैली के आधार पर उसे विशिष्टता प्रदान की गई है तो उसे ही प्रमुख लेखक मानते हुए शीर्षक का निर्माण उसी के नाम के अन्तर्गत किया जायेगा। उदाहरण स्वरूप :-

Theory of Classification

by

Dr. S. K. Sharma

and

PROF. JAI RAM GHOSH

उपरोक्त उदाहरण में दो लेखक दिये गये हैं परन्तु नीचे के लेखक के नाम को आख्या पृष्ठ पर प्रस्तुतीकरण के आधार पर विशिष्टता प्रदान की गई है अतः नियमानुसार JAIRAM GHOSH के नाम से मुख्य संलेख के शीर्षक का निर्माण होगा तथा दूसरे लेखक S. K. Sharma के नाम से इतर संलेख संयुक्त लेखक के अन्तर्गत निर्मित किया जायेगा।

(ब) प्रमुख दायित्व के संकेत का अभाव :-

ए.ए.सी.आर-2 संशोधित के नियम संख्या 21.6C के अनुसार यदि किसी पुस्तक की रचना में एक से अधिक सहलेखक हैं और उनमें से किसी भी लेखक का आख्या पृष्ठ पर लेखन के आधार पर प्रमुख लेखक का दायित्व स्पष्ट नहीं हो रहा है तो ऐसी स्थिति में लेखकों के नाम के क्रम में जो सर्वप्रथम है उसी के नाम से पुस्तक के मुख्य संलेख के शीर्षक अनुच्छेद का निर्माण किया जायेगा तथा दूसरे लेखक के द्वारा इतर संलेख संयुक्त लेखक का निर्मित किया जायेगा।

उदाहरणार्थ -

Book of Botany

by

Nirmal Khatri

and

Komal Pandey

उपरोक्त उदाहरण में दोनों ही लेखकों का नाम एक जैसी शैली में लिखा गया अतः नियमानुसार प्रथम लेखक Nirmal Khatri के अन्तर्गत मुख्य संलेख के शीर्षक का निर्माण किया जायेगा एवं Komal Pandey के नाम से संयुक्त लेखक इतर संलेख का निर्माण किया जायेगा।

3.3 सूचीकृत उदाहरण (Catalogued Examples)

3.3.1 दो व्यक्ति लेखक : प्रमुख दायित्व के संकेत का अभाव

उदाहरण 1

The People vs. Big Tobacco : How the States took on the Cigarette Gaints

By
Carrick Mallenkamp
Adam Levy

Bloomberg Press
Willingston, UT
1998

OTHER INFORMATION

CALL NO.	346. 73038 PEO
ACC. NO.	64312
PAGES	xi, 334 p.
SIZE	26 cm
ISBN	15-76600-572

मुख्य संलेख (Main Entry)

346.73038 PEO	Mollenkamp, Carrick.
64312	The people vs. big tobacco :how the States took on the cigarette giants/by Carrick Mollenkamp and Adam Levy.- Willingston: Bloomberg Press, 1998. xi, 334p.; 26 cm ISBN : 15-76600-572 1. Tobacco habit I. Levy, Adam II. Title O

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

346.73038 PEO		TOBACCO HABIT Mollenkamp, Carrick.
		Rest as in the main entry. O

सहलेखक इतर संलेख (Joint Author Added Entry)

346.73038 PEO		Levy, Adam. Mollenkamp, Carrick.
		Rest as in the main entry. O

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

346.73038 PEO		The people vs big tobacco Mollenkamp, Carrick
		Rest as in the main entry. O

महत्वपूर्ण बातें -

(1) पुस्तक के आख्या पृष्ठ पर दो सहलेखकों के नाम दिये गये हैं, परन्तु शैली की दृष्टि से किसी भी लेखक का मुख्य दायित्व स्पष्ट नहीं हो रहा है ऐसी स्थिति में नियमानुसार प्रथम लेखक के नाम के अन्तर्गत शीर्षक अनुच्छेद का निर्माण किया गया है।

(2) नियम से 21.30A के अनुसार दूसरे सहलेखक के नाम से इतर संलेख संयुक्त लेखक का निर्माण किया गया है।

(3) उत्तरदायित्व क्षेत्र में दोनों लेखकों का नाम उसी क्रम में लिखा गया है जिस क्रम में आख्या पृष्ठ पर अंकित है एवं दोनों लेखकों के नाम को and योजक शब्द द्वारा जोड़ा गया है।

उदाहरण 2

(दो व्यक्तिगत लेखक-प्रमुख दायित्व का संकेत)

Mathematical Methods of Quantum Optics

By
George Friedman
JOHN BAKER

Edited by
Colin Chapman
Edition - 3rd

SPRINGER
London
2010

OTHER INFORMATION

CALL NO.	535. 201 BAK
ACC. NO.	12945
PAGES	ix, 440
SIZE	20.3 cm

मुख्य संलेख (Main Entry)

535.201 BAK	Baker, John.	
		Mathematical methods of quantum optics / by George Friedman and John Baker; edited by Colin Chapman. - 3rd ed.- London : Springer, 2010
24612		ix, 440p.; 21 cm
		1. Quantum optics - Mathematics I. Friedman, George II Chapman, Colin III. Title
		O

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

		QUANTUM OPTICS - MATHEMATICS
535.201 BAK	Beaker, John.	
		Rest as in the main entry.
		O

सहलेखक इतर संलेख (Joint Author Added Entry)

		Friedman, George.
535.201 BAK	Beaker John.	
		Rest as in the main entry.
		O

संपादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

535-201 BAK		Chapman, Colin. Beaker, John.
		Rest as in the main entry. O

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

535.201 BAK		Mathematial methods of quantum optics. Beaker, John.
		Rest as in the main entry. O

महत्वपूर्ण बातें -

(1) पुस्तक के आख्या पृष्ठ पर दो सहलेखकों का उल्लेख है जिनमें दूसरे सहलेखक के नाम के उल्लेख की मुद्रण शैली अलग है। इस प्रकार नियम संख्या 21.601 के अनुसार मुख्य लेखक के रूप में द्वितीय सहलेखक को मानते हुए उसके नाम से शीर्षक अनुच्छेद का निर्माण किया गया है एवं दायित्व कथन क्षेत्र में आख्या पृष्ठ पर जिस क्रम में लेखक के नाम का उल्लेख है उसी क्रम में सामान्य शैली में प्रथम लेखक का नाम and द्वितीय लेखक के नाम का उल्लेख किया गया है।

(2) नियम संख्या 21.30A1 के अनुसार दूसरे सहलेखक के नाम से इतर संलेख-सहलेखक का निर्माण किया गया है।

(3) नियम संख्या 2.5D1 के अनुसार ग्रन्थ के आकार (ऊंचाई) दशमलव भिन्न (20.3 सेमी) रूप में दी गई है तो उसे अगले सेन्टीमीटर अंक में पूर्ण करके (21सेमी) उल्लिखित किया गया है।

3.3.2 तीन व्यक्तिगत लेखक :

जब किसी पुस्तक के आख्या पृष्ठ पर तीन लेखकों का उल्लेख हो तो सूचीकरण के दृष्टि से नियमानुसार दो स्थितियाँ प्रकट होती हैं।

(अ) यदि तीनों लेखकों के नामों का उल्लेख मुद्रण शैली की दृष्टि से एक जैसा हो तो ऐसी स्थिति में प्रथम लेखक के नाम से शीर्षक अनुच्छेद का निर्माण किया जाता है एवं दायित्व कथन अनुच्छेद में आख्या पृष्ठ पर जिस क्रम में तीनों लेखकों का उल्लेख है उसी क्रम में प्राकृतिक शैली में प्रथम लेखक का नाम, (कामा) द्वितीय लेखक का नाम and तृतीय लेखक के नाम का उल्लेख करते हैं। द्वितीय एवं तृतीय लेखक के नाम से अलग-अलग इतर संलेख-सहलेखक का निर्माण करते हैं।

उदाहरण - 3

(तीन व्यक्तिगत लेखक-प्रमुख दायित्व का संकेत का अभाव)

X-ray Radiation of highly charged ions

By

Henrich F Beyer

H. J. Kluge

V. P. Shevelko

Edition - 3rd

London, Springer 2009

OTHER INFORMATION

CALL NO.	539.722 BEY
ACC. NO.	29956
PAGES	xii, 240
SIZE	20 cm

Note : Springer series on atomic, optical and plasma physics No. 19.

मुख्य संलेख (Main Entry)

539.722 BEY	Beyer, Henrich F.
23956	X-ray radiation of highly charged ions / by Henrich F. Byer, H. J. Kulge, and V. P. Shevelko. - 3rd ed.-London : Springer, 2009. xii, 240p.; 20 cm. - (Springer series on atomic, optical and plasma physics; no. 19). 1. Radiation I. Kluge, H.J. II. Shevelko, V. P. III. Title IV. series.

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

539.722 BEY	RADIATION Beyer, Henrich F.
	Rest as in the main entry.

सहलेखक इतर संलेख (Collaborator Added Entry)

539.722 BEY	Kluge, H. J. Beyer, Henrich F.
	Rest as in the main entry.

सहलेखक इतर संलेख (Collaborator Added Entry)

539.722 BEY		Shevelko, V. P. Beyer, Henrich F.
		Rest as in the main entry. ○

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

539.722 BEY		X-ray radiation of highly charged ions Beyer, Henrich F.
		Rest as in the main entry. ○

ग्रन्थमाला इतर संलेख (Series Added Entry)

539.722 BEY		Springer series on atomic, optical and plasma physics; no. 19. Beyer, Henrich F.
		Rest as in the main entry. ○

महत्वपूर्ण बातें -

(1) नियम संख्या 1.6 के अनुसार ग्रन्थमाला का उल्लेख किया गया है तथा इतर संलेख-ग्रन्थमाला का निर्माण करते समय अग्र रेखा के ऊपर जब ग्रन्थमाला का उल्लेख एक पंक्ति पर नहीं हो पाता तो अनुवर्ती पंक्तियाँ तृतीय काल्पनिक रेखा से वापस की गई हैं।

(ब) जब पुस्तक में तीन लेखकों का उल्लेख है तथा कोई एक लेखक भले ही क्रम में नीचे हो परन्तु मुद्रण शैली की दृष्टि से विशिष्ट दिखे तो ऐसे लेखक को प्रमुख लेखक के रूप में नियमानुसार मानते हुए शीर्षक अनुच्छेद का निर्माण इसी लेखक के अन्तर्गत किया जाता है। परन्तु दायित्व कथन क्षेत्र में हम लेखकों के नाम का उल्लेख आख्या पृष्ठ पर दिये गये क्रमानुसार ही - पहले लेखक का नाम, (कामा) दूसरे लेखक का नाम and तीसरे लेखक का नाम लिखते हैं। साथ ही शीर्षक अनुच्छेद में उल्लिखित लेखक के अतिरिक्त शेष दोनों लेखकों के नाम से इतर संलेख-सहलेखक का निर्माण करते हैं।

उदाहरण - 4

(तीन व्यक्तिगत लेखक-प्रमुख दायित्व का संकेत)

Meta Cognition and Human Performance

By

D. L. Forrest Pressley

G. E. MACKINON

T. Gary Waller

4th Edition

1985

Academic Press

New York

OTHER INFORMATION

CALL NO.	153 MAC
ACC. NO.	133926
PAGES	xiii, 280
SIZE	21 cm

Note : Originaly published by Macmillan, London in 1962.

मुख्य संलेख (Main Entry)

153 MAC	Mackinon, G.E.
133926	Meta cognition and human performance / by D.L. Forrest Pressley, G. E. Mackinon and T. Gary Waller. - 4th ed. - New York : Academic Press, 1985. viii, 280p., 21 cm Originally published by Macmillan, London in 1962. 1. Cognitive styles. I Pressley, D.L. Forrest II. Waller, T. Gary III Title ○

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

153 MAC	COGNITIVE STYLES Mackinon, G.E.
	Rest as in the main entry. ○

सहलेखक इतर संलेख (Joint Author Added Entry)

153 MAC	Pressley, D. L. Forrest Mackinon, G.E.
	Rest as in the main entry. ○

सहलेखक इतर संलेख (Joint Author Added Entry)

153 MAC		Waller, T. Gary Mackinon, G.E.
		Rest as in the main entry.

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

153 MAC		Meta cognition and human performance Mackinon, G.E.
		Rest as in the main entry.

महत्वपूर्ण बातें -

(1) नियम संख्या 21.6B1 के निर्देशानुसार आख्या पृष्ठ पर दिये गये तीन लेखकों के नाम में क्रम संख्या-2 पर अवस्थित लेखक का नाम मुद्रण शैली की दृष्टि से प्रमुख लेखक के रूप में स्पष्ट होता है। अतः शीर्षक अनुच्छेद का निर्माण प्रमुख लेखक के नाम से किया गया है एवं दायित्व कथन क्षेत्र में तीनों लेखकों का नाम आख्या पृष्ठ के क्रमानुसार अंकित किया गया है। शीर्षक अनुच्छेद में प्रयुक्त लेखक के नाम के अतिरिक्त शेष दोनों लेखकों के नाम से इतर संलेख-सहलेखक का निर्माण किया गया है।

(2) टिप्पणी अनुच्छेद में नियम संख्या 1.7A3 के अनुसार पुस्तक में प्रकाशन का इतिहास का उल्लेख किया गया है।

3.3.3 तीन से अधिक व्यक्तिगत लेखक

एंग्लो अमेरिकन कैटलागिंग रूल्स-2 संशोधित के नियम संख्या 21.6C2 में तीन से अधिक लेखकों के द्वारा रचित पुस्तकों के सूचीकरण में सम्बन्ध में निम्नलिखित नियमों का उल्लेख किया गया है।

क. प्रमुख लेखक का बोध नहीं

(अ) यदि तीन से अधिक लेखकों के बीच में मुद्रण शैली की दृष्टि से किसी प्रमुख लेखक का बोध नहीं होता तो ऐसी स्थिति में शीर्षक अनुच्छेद का निर्माण आख्या के अन्तर्गत किया जायेगा।

(ब) शीर्षक का निर्माण जब आख्या के अन्तर्गत होता है तो प्रकाशन वितरण अनुच्छेद तक निलम्बी शीर्षक (hanging indention) का प्रयोग किया जाता है तात्पर्य शीर्षक अनुच्छेद की अनुवर्ती पंक्तियाँ द्वितीय उध्वरिखा से वापस की जाती है।

(स) दायित्व कथन क्षेत्र में शीर्षक विवरण के पश्चात / लगाकर पहले लेखक के नाम का उल्लेख कर ... (three dots) और [et. al.] का प्रयोग करते हैं।

(द) संकेत अनुच्छेद में पहले लेखक के नाम से इतर संलेख लेखक का निर्माण करते हैं एवं चूंकि आख्या से शीर्षक का निर्माण हुआ रहता है, इसलिए संकेत अनुच्छेद में इतर संलेख आख्या का निर्माण नहीं किया जाता और न ही इतर संलेख को बनाया जाता है।

उदाहरण-5

(तीन से अधिक व्यक्तिगत लेखक, प्रमुख दायित्व के संकेत का अभाव)

The Intelligence Edge : How to Profit in the Information Age

By

Estell Lentin
Karen Mcmahon
Robert - Henary
Meredith Friedman

Victoria B.C. Crown Publication Canada, 1997.

OTHER INFORMATION

CALL.NO.	658.47 INT
ACC. NO.	34669
PAGES	xi, 276
SIZE	22 cm
ISBN	06-09600 - 753

मुख्य संलेख (Main Entry)

658.47 INT	The	intelligence edge : how to profit in the informa-
		tion age / by Estell Lentin... [et.al.] .-Victoria, B.C., Canada: Crown Publication, 1997.
34669		xi, 276p.; 22 cm
		ISBN 06-09600-753
		1. Profit - Management I. Lentin, Estell
		○

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

		PROFIT-MANAGEMENT
658.47 INT	The	intelligence edge
		Rest as in the main entry.
		○

सहलेखक इतर संलेख (Joint Author Added Entry)

		Lentin, Estel
658.47 INT	The	intelligence edge
		Rest as in the main entry.
		○

महत्वपूर्ण बातें -

(1) नियम संख्या 1.4C3 के नियमानुसार यदि आख्या पृष्ठ पर प्रकाशन वितरण स्थान पर शहर के साथ देश के नाम का भी उल्लेख तो शहर, (कामा) देश दोनों का उल्लेख प्रकाशन वितरण अनुच्छेद में किया जाता है।

2) नियमानुसार ISBN अनुच्छेद में ISBN का उल्लेख किया गया है।

3) अन्य इतर संलेख पूर्व वर्णित नियमानुसार निर्मित किये गये हैं।

ख) प्रमुख लेखक का बोध

यदि किसी पुस्तक में तीन से अधिक सह लेखक हैं एवं उनमें से किसी एक ोखक का नाम मुद्रण शैली के आधार पर विशिष्ट प्रतीत होता हो तो उसे प्रमुख लेखक ी कृति माना जाता है। ऐसी स्थिति में नियम संख्या 21.6B1 के अनुसार मुख्य संलेख ा निर्माण प्रमुख लेखक के अन्तर्गत किया जाता है साथ ही नियम संख्या 1.1F5 के ानुसार दायित्व कथन अनुच्छेद में पहले सहलेखक के नाम के पश्चात ... (three ots) लगाकर वर्गाकार कोष्ठक में [et.al.] लिखा जाता है।

उदाहरण - 6

(तीन से अधिक व्यक्तिगत लेखक-प्रमुख दायित्व का संकेत)

Plant Resources for food

By

Robert Henary

Richard Alken

JUDITH MILNER

Jackies Batman

Edited by

Dana L. Stuchul

2nd Edition

London, Earthscan, 2009

THER INFORMATION

CALL NO.	580 MIL
ACC. NO.	5296
PAGES	xii, 180
SIZE	22 cm

Note : Contains illustration

मुख्य संलेख (Main Entry)

580 MIL	Milner, Judith.
5296	Plant resource for food / by Robert Henary ... [et. al.]; edited by Dana L. Stuchul .- 2nd ed.- London : Earthscan, 2009. xii, 180 p : ill; 22cm. 1. Plants I. Henary, Robert II Stuchul, Dana L. III. Title ○

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

580 MIL	PLANTS Milner, Judith.
	Rest as in the main entry. ○

सहलेखक इतर संलेख (Joint Author Added Entry)

580 MIL	Henary, Robert Milner, Judith
	Rest as in the main entry. ○

सम्पादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

580 MIL		Stuchul, Dana L. Milner, Judith.
		Rest as in the main entry. O

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

580 MIL		Plant Resources for Food. Milner, Judith.
		Rest as in the main entry. O

3.4 अभ्यास हेतु मुख्य पृष्ठ

मुख पृष्ठ - 1
(दो संयुक्त व्यक्तिगत लेखक)

Getting Prices Right
The Debate Over the Consumer Price Index

DEAN BAKER

M. E. SHARPE

UNIVERSITY OF CHICAGO
CHICAGO
1998

OTHER INFORMATION

CALL NO.	338.528 BAK
ACC. NO.	34691
PAGES	190 p
SIZE	25 cm
ISBN	076-5602-223

मुख पृष्ठ -2

(दो संयुक्त व्यक्तिगत लेखक ग्रंथमाला सहित)

Customer Connections
New Strategies for Growth

ROBERT E. WAYLAND
PAUL M. COLE

HARVARD BUSINESS SCHOOL PRESS
BOSTON
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	658.812 WAY
ACC. NO.	62431
PAGES	xii, 265 p
SIZE	24 cm
ISBN	08-75847-994

Note : New Paparback Book Series No. 12

मुख पृष्ठ -3

(दो संयुक्त व्यक्तिगत लेखक ग्रंथमाला सहित)

The Phenomenon of Man

PIERRE TEILHARD CHARDIN
JULIAN HUXLEY

TRANSLATION BY
BERNARD WALL

NEW YORK
HARPER
1965

OTHER INFORMATION

CALL NO.	113 TEI
ACC. NO.	43461.
PAGES	320 p
SIZE	21 cm
ISBN	43-1246-3217

मुख पृष्ठ -4

(दो संयुक्त व्यक्तिगत लेखक - प्रमुख दायित्व संकेत के साथ)

Applying Telecommunication and Technology from Global Business Perspective

Marc S. Boyee

OLIVE D. CHURCH

HAWORTH PRESS
BINGHAMTON, NY
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	658.84 ZAJ
ACC. NO.	74126
PAGES	xi, 378 p
SIZE	26 cm
ISBN	07-89001-152

मुख पृष्ठ -5

(तीन संयुक्त व्यक्तिगत लेखक)

Standards for Our Schools

How to set them, Measure them and Reach them

MARC S. TUCKER
JUDY B. CODDING
JOHN. HARTE

JOSSEY - BASS PUBLICATION
COLUMBIA, SOUTH CAROLINA
1998

OTHER INFORMATION

CALL NO.	379.158 TUC
ACC. NO.	46123
PAGES	xi, 349 p
SIZE	24 cm
ISBN	07-87938-947

मुख पृष्ठ -6

(तीन संयुक्त व्यक्तिगत लेखक - प्रमुख लेखक संकेत के साथ)

Multiculturalism and American Democracy

ARTHUR M. MELZER

JERRY WEINBERGER

AND

M. RICHARD ZINMAN

UNIVERSITY PRESS KANSAS
KANSAS
1998

OTHER INFORMATION

CALL NO.	305.8 MUL
ACC. NO.	36343
PAGES	viii, 237 p
SIZE	24 cm
ISBN	07-00608-826

मुख पृष्ठ -7

(तीन संयुक्त व्यक्तिगत लेखक - सहकारक के साथ)

What are they Teaching our Children?

MEL GABLER

NORMA GABLER

WITH

JAMES C. HEFLEY

Edited by

ALAN HANEY

VICTOR BOOKS
WHEATON, III
1985

OTHER INFORMATION

CALL NO.	379.156 GAB
ACC. NO.	474921
PAGES	192 p
SIZE	22 cm
ISBN	08-96933-628 (pbk)

मुख पृष्ठ - 8

(तीन से अधिक संयुक्त व्यक्तिगत लेखक)

Change at Work

By

PETR CAPPELLI
ROCER E. BUSTEIN
ROBERT K. COOPER
JOHN HATRE

OXFORD UNIVERSITY PRESS
NEW YORK
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	658.406 CHA
ACC. NO.	73216
PAGES	xii, 270 p
SIZE	24 cm
ISBN	0-193-4-03276

मुख पृष्ठ - 9

(तीन से अधिक संयुक्त व्यक्तिगत लेखक - प्रमुख लेखक संकेत के साथ)

Apes, Language and the Human Mind

BY

Sue Savage-Rumbaugh
Stuart G. Shanker
Talbot J. Taylor
HENRY KISSINGS

NEW YORK
OXFORD UNIVERSITY PRESS
1998.

OTHER INFORMATION

CALL NO.	599.88 APE
ACC. NO.	56431
PAGES	244 p
SIZE	25 cm
ISBN	01-95109-864

मुख पृष्ठ - 10

(तीन से अधिक संयुक्त व्यक्तिगत लेखक सहकारक के साथ)

The Language of Learning

A Guide to Education Terms

MARC S. BOYCE
J. LYNN McBRIEN
RONALD S. BRANDT
ALLEN HANEY

WITH EDITORIAL CONSULTATION FROM ROBERT W. COLE

ASSOCIATION FOR SUPERVISION AND CURRICULUM DEVELOPMENT

ALEXANDRIA, VA
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	370-3 MCB
ACC. NO.	63154
PAGES	xii, 115 p
SIZE	26 cm
ISBN	08-71202-743

3.5 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रन्थ सूची

1. IGNOU : A.A.C.R.-2 Rev.-Part 2 (BLIS Course Material).

2. Joint Steering Committee for Revision of A.A.C.R.-2nd rev.ed., 1998. Edited by ichael Gorman and Paul W. Winkler, Ottawa, Canadian Library Association, 1998.

3. गौतम, जे. एन, एवं निरन्जन सिंह : एडवान्स कैटलागिंग, आगरा, वाई.के. पब्लिशर्स, 1998

4. सूद, एस. पी. : क्रियात्मक सूचीकरण ए.ए.सी.आर.-2, जयपुर, राज पब्लिशिंग हाउस, 2002

5. वर्मा , ए. के. : प्रयोगात्मक ए.ए.सी.आर.-2, रामपुर, सेन्ट्रल बुक हाउस, 1998

इकाई -4 : सम्पादकीय निर्देशन में रचित पुस्तकों का सूचीकरण (Cataloguing of Books under Editorial Direction)

संरचना

4.0 उद्देश्य
4.1 सम्पादकीय निर्देशन से तात्पर्य
4.2 सम्पादकीय निर्देशन में शीर्षक का वरण एवं उपकल्पन के नियम
4.3 सूचीकृत उदाहरण
4.4 अभ्यास हेतु मुखपृष्ठ
4.5 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रंथ सूची

4.0 उद्देश्य

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :-

1- सम्पादकीय निर्देशन का अर्थ स्पष्ट करना।

2- सम्पादकीय निर्देशन में प्रकाशित पुस्तकों की सूचीकरण हेतु उनके शीर्षक के वरण एवं उपकल्पन के नियमों की विवेचना करना।

3- उदाहरण के माध्यम से शिक्षार्थियों को प्रायोगिक सूचीकरण हेतु और अधिक बोधगम्य बनाना

4.1 सम्पादकीय निर्देशन से तात्पर्य

पुस्तकालय के अन्तर्गत बहुत सी पुस्तकें ऐसी भी क्रय की जाती हैं जिनमें आख्या पृष्ठ पर लेखक के स्थान पर सम्पादक का उल्लेख होता है। बहुत से लेखकों के द्वारा छोटे-छोटे लेख लिखे जाते हैं और उन लेखों को एकत्रित करके पुस्तक के रूप में उसको एक आख्या (Title) प्रदान कर प्रकाशित किया जाता है और इन लेखों को एकत्रीकृत करके प्रकाशित कराने में उत्तरदायी व्यक्ति को सम्पादक की संज्ञा दी जाती है। ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित के अन्तर्गत इस प्रकार के लघु लेख एकीकृत आख्या को सामूहिक आख्या (Collective title) के नाम से जाना जाता है।

4.2 सम्पादकीय निर्देशन में शीर्षक का वरण एवं उपकल्पन

नियम संख्या 21.7 के अन्तर्गत सम्पादकीय निर्देशन में प्रकाशित पुस्तकों के सूचीकरण का उल्लेख है। नियमानुसार सम्पादकीय निर्देशन में प्रकाशित पुस्तकों का शीर्षक (Heading) आख्या के अन्तर्गत उपकल्पित किया जाता है। आख्या के द्वारा शीर्षक अनुच्छेद का निर्माण किये जाने की स्थिति में अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रकाशन वितरण अनुच्छेद तक द्वितीय उर्ध्वरेखा से वापस की जाती हैं। आख्या का प्रयोग करने के पश्चात् / (Slash) लगाते हुए दायित्व कथन क्षेत्र में यदि एक संपादक है तो edited by लगाते हुए संपादक का नाम, यदि दो सम्पादक हैं तो व्यक्तिगत लेखक की तरह ही दोनों सम्पादकों के नाम को and लगाकर तथा यदि तीन सम्पादक हैं तो पहला सम्पादक, (कामा) दूसरा सम्पादक and तीसरे संपादक के नाम का उल्लेख करते हैं। परन्तु यदि तीन से अधिक संपादक हैं तो दायित्व कथन क्षेत्र में प्रथम संपादक के नाम का उल्लेख कर ... [et. al.] का प्रयोग किया जाता है।

संकेतन क्षेत्र में सन्दर्भानुसार एक संपादक, दो संपादक, तीन संपादक की इतर संलेख निर्माण करने की सूचना दी जाती है तथा चूँकि आख्या से शीर्षक अनुच्छेद का निर्माण किया गया है अतः संकेतन अनुच्छेद में इतर संलेख हेतु आख्या का उल्लेख नहीं किया जाता है।

4.3 सूचीकृत उदाहरण (Catalogued Examples)

उदाहरण - 1

Promise of a new education culture

Edited By
Uhi Christopher

Edition -3
London, Johns Hopkins University Press, 2004

OTHER INFORMATION

CALL NO.	370 CHR
ACC. NO.	24193
PAGES	18 + 310
SIZE	24 cm
ISBN	978, 1421, 400 389

मुख्य संलेख (Main Entry)

370 CHR		Promise of a new education culture/edited by Uhi
		Christopher._3rd ed.-London : John Hopkins University Press, 2004. xviii, 310 p; 24 cm.
23193		1. Education I. Christopher, Uhi
		O

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

370 CHR		EDUCATION Promise of a new education culture.
		Rest as in the main entry.
		O

संपादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

370 CHR		Christopher, Uhi Promise of a new education culture.
		Rest as in the main entry.
		O

उदाहरण - 2

Plants and Society

Edited By
Marilyn K. Gowing
John D Kraft

Edition -6
London McGraw-Hill 1998

OTHER INFORMATION

CALL NO.	580 PLA
ACC. NO.	29123
PAGES	vi + 220
SIZE	22 cm

Note : Encludes bibliographical reference and index.

मुख्य संलेख (Main Entry)

580 PLA	Plants and society / edited by Marilyn K. Gowing	
		and John D. Kraft.-6th ed. - London : McGraw-Hill, 1998
29123		vi, 220 p; 22 cm.
		Includes bibliographical reference and index.
		1. Botany I. Gowing, Marilyn K. II. Kraft, John
	D.	
		O

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

		BOTANY
580 PLA	Plants and society.	
		Rest as in the main entry.
		O

सम्पादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

580 PLA		Gowing, Marilyn K. Plants and society.
		Rest as in the main entry.

संपादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

580 PLA		Kraft, John D. Plants and society.
		Rest as in the main entry.

उदाहरण-3

Introduction to Human Anatomy

Edited By
M. J. De-Vries
N. Cross
D.P. Grant

4th Edition
Chicago, University of Chicago Press, 2007

OTHER INFORMATION

CALL NO.	611 INT
ACC. NO.	242939
PAGES	ix + 249
SIZE	24 cm

मुख्य संलेख (Main Entry)

611 INT	Introduction to human anatomy / edited by M.J.	
		De-Vries, N. Cross and D. P. Grant.- 4th ed.- Chicago : University of Chicago Press, 2007.
242939		ix, 249 p; 24 cm.
		1. Human Anatomy I. De-Vries, M.J. II. Cross,
	N. III. Grant, D.P.	

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

		HUMAN ANATOMY
611 INT	Introduction to human anatomy.	
		Rest as in the main entry.

संपादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

		De-Vries, M.J.
611 INT	Introduction to human anatomy.	
		Rest as in the main entry.

सम्पादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

611 INT		Cross, N. Introduction to human anatomy.
		Rest as in the main entry. O

संपादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

611 INT		Grant, D.P. Introduction to human anatomy.
		Rest as in the main entry. O

उदाहरण-4

Future of Interior Decoration

Edited By

George Grove
James R. Hulbert
P. J. Keating
Felix Raugel

3rd Edition
Network, Sunflower Publications, 2003

OTHER INFORMATION

CALL NO.	747 FUT
ACC. NO.	25431
PAGES	11 + 248
SIZE	24 cm

Note : New Art book Series No. 12

मुख्य संलेख (Main Entry)

747 FUT	Future of interior decoration / edited by George Grove... [et.al.]. - 3rd ed. - New York : Sun flower Publications, 2003, xi, 248p.; 24 cm.- (New art book series; no. 12)
25431	1. Interior decoration I. Grove, George II, series.

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

747 FUT	INTERIOR DECORATION Future of interior decoration.
	Rest as in the main entry.

संपादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

747 FUT	George, Grove. Future of interior decoration.
	Rest as in the main entry.

		New art book series; no. 12.
747 FUT	Future of interior decoration.	
		Rest as in the main entry.
		○

4.4 अभ्यास हेतु मुख पृष्ठ

मुख पृष्ठ - 1

(एक सम्पादक)

Designing Disney's Theme Parks :

The Architecture of Reassurance

Edited By
Karnal Ann Marling

Flammarion
Paris
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	791.06 DES
ACC. NO.	246345
PAGES	xii, 223 p.
SIZE	26 cm
ISBN	2-08013-6399

मुख पृष्ठ -2
(दो सम्पादक)

Ecosystem Management : Applications for Sustainable Forest and Wildlife Resources

EDITED BY
MARK S. BOYCE
AND
ALAN HANEY

YALE UNIVERSITY PRESS
NEW HAVEN, CNNECTICUT
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	333.95 ECO
ACC. NO.	76432
PAGES	vii, 361 p
SIZE	26 cm
ISBN	03-00069-022

मुख पृष्ठ -3
(तीन सम्पादक)

The Liberal Persuasion : Arthur Schlesinger, Jr. and the Challange of the American Past.

EDITED BY
JOHN PATRIC DIGGINS
SARAH A. BINDER
EZRA. F. VOGEL

PRINCETON UNIVERSITY PRESS
PRINCETON
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	973.072 LIB
ACC. NO.	84312
PAGES	x, 324 p
SIZE	24 cm
ISBN	06-91048-290

मुख पृष्ठ -4
(तीन से अधिक सम्पादक)

The People vs. Big Tobacco : How the States Took on the Cigarette Gaints

CARRICK MOLLENKAMP
ADAM LEVY
JOSEPH MENN
JEFFERY ROTHFEDER

BLOOMBERG PRESS
WILLISTON, VT
1998

OTHER INFORMATION

CALL NO.	346.73 PEO
ACC. NO.	64312
PAGES	xi, 334 p
SIZE	26 cm
ISBN	15-76600-572

मुख पृष्ठ -5
(तीन सम्पादक अनुवादक एवं ग्रंथमाला सहित)

Irwin-Dorsey Series in Behavioural Sciences in Business - No. 74

ORGANIZATION, BEHAVIOUR AND ADMINISTRATION

By
PAUL R. LAWRENCE
ROBERT C. KATZ
JOHN A. SELLER

TRANSLATED BY
AMY WINSLOW
CARETON B. JOECKEL

HOMEWOOD
ILLINOIS
1961

OTHER INFORMATION

CALL NO.	X : 8 K1
ACC. NO.	8961
PAGES	X + 391
SIZE	21 cm

मुख पृष्ठ -6
(तीन सम्पादक - प्रमुख सम्पादक के संकेत सहित)

The United Nations and International Law

EDITED BY
CHRISTOPHER C. JOYNER
JOHN, MARC
and
THOMAS QUIRK

CAMBRIDGE UNIVERSITY PRESS
NEW YORK
1997

OTHER INFORMATION

CALL NO.	341.23 UNI
ACC. NO.	63249
PAGES	xvii, 474 p
SIZE	26 cm
ISBN	05-215865-93

4.5 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रन्थ सूची

1. IGNOU : A.A.C.R.-2 Rev.-Part 2 (BLIS Course Material).
2. Joint Steering Committee for Revision of A.A.C.R.-2nd rev.ed., 1998. Edited by ichael Gorman and Paul W. Winkler, Ottawa, Canadian Library Association, 1998.
3. गौतम, जे. एन, एवं निरन्जन सिंह : एडवान्स कैटलागिंग, आगरा, वाई.के. पब्लिशर्स, 1998
4. सूद, एस. पी. : क्रियात्मक सूचीकरण ए.ए.सी.आर.-2, जयपुर, राज पब्लिशिंग हाउस, 2002
5. वर्मा , ए. के. : प्रयोगात्मक ए.ए.सी.आर.-2, रामपुर, सेन्ट्रल बुक हाउस, 1998

इकाई - 5 : बहुखण्डीय ग्रन्थों का सूचीकरण (Cataloguing of Multivolumed Books)

संरचना

5.0 उद्देश्य

5.1 बहुखण्डीय ग्रन्थ से तात्पर्य

5.2 विवरणात्मक तत्त्व

  5.2.1 आख्या

  5.2.2 पृष्ठांकन

  5.2.3 प्रकाशन वर्ष

  5.2.4 आकार

5.3 बहुखण्डीय ग्रन्थों के प्रकार

  5.3.1 प्रकार - 1

  5.3.2 प्रकार - 2

5.4 सूचीकृत उदाहरण

5.5 अभ्यास हेतु मुख पृष्ठ

5.6 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रन्थ सूची

5.0 उद्देश्य

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :-

1- बहुखण्डीय ग्रन्थ से शिक्षार्थियों को परिचित कराना

2- बहुखण्डीय ग्रन्थों एवं उनके प्रकारों से शिक्षार्थियों को अवगत कराना

3- बहुखण्डीय ग्रन्थों का सूचीकरण करना सिखाना

5.1 बहुखण्डीय ग्रन्थ से तात्पर्य

सामान्यतया ग्रंथ एक ही खण्ड में प्रकाशित होते हैं। परन्तु कुछ ग्रंथ एक से अधिक खण्डों में प्रकाशित होते हैं। इसका प्रमुख कारण यह है कि यदि उनको एक ही खण्ड में प्रकाशित कर दिया जाये तो उनके विशाल आकार-प्रकार के कारण उनको उठाने-रखने में असुविधा होती है, तथा उन ग्रन्थों की जिल्द शीघ्र ही जीर्ण-शीर्ण हो

जाती हैं। इसके अतिरिक्त जब विचार-वस्तु एक खण्ड के उचित आकार में समायोजित नहीं हो सके तो इसे एक से अधिक खण्डों में प्रकाशित किया जाता है।

ए0ए0सी0आर0-2 आर में पृष्ठ संख्या 620 पर बहुखण्डों को बहुभाग (Multiparts) की संज्ञा देते हुए इसे "पृथक भागों की अनंत संख्या में सम्पूर्ण या पूर्ण होने वाला एक मोनोग्राफ " के रूप में परिभाषित किया गया है।

क्लासीफाइड कैटालाग कोड में बहुखण्डीय ग्रंथ को निम्नलिखित प्रकार से परिभाषित किया गया है।

"अविच्छिन्न अभिव्यक्तिकरण प्रदान करते हुये दो या दो से अधिक खण्डों (Volumes) का ग्रन्थ, और इस अथवा अन्य किसी कारणवश खण्डों में विचार-सामग्री का विभाजन, समस्त खण्डों का प्रतिपादन (treatment) एक अविभाज्य संघात (Set) के रूप में करने के लिए विवश करता है, अर्थात जैसे वे सब मिलकर एक खण्ड का निर्माण करते हैं" ।

5.2 विवरणात्मक तत्त्व

बहुखण्डीय पुस्तकों के सूचीकरण करते समय निम्नलिखित चार विवरणात्मक तत्वों में भिन्नतायें दृष्टिगोचर होती है। उनके लिए निम्नलिखित नियमों का प्राविधान है।

5.2.1 आख्या

बहुखण्डीय ग्रन्थों में सामान्यतया दो प्रकार की आख्याएं होती हैं -

(1) समस्त खण्डों के लिए एक समान आख्या। उदाहरण -

Mishra, Ramesh.

Expert System/by Ramesh Mishra. - New Delhi : Times Publishers, 1980.

3v.

O

तीन खण्डों के इस बहुखण्डीय प्रकाशन में तीनों खण्डों के आख्या पृष्ठ पर एक ही आख्या का उल्लेख है। अन्तर यह है कि प्रत्येक खण्ड में खण्ड की संख्या खण्ड 1, खण्ड 2 एवं खण्ड 3 के रूप में उल्लिखित हैं।

(2) समस्त खण्डों की एक समान आख्या के अतिरिक्त प्रत्येक खण्ड की अलग अलग विशिष्ट आख्या।

उदाहरण -

Brown, Morgan.
Polymer science / by Morgan Brown .- New York : John Wiley, 1994.
3v.
Contents : v.1 chemistry of Polymerisation -v.2 Kinetion of Polymerisation-v.3 Cristalinity in polymers.

5.2.2 पृष्ठांकन

नियम संख्या 2.5 B17-19 के अनुसार जब कोई मुद्रित मोनोग्राफ एक से अधिक खण्डों में होता है तो भौतिक विवरण क्षेत्र में खण्डों की संख्या को सम्मिलित रूप में अंकित किया जाता है।

3v.

4v. etc.

6 v. in 4

8 v. in 5

बहुखण्डीय ग्रन्थों के सेट के पृष्ठांकन में अनेक भिन्नतायें होती हैं।

नियम संख्या 2.4B20 के अनुसार यदि खण्डों का सेट अनवरत रूप से पृष्ठांकित है तो पृष्ठांकन को गोल कोष्ठक में खण्डों की संख्या के पश्चात दिया जाये। ऐसी स्थिति में प्रथम खण्ड के प्रारम्भिक पृष्ठ एवं अंतिम खण्ड के मुख्य पृष्ठ का उल्लेख किया जाता है। जैसे -

4v. (xii, 980p.)

6v. (ix, 810 p.)

नियम संख्या 2.5B21 के अनुसार यदि बहुखण्डीय ग्रन्थ के प्रत्येक खण्ड की अलग

अलग पृष्ठ संख्या हो तो इसे दो प्रकार से अंकित किया जा सकता है-

2v.

2v. (ix, 215; vi, 180 p.)

नियम संख्या 2.7 B10 के अनुसार ऐसे भौतिक विवरण जो पूर्व में भौतिक विवरण क्षेत्र में अंकित नहीं किये गये हों, उन्हें **टिप्पणी अनुच्छेद** (Note Section) में अंकित किया जाता है।

5.2.3 प्रकाशन वर्ष

नियम संख्या 1.4F8 के अनुसार प्रकाशन वर्ष का उल्लेख करने के सम्बन्ध में निम्नलिखित तीन स्थितियाँ होती हैं -

(अ) यदि बहुखण्डीय ग्रन्थ के सभी खण्डों का प्रकाशन वर्ष एक ही हो तो-
1960

(ब) यदि बहुखण्डीय ग्रन्थों के अलग अलग खण्डों पर भिन्न भिन्न प्रकाशन वर्ष अंकित हों तो प्रकाशन वितरण आदि क्षेत्र में प्रथम खण्ड का वर्ष - अंतिम खण्ड के वर्ष का उल्लेख करना चाहिए। उदाहरण स्वरूप : 1980-1985

(स) यदि बहुखण्डीय ग्रन्थ के कुछ खण्ड प्रकाशनाधीन हों तो पहले खण्ड के प्रकाशन वर्ष को अंकित कर छोटी आड़ी रेखा (Hyphen) लगा कर चार अक्षरों की जगह छोड़ी जाती है।

उदाहरणार्थ : 1980 -

खाली स्थान छोड़ने का औचित्य है कि जब सभी खण्ड प्रकाशित हो जाते हैं तो इस खाली स्थान को अंतिम खण्ड के प्रकाशन वर्ष का उल्लेख कर भर दिया जाता है।

5.2.4 आकार

नियम संख्या 2.5 D3 के अनुसार यदि बहुखण्डीय ग्रन्थ के विभिन्न खण्डों की ऊँचाई में अन्तर हो तथा यह अन्तर दो सेन्टीमीटर से कम हो तो पहले बड़ी ऊंचाई को अंकित किया जाता है। परन्तु यदि अन्तर दो सेन्टीमीटर से अधिक हो तो पहले छोटी साइज, छोटी आड़ी रेखा (Hyphen) से जोड़ते हुये बड़ी साइज दोनों को अंकित करते हैं।

उदाहरण 1-

खण्ड	साइज	कैटलॉग कार्ड पर अंकन
v.1 -	20 cm.	तीनों खण्डों की साइज में 2 सेमी. से कम

		का अन्तर है। अतः 2 सेमी से कम का
v.2 -	20.5 cm	अन्तर होने के कारण अधिकतम
v.3 -	21 cm.	आकार - 21 सेमी अंकित करते हैं।

उदाहरण 2 -

<u>खण्ड</u>	<u>साइज</u>	<u>कैटलाग कार्ड पर अंकन</u>
v.1 -	20 cm.	सेट के खण्डों के मध्य आकार में 2 सेमी
v.2 -	21 cm.	से अधिक का अंतर होने के कारण
v.3 -	23 cm.	न्यूनतम - अधिकतम ऊँचाई
		दोनों का उल्लेख करते हैं।
		यथा 20 - 23 cm.

5.3 बहुखण्डीय ग्रन्थों के प्रकार

बहुखण्डीय ग्रन्थों को सूचीकरण की दृष्टि से दो प्रकारों में विभक्त किया गया हैः-

1. बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 1
2. बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2

5.3.1 बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 1

सूचीकरण की दृष्टि से अत्यंत सरल ग्रन्थ होते हैं। इनमें समस्त खण्डों की एक सामान्य आख्या (Common titles) होती है तथा अलग अलग खण्डों की विशिष्ट आख्यायें (Specific title) नहीं होती ।

व्यावहारिक सूचीकरण की दृष्टि से इन्हें पुनः निम्नलिखित तीन भागों में विभक्त किया गया है -

1. पूर्ण संघात (Complete set)
2. अपूर्ण उपलब्ध संघात (Incomplete available set)
3. अपूर्ण संघात (incomplete set)

1. पूर्ण संघात (Complete set)

जब किसी बहुखण्डीय ग्रन्थ के सभी खण्ड प्रकाशित हो गये हों तथा पुस्तकालय में उपलब्ध हो तो उसे पूर्ण संघात की संज्ञा देते हैं।

नियम संख्या 2.5 B17 के अनुसार पूर्ण संघात को सूचीकृत करने के लिए मुख्य प्रविष्टि के भौतिक विवरण क्षेत्र में खण्डों की संख्या निम्नवत अंकित की जाती है।

4 v.

6 v.

2. अपूर्ण उपलब्ध संघात (Incomplete available set)

जब किसी बहुखण्डीय ग्रन्थ के सभी खण्ड प्रकाशित हो गये हों परन्तु उनमें से कुछ खण्ड पुस्तकालय में उपलब्ध हों तथा कुछ खण्ड पुस्तकालय में अनुपलब्ध हों तो ऐसे संघात (set) को 'अपूर्ण उपलब्ध संघात' कहते हैं।

नियम संख्या 1.7 B20 एवं 2.7 B20 के अनुसार जब पुस्तकालय में बहुखण्डीय संघात के सभी खण्ड उपलब्ध न हो तो इसकी सूचना टिप्पणी अनुच्छेद में अंकित की जायेगी। टिप्पणी अनुच्छेद में यह सूचना दो प्रकार से अंकित की जा सकती है।

(अ) सकारात्मक टिप्पणी -

Library has v. 1-5, 7 and 9 only.

(ब) नकारात्मक टिप्पणी -

Library set lacks v. 5-8, 12, 14-16.

यदि इस बात की संभावना हो कि ग्रन्थालय में अनुपलब्ध खण्ड पुस्तकालय द्वारा भविष्य में उपलब्ध करा लिये जायेंगे तो अस्थाई टिप्पणी (पेंसिल द्वारा) अंकित किया जाना चाहिए।

3. अपूर्ण संघात (Incomplete set)

जब बहुखण्डीय ग्रन्थ के कुछ खण्ड तो प्रकाशित हों चुके हों एवं कुछ खण्ड प्रकाशनाधीन हों तो उसे अपूर्ण संघात (Incomplete set) कहते हैं।

नियम संख्या 1.5 B5 के अनुसार यदि बहुखण्डीय ग्रन्थ के सभी खण्ड प्रकाशित न हुये हों तो भौतिक विवरण क्षेत्र में तीन अक्षर की जगह छोड़ कर (small) v. अंकित किया जाता है। ग्रन्थ के सभी खण्ड प्रकाशित हो जाने पर इस खाली स्थान पर खण्डों की संख्या लिख दी जाती है।

उदाहरणार्थ - ...v.

5.3.2 बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2

बहुखण्डीय ग्रन्थ के दूसरे प्रकार के अन्तर्गत ऐसे ग्रन्थ आते हैं जिनके समस्त खण्डों की एक सामान्य आख्या (Common title) के अतिरिक्त प्रत्येक खण्ड की अपनी विशिष्ट आख्या (Specific title) भी होती है।

नियम संख्या 1.7B 18 एवं 2.7 B 18 के अनुसार ऐसे बहुखण्डीय ग्रन्थ जिसमें पूर्ण संघात आख्या के अतिरिक्त प्रत्येक खण्ड की स्वयं की भी विशिष्ट आख्या (Specific title) दी गई हो, को टिप्पणी क्षेत्र में contents: लिख कर निम्नवत अंकित करते हैं। उदाहरणार्थ -

Contents : Vol.1, Data collection - v.2. Data analysis.

5.4 सूचीकृत उदाहरण Catalogued Examples

उदाहरण - 1 [बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार-1 (पूर्ण संघात)]

Agricultural Prices in India

(in two volumes)
Prof. Raj Singh Negi

New Book Publishers, Indore, 1978.

OTHER INFORMATION

CALL NO.	338.13 NEG.
ACC. NO.	18512-19513
PAGES	Vol.1- vi, 150
	Vol.2.- xi, 151-310
SIZE	Vol.1.- 18 cm
	Vol. 2.- 21 cm.

Note: Index in 2nd volume from page no. 308 - 310.

मुख्य संलेख (Main Entry)

338.13 NEG	Negi, Raj Singh
18512- 18513	Agricultural prices in India/by Raj Singh Negi.- Indore : New Book Publishers, 1978. 2v.(vi, 310 p.); 18-21 cm. Index in 2nd volume from page no. 308-310. 1. Agriculture-Economic aspect I. Title. O

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

338.13 NEG		AGRICULTURE-ECONOMIC ASPECT Negi, Raj Singh.
		Rest as in the main entry. O

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

338.13 NEG		Agricultural prices in India. Negi, Raj Singh.
		Rest as in the main entry. O

महत्वपूर्ण बातें -

1. नियम संख्या 2.5B17-19 के अनुसार भौतिक विवरण क्षेत्र में कुल खण्डों की संख्या 2v का उल्लेख किया गया है।

2. नियम संख्या 2.5B20 के अनुसार चूँकि दोनों खण्डों के मुख्य पृष्ठों का अंकन निरन्तरता में है अतः गोल कोष्टक के अन्दर प्रथम खण्ड का प्रारम्भिक पृष्ट, (कामा) अन्तिम खण्ड का मुख्य पृष्ट दोनों का उल्लेख किया गया है।

3. नियम संख्या 2.5D3 के अनुसार विभिन्न खण्डों की ऊँचाई के मध्य यदि 2 सेमी से अधिक का अन्तर है तो न्यूनतम - अधिकतम ऊँचाई दोनों का उल्लेख किया जाता है।

उदाहरण - 2

[बहुखण्डीय ग्रन्थ- प्रकार-1 (अपूर्णसंघात तथा ग्रन्थमाला)]

New Book of Popular Science

(In 6 volumes)

THERESSA J. FLYNN

DAVID K. CURRAN

W.E. SARIS

Edited by

I.N.GALL HOFFER

(Third revised edition)

LONGMAN, NEW YORK

OTHER INFORMATION

CALL NO.	500 FLY .
ACC. NO.	18004 - 18006
SIZE	24 cm.
H.T.P.	Longman New Book Series; No. 18.

Note: 1. Library has volume1, 3, and 6

2. Vol. I was published 1965

Vol. II - IV were published in 1975

Vol. V and VI were published in 1978.

मुख्य संलेख (Main Entry)

500 FLY	Flynn, Theressa J.
18004- 18006	New book of popular science/Theressa J. Flynn, David K. Curran and W.E. Saris; edited by I.N. Gallhopper. - 3rd rev. ed.- New York: Longman, 1965-1978. 6v; 24 cm.- (Longman New Book Series; no.18) Library has v.1, 3 and 6 1. Science I.Curran, David K. II. Saris, W.E. III. Gallhopper, I.N. IV Title. V series. O

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

500 FLY	SCIENCE. Flynn, Theressa J.
	Rest as in the main entry. O

सहलेखक इतर संलेख (Joint Author Added Entry)

500 FLY	Curran, David K. Flynn, Theressa J.
	Rest as in the main entry. O

सहलेखक इतर संलेख (Joint Author Added Entry)

		Saris, W.E.
500 FLY	Flynn, Theressa J.	
		Rest as in the main entry.
		○

सम्पादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

500		Gallhopper, I.N.
FLY	Flynn, Theressa J.	
		Rest as in the main entry.
		○

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

		New Book of Popular Science .
500 FLY	Flynn, Theressa J.	
		Rest as in the main entry.
		○

ग्रन्थमाला इतर संलेख (Series Added Entry)

500		Longman New Book Series; no.18
FLY	Flynn,Theressa J.	
		Rest as in the Main Entry.
		○

महत्वपूर्ण बातें

1. नियम संख्या 1.7B20 एवं 2.7B20 के अनुसार बहुखण्डीय ग्रन्थ के जो खण्ड पुस्तकालय में उपलब्ध नहीं है उसकी सूचना सकारात्मक रूप में टिप्पणी अनुच्छेद में दी गयी है।

उदाहरण - 3

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2)

Principles of Psychology
(In three volumes)
by
Prof. Stewart Brown
Dr. Julie Andrew
(Third revised edition)
Edited by
Mirand A. Schreurs
HOLT RINEHART AND WINSTON
NEW YORK

OTHER INFORMATION

CALL NO. 150 BRO .

ACC. NO. 28301 - 3

Titles of volumes are:

Vol. 1 Perception and consciousness.

Vol. 2 Growth, learning and language.

Vol. 3 Motives and emotions

Vol. No.	Size	Year of Pub.	Pages
Vol. 1	22 cm	1969	ix, 1-210
Vol. 2	23 cm	1971	211-415
Vol. 3	25 cm	1972	416-810

H.T.P. Foundations of Psychology series; no. 14. Edited by James P. Warey.

मुख्य संलेख (Main Entry)

150 BRO	Brown, Stewart.
28301-3	Principles of psychology / by Stewart Brown and Julie Andrew; edited by Mirand A Schreurs.-3rd rev. ed.- New York : Holt Rinehart and Wiston, 1969-1972. 3v.(ix,810p.);22-25cm.- (Foundation of psychology series; no,14) Contents: v.1. Perception and consciousness-v.2. Growth,learning and language-v.3.Motives and emotions. 1. Psychology I.Andrew, Julie II. Schreurs, Mirand A. III. Title IV. Series.

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

		PSYCHOLOGY
150 BRO	Brown, Stewart.	
		Rest as in the main entry.
		○

सहलेखक इतर संलेख (Joint Author Added Entry)

		Andrew. Julie,
150 BRO	Brown, Stewart.	
		Rest as in the main entry.
		○

सम्पादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

		Schreurs, Mirand A.
150 BRO	Brown, Stewart.	
		Rest as in the main entry.
		○

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

		Principles of psychology.
150 BRO	Brown, Stewart.	
		Rest as in the main entry.
		O

ग्रन्थमाला इतर संलेख

		Foundation of Psychology series; no.14
150 BRO	Brown, Stewart.	
		Rest as in the main entry.
		O

महत्वपूर्ण बातें -

1. नियम संख्या 1.7B8 एवं 2.7B18 के अनुसार बहुखण्डीय ग्रन्थ जिसमें सामान्य आख्या के अतिरिक्त प्रत्येक खण्ड की अलग-अलग विशिष्ट आख्या दी हो तो उसे टिप्पणी क्षेत्र में Contents के रूप में उल्लिखित किया जाता है।

उदाहरण - 4

(बहुखण्डीय ग्रन्थ)

EXPERT SYSTEM

(In two volumes)

Edited by

John Fraser

Vol. 1 : Artificial Intelligence By Beverly Haviland

Vol. 2 : Knowledge Representation by Richard K. Lester.

ADDISON WESLEY

NEW YORK

1994

OTHER INFORMATION

CALL NO.	001.535 EXP
ACC. NO.	17177 - 78
SIZE	22 cm.

मुख्य संलेख

001.535 EXP	Expert System/edited by John Fraser.-New York :
17177-78	Addison Wesley, 1994 2v.; 22cm. Contents: v.1. Artificial intelligence/by Beverly Haviland - v.2. Knowledge representation /by Richard K. Lestar. 1. Artificial intelligence I. Fraser, John II. Haviland, Beverly. Artificial III. Lester, Richard K. knowledge IV. Title V. Title : Artificial intelligence.v.1. VI. Title: Knowledge representation. v.2. O

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

001.535 EXP		ARTIFICIAL INTELLEGENCE. Expert System.
		Rest as in the main entry. O

सम्पादक इतर संलेख (Editor Added Entry)

001.535 EXP		Fraser, John. Expert System.
		Rest as in the main entry. O

लेखक इतर संलेख - खण्ड 1 (Author Added Entry Vol.-1)

001.535 EXP		Haviland, Beverly. Artifiical intelligence.v.1,: Expert System
		Rest as in the main entry. O

लेखक इतर संलेख - खण्ड 2 (Author Added Entry. V.2)

001.535 EXP	Expert System	Lester,Richard K. Knowledge representation.v.2.
		Rest as in the main entry. ○

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

001.535 EXP	Expert System	Expert System.
		Rest as in the main entry. ○

आख्या इतर संलेख - खण्ड 1 (Title Added Entry-v.1)

001.535 EXP	Expert System	Artificial intelligence.v.1,: Haviland, Beverly
		Rest as in the main entry. ○

आख्या इतर संलेख - खण्ड 2 (Title Added Entry-v.2)

001.535 EXP	Expert System	Knowledge representation.v.2. Lester, Richard K.
		Rest as in the main entry. ○

महत्वपूर्ण बातें -

1. नियमानुसार अलग-अलग खण्डों के लिए आख्या एवं लेखक संलेखों का निर्माण किया गया है।

उदाहरण - 5

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2 : कुछ खण्ड प्रकाशित होना शेष)

Psychology in India

The State of the Art

(In 3 volumes)

Vol. 1 : Personality and Mental Processes

Vol. 2 : Basic and Applied Social Psychology

Vol. 3 : Organizational Behaviour and Mental Health

4th edition

By

Prof. Aniruddh Pandey

Rupa & Co.

Bombay

2009

OTHER INFORMATION

CALL NO.	150.954 PAN
ACC. NO.	19222-3
PAGES	V1 : 245p. V2 : 236p;
SIZE	24 cm.

Note: v.3 is yet to be published.

मुख्य संलेख (Main Entry)

150.954 PAN	Pandey, Aniruddha.
19222-3	Psychology in India: the state of the art/ by Aniruddha Pandey. - 4th ed. .-Bombay : Rupa and Co. 2009 — ... v. (245; 236 p.); 24 cm. Contents : v. 1. Personality and mental processes - v.2. Basic and applied social psychology. 1. Psychology - India I. Title. O

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

150.954 PAN	PSYCHOLOGY - INDIA Pandey, Aniruddha
	Rest as in the main entry. O

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

150.954 PAN	Psychology in India. Pandey, Aniruddha.
	Rest as in the main entry. O

महत्वपूर्ण बातें -

1. नियम संख्या 1.5B5 के अनुसार यदि कुछ खण्ड प्रकाशित होना शेष हो तो भौतिक विवरण क्षेत्र में तीन अक्षर की जगह छोड़कर Small v. अंकित किया

जाता है। जिससे कि शेष खण्ड प्रकाशित होने पर उस खाली स्थान पर उन खण्डों की संख्या लिख दी जाती है।

2. नियम संख्या 1.4F8 के अनुसार यदि कुछ खण्ड प्रकाशित होने के लिए शेष हों तो प्रकाशन वितरण अनुच्छेद में पहले खण्ड के प्रकाशन वर्ष का उल्लेख कर छोटी आड़ी रेखा (Hyphen) लगाकर चार अक्षरों की जगह छोड़ दी जाती है। इसका औचित्य है कि जब सभी खण्ड प्रकाशित हो जाते हैं तो इस खाली स्थान को अन्तिम खण्ड के प्रकाशन वर्ष का उल्लेख कर भर दिया जाता है।

5.5 अभ्यास हेतु मुख पृष्ठ (Title Page for Practice)

मुख पृष्ठ 1

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 1, पूर्ण संघात)

Geometry of Surfaces

(In four volumes)

by

John Sprite

Edited by

Paul A. Herbig

Springer

New York

1979

OTHER INFORMATION

CALL NO. 516.362 GEO

Vol.	Pages	Size	Acc. No.
I	iv, 208	20 cm.	5001
II	209-510	21 cm.	5002
III	511-710	23 cm.	5003
IV	711-910	23.6 cm	5004

ISBN - 0 - 431 - 40596-2

मुख पृष्ठ - 2

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 1, अपूर्ण संघात)

The Effect of Independence on Treaties

A Handbook

(In three volume)

By

Dr. R. R. Rawat

Dr. P. N. Mehrotra

New York

Oxford University Press

1976

OTHER INFORMATION

CALL NO.	341.026 L6.1 - L6.2	
Acc No.	18432 - 33	
Page	Vol. 1 - ix, 216; Vol. 2 xii, 217-480	
Size	Vol. I :	22 cm.
	Vol. 2 :	25 cm.

Note: Vol. 3 not acquired by library as yet.

मुख पृष्ठ 3

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2, पूर्ण संघात)

Sociometric Research

By

W.E. Saris

I. W. Gallhoffer

Volume 1 : Data Collection and Scaling by

John Denver

Volume 2 : Data Analysis by Ann Arbor

New York

St. Martin's Press

1974

OTHER INFORMATION

CALL NO.	302 SOC
Acc No.	26506 - 7
Page	V. 1 - VII, 264
	V. 2 - IX, 310
Size	14 x 18 cm.
H.T.P.	International Series in Sociometric Research XII.

मुख पृष्ठ 4

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2 , अपूर्ण संघात)

Brown Publications in Biological Sciences no. 13.

Edited by Jeffrey R. Gates

HUMAN PHYSIOLOGY

(In three volumes)

Edited by

John Riggs

1989

W.C. BROWN PUBLISHERS

New York

OTHER INFORMATION

CALL NO.	612 HUM
Acc No.	3261 - 3
Size	24 cm.
Page	V1 - IX, 239 p.; V.2 - XII, 240 -412

Note: The work is completed in three volumes. The Library possesses only first two volumes and third volume is not available in Library. The title of first two volumes are :

Vol. 1 - Human Evolution. By Ronald S. Brandt.

Vol. 2 - Human Respiration. By Mark S. Boyce.

The Book is fully illustrated.

मुख पृष्ठ 5

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2, अपूर्ण संघात)

Recapturing Marxism

An Appraisal of Recent Trends in Sociological Theory

By

RHONDEN F. LEVINE

JERRY LEMBECK

(4 Volumes)

V. 1 : Marxism and Neo-Marxism

V. 2 : New Classes and old theories

V. 3 : Class and class capacities

Edited by P.G.M. Dickson

V. 4 : Race, Ethnicity and Class.

New York

Praeger

OTHER INFORMATION

CALL NO.	335.4 LEV
Acc. No.	56412 - 13
Size	25 cm.
Year of Publication :	V. 1 - 1983
	V. 2 - 1984
	V. 3 - 1985

Note: 1. Volume 2 is not in the library.

2. Volume 4 is yet to be published.

मुख पृष्ठ 6

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2, सभी खण्ड प्रकाशित व ग्रन्थालय में उपलब्ध)

Human Resource Development in Banks

Editor

Anil K. Khandelwal

Vol. 1 - Concept / R.K. Gupta
Vol. 2 - Roles in HRD / Udai Pareek
Vol. 3 - HRD Case Studies / T.P. Raman
Vol. 4 - Future of HRD / S.S. Kulkarni

New Delhi
Oxford Publishing

OTHER INFORMATION

CALL NO. 332.106 83 HUM

Acc No. 42161 - 4

Vol. No.	Pages	Size	Year of Publication
I	IV, 140	23.2 cm.	1986
II	141-350	23.6 cm.	1987
III	351-480	25.2 cm.	1989
IV	481-610	27 cm.	1990

मुख पृष्ठ 7

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2 , पूर्ण संघात)

Comparing New Democracies

Edited by
Enrique A. Balyora

Vol. 1 : Democratic Transition in comparative perspective / Andrea Hinding.
Vol. 2 : Democratic Establishments / Barbara C. Gelpi
Vol. 3 : From Diarchy to Polyarchy / Merilyn J Bell.

BOLDER
WEST VIEW PRESS
1987

OTHER INFORMATION

CALL NO.	321. 8 COM
Acc. No.	1011 - 1013
Pages	V.1 : xi, 266 p.; V2: vii, 299 p.; V.3 : vii, 276 p.
Size	24 cm.

मुख पृष्ठ 8

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2, पूर्ण संघात)

POST IMPERIALISM

International Capitalism and Development in

the late twentieth century

(In four volumes)

By

David G. Becker

Volume 1 : Post imperialism / by James J. Fishman.

Volume 2 : Third world indebted industrialization
by Anthony S. Kangman.

Volume 3 : International Capital / By Susan Pilgrim.
Ed. by Doris Grumbach.

Volume 4 : National Development in the late twentieth
century / by D. S. Ross.

Boulder

L. Rienner Publishers.

OTHER INFORMATION

CALL NO. 338.888 BEC

Acc. No. 39612 - 4

Vol. No.	Size	Year of Pub.	Pages
I	20 cm.	1987	IV, 1-315
II	20 cm.	1988	316 - 510
III	21 cm.	1989	511 - 710
IV	Yet to be published.		

मुख पृष्ठ 9

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2, कुछ खण्ड प्रकाशित होना शेष)

HANDBOOK OF BUSINESS MANAGEMENT

By

Alexander Hamilton

Vol. 1 : Personnel Management
Vol. 2 : Financial Management Handbook
Vol. 3 : Marketing Management Handbook

New York
Global Books and Subscription Services
2002

OTHER INFORMATION

CALL NO.	658
Acc No.	546734
Size	27 cm.
ISBN	81-86830-54-5

Note: Volume 3 is yet to be publish.

मुख पृष्ठ 10

(बहुखण्डीय ग्रन्थ प्रकार - 2, सहकारक सहित)

Course of Analytical Chemistry

A. P. KRESHKOV

AND

A. A. YAROSLAVTSEV

TRANSLATED FROM THE RUSSIAN BY
NICHOLAS BOBROV

VOLUME 1 : QUALITATIVE ANALYSIS
VOLUME 2 : QUANTITATIVE ANALYSIS

MOSCOW
MIR PUBLISHERS
1977

OTHER INFORMATION

CALL NO.	543 KRE
Acc No.	18388 - 9
Size	25 cm.

5.6 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रन्थ सूची

1. IGNOU : A.A.C.R.-2 Rev.- Part 2 (BLIS Course Material).
2. Joint Steering Committee for Revision of A.A.C.R.-2nd rev. ed., 1998. Edited by Michael Gorman and Paul W. Winkler, Ottawa, Canadian Library Association, 1998.
3. गौतम, जे.एन. एवं निरन्जन सिंह : एडवान्स कैटलागिंग, आगरा, वाई.के. पब्लिशर्स, 1998
4. सूद, एस.पी. : क्रियात्मक सूचीकरण ए.ए.सी.आर. -2, जयपुर, राज पब्लिशिग हाउस, 2002
5. वर्मा, ए.के. : प्रयोगात्मक ए.ए.सी. आर.-2, रामपुर, सेन्ट्रल बुक हाउस, 1998.

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त
विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

BLIS-05

पुस्तकालय सूचीकरण प्रायोगिक

खण्ड- 2

ए0 ए0 सी0आर0-2R द्वारा सूचीकरण : भाग -दो

इकाई - 6 5

शासन तथा उसके अंगों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण

(Cataloguing of books by government and its Organs)

इकाई - 7 28

संस्था तथा उसके अंगों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण

(Cataloguing of books by institution and its Organs)

इकाई - 8 39

सम्मेलन तथा उसके अंगों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण

(Cataloguing of books by Conference and its Organs)

इकाई - 9 53

सामान्य सावधिक प्रकाशनों का सूचीकरण

(Cataloguing of Simple Periodical Publications)

खण्ड-2- :ए0 ए0 सी0आर0-2R द्वारा सूचीकरण : भाग -दो

प्रस्तावना -

अनुसंधान एवं विकास के युग में ग्रन्थालयों में व्यक्तिगत लेखकों की रचनाओं के अतिरिक्त समष्टि लेखकों की रचनायें भी बहुतायत से प्रकाशित हो रही हैं।इनमें शासन, संस्था एवं सम्मेलन का नाम लेखक के रूप में होता है। ए.ए.सी.आर.-2 संशोधित में समष्टि लेखकों से सम्बन्धित रचनाओं के सूचीकरण हेतु विस्तृत रूप में नियमों का उल्लेख है।

प्रस्तुत खण्ड निम्नलिखित इकाइयों में विभक्त है :-

इकाई-6 शासन तथा उसके अंगों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण - इस इकाई के अन्तर्गत समष्टि निकाय से तात्पर्य, उसके प्रकार, शासन से तात्पर्य, शासन के अंग एवं शासन द्वारा रचित पुस्तकों के प्रायोगिक सूचीकरण से अवगत कराया गया है।

इकाई-7 संस्था तथा उसके अंगों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण- इस इकाई के अन्तर्गत संस्था से तात्पर्य, संस्था के प्रकार संस्था की रचनाओं के सूचीकरण हेतु नियमों के साथ सोदाहरण सूचीकरण से अवगत कराया गया है।

इकाई-8 सम्मेलन तथा उसके अंगों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरणः- इस इकाई के अन्तर्गत सम्मेलन का अर्थ एवं परिभाषा, सम्मेलन के प्रकार, सम्मेलन के अधीनस्थ अंग, शीर्षक के चयन एवं उपकल्पन हेतु नियम के साथ ही सोदाहरण प्रायोगिक सूचीकरण से शिक्षार्थियों को अवगत कराया गया है।

इकाई-9 सामान्य सावधिक प्रकाशनों का सूचीकरण :- इस इकाई के अन्तर्गत सावधिक प्रकाशन क्या होते हैं, उनके संलेखों की संरचना सम्बन्धी नियमों के ज्ञान के साथ ही सूचीकृत उदाहरण द्वारा शिक्षार्थियों को बोधगम्य बनाने का प्रयास किया गया है। पाठ्यक्रम में पुस्तकों के आख्या पृष्ठ (Title page) स्वनिर्मित है जिसका उद्देश्य शिक्षार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करना है।

इकाई - 6 : शासन तथा उसके अंगों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण (Cataloguing of books by Government and its organs)

इकाई की रूपरेखा

6.0 उद्देश्य

6.1 समष्टि निकाय से तात्पर्य

6.1.1 समष्टि निकाय के प्रकार

6.2 शासन से तात्पर्य

6.3 शीर्षक का चयन एवं उपकल्पन

6.4 शासन के अंग

6.4.1 शासन के स्थाई अंग

6.4.1.1 वैधानिक अंग

6.4.1.2 प्रशासकीय अंग

6.4.1.3 राज्य अथवा शासन का अध्यक्ष

6.5 प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष उपशीर्षक

6.6 शासन का अस्थाई अंग

6.7 अभ्यास हेतु मुखपृष्ठ

6.8 विस्तृत अध्ययन हेतु ग्रन्थ सूची

6.0 उद्देश्य

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य है -

1. समष्टि निकाय का अर्थ स्पष्ट करना,
2. समष्टि निकाय के अंगों का वर्णन करना,
3. ए.ए.सी.आर-2 संशोधित के नियमानुसार शासन एवं उसके अंगों के शीर्षक के चयन एवं उपकल्पन को समझाना ।

6.1 समष्टि निकाय से तात्पर्य

वर्तमान युग में पुस्तकालयों के अन्तर्गत व्यक्तिगत लेखकों द्वारा रचित पुस्तकों के अतिरिक्त ऐसी भी पुस्तकों का संग्रह किया जाता है जिसमें लेखक के रूप में व्यक्ति न होकर अपितु समष्टि निकाय अथवा उसका कोई अंग होता है।इस प्रकार के प्रकाशनों के अन्तर्गत शासन अथवा उसके अंगों द्वारा रचित पुस्तकें, संस्था अथवा उसके अंगों द्वारा रचित पुस्तकें एवं सम्मेलन की कार्यवाहियाँ आदि आते हैं। इस सम्बन्ध में AACR-II संशोधित के अन्तर्गत समष्टि निकाय या समष्टि लेखक द्वारा रचित पुस्तकों के सूचीकरण हेतु नियमों का प्रावधान अलग से किया गया है।

AACR-II संशोधित में समष्टि निकाय के सम्बन्ध में निम्नलिखित व्याख्या की गई है। "एक संगठन अथवा व्यक्तियों का वह समूह, जो एक विशेष नाम से जाना जाता है तथा एक सत्ता (Entity) के रूप में कार्य करता है अथवा कार्य कर सकता है।"

6.1.1 समष्टि निकाय के प्रकार

AACR-II संशोधित के अध्याय - 24 में वर्णित नियमों के आधार पर इसे मुख्यतया निम्नलिखित प्रकारों में बांटा जा सकता है।

(1) शासन (Government)

(2) संस्था (Institution)

(3) सम्मेलन (Conference)

इसके अतिरिक्त समष्टि लेखकत्व की दृष्टि से निम्न दो प्रकार के और समष्टि लेखकत्व का भी जिक्र है। जो निम्नवत है -

(1) प्रदर्शनियाँ, मेले एवं उत्सव (Exhibition, fairs and festivals)

(2) रेडियो एवं टेलीविजन केन्द्र (Radio and Television centres)

समष्टि निकाय के उपरोक्त श्रेणियों में से प्रस्तुत अध्याय में शासन द्वारा समष्टि लेखक के रूप में लिखित पुस्तकों के प्रायोगिक सूचीकरण के सम्बन्ध में विस्तृत व्याख्या निम्नवत प्रस्तावित है।

6.2 शासन से तात्पर्य

वे पुस्तकें जिसके विषय वस्तु के प्रस्तुतीकरण के लिए शासन अथवा उसका कोई

अंग जिम्मेदार हो, को शासकीय प्रकाशन कहा जाता है। AACR-II संशोधित के अनुसार 'शासन से तात्पर्य समष्टि निकायों - कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका, जिसका एक निश्चित भूभाग पर आधिपत्य होता है, की सम्पूर्णता का बोध होता है'।

प्रायोगिक सूचीकरण की दृष्टि से जब किसी ग्रन्थ में प्रस्तुत विचारों के लिए सम्पूर्ण शासन अथवा उसका कोई अंग उत्तरदायी हो तो ऐसे ग्रन्थों के लेखक के रूप में शासन अथवा उसके अंगों को ही स्वीकार किया जाता है। ऐसी स्थितियों में शीर्षक का चयन एवं उपकल्पन शासन तथा उसकें अंगों पर ही आधारित होता है।

6.3 शीर्षक का चयन एवं उपकल्पन

AACR-II संशोधित के अनुसार शासन के अन्तर्गत शीर्षक का चयन सर्वप्रथम भौगोलिक भूभाग (राष्ट्र, राज्य, प्रदेश या उससे सम्बन्धित भौगोलिक इकाई) के द्वारा किया जाता है । तत्पश्चात यदि भौगोलिक भूभाग के साथ-साथ उससे सम्बन्धित पुस्तक के मुख्य पृष्ठ पर उसके अधीनस्थ अंगों का भी उल्लेख है तो डाट (.) लगाकर उन अधीनस्थ अंगों के नाम का भी उल्लेख किया जाता है। भौगोलिक भूभाग को छोड़कर जुड़े हुए अन्य अधीनस्थ अंगों को रेखांकित (Underline) किया जाता है। महत्वपूर्ण है कि यदि शीर्षक (Heading) अग्ररेखा पर पूर्ण रूपेण समाहित नहीं होता तो उसकी वापसी अगली पंक्ति पर तृतीय काल्पनिक रेखा से की जाती है। उदाहरणार्थ -

मुख्य पृष्ठ पर दी गई सूचना

(i) Department of Scholarship, Ministry of Social Welfare, Government of India.

(ii) Department of Minor Irrigation, Government of Rajasthan.

सूचीपत्रक में शीर्षक का उपकल्पन

AACR-II संशोधित के नियमानुसार निम्नवत होगा ।

(i) India. Ministry of Social Welfare. Department of Scholarship.

(ii) Rajasthan. Department of Minor Irrigation

6.4 शासन के अंग

निम्नलिखित तालिका के अनुसार शासन के विभिन्न अंगों का बोध किया जा

सकता है।

- शासन के अंग
  - स्थाई अंग
    - वैधानिक अंग
      - कार्यपालिका
      - विधायिका
      - न्यायपालिका
    - प्रशासनिक अंग
    - राज्य अथवा शासन का प्रमुख
  - अस्थाई अंग

उदाहरण

(सम्पूर्ण शासन)

Democracy in India

Manager of Publication
New Delhi, 1950

Other Information:

Call No.	-	321.800954 IND
Acc. No.	-	5384
Pages	-	22 + 370
Size	-	22 cm.

मुख्य संलेख (Main Entry)

```
321.800954
IND        India
               Democracy in India. - New Delhi: Manager of
           publication, 1950.
               xxii, 370 p.; 22 cm.
 5384



               1. Democracy - India I. Title

                          O
```

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

321.800954 IND	India	DEMOCRACY - INDIA.
		Rest as in the main entry. O

शीर्षक इतर संलेख (Title Added Entry)

321.800954 IND	India	Democracy in India.
		Rest as in the main entry. O

6.4.1 शासन के स्थाई अंग

6.4.1.1 शासन का वैधानिक अंग

उदाहरण - 2 **Debate on child labour**

Rajya Sabha

Govt. of India

Manager of Publications, New Delhi, 2001

Other information:

Call No.	-	331.31 IND
Acc.No.	-	537483
Pages	-	xiii, 423
Size	-	24 cm.

मुख्य संलेख (Main Entry)

331.31 IND	India. Parliament. Rajya Sabha.	
537483		Debate on child labour/ Rajya Sabha, Government of India.- New Delhi: Manager of Publication, 2001. xiii, 423p.; 24 cm. 1. Child labour I.Title.

विषय इतर संलेख (Subject Added Entry)

331.31 IND.		CHILD LABOUR. India.Parliament. Rajya Sabha
		Rest as in the main entry.

आख्या इतर संलेख (Title Added Entry)

331.31 IND		Debate on child labour. India. Parliament. Rajya Sabha
		Rest as in the main entry.

महत्वपूर्ण बातें :

नियम संख्या 24.21ए के अनुसार विधायी निकाय के एक से अधिक सदन होने पर उन्हें सदनों के मिले जुले नाम को उपशीर्षक के रूप में उल्लिखित करते हैं। जैसा कि उपरोक्त उदाहरण में भारत देश मे लोक सभा एवं राज्य सभा दोनों

सदनों का सम्मिलित नाम Parliament का उल्लेख किया गया है।

6.4.1.2 शासन का प्रशासनिक अंग

उदाहरण -3 **Selected Educational Statistics**

1985-86

Government of India
Ministry of Human Resource Development
Planning, Monitoring and Statistics Division

Manager of Publication
New Delhi
1987

Other information:

Call No.	-	370.954 IND
Acc. No.	-	34926
Pages	-	iv, 240 p.
size	-	23 cm

मुख्य संलेख (Main Entry)

UNIVERSITY OF CHICAGO PRESS
CHICAGO

OTHER INFORMATION

Class No.	-	341
First published in	-	1986
library has volume 5 onwards		

Note: The Editor is associated with the journal from its beginning.

9.6 विस्तृत अध्ययन हेते ग्रन्थ सूची

1. IGNOU : A.A.C.R.-2 Rev.- Part 2 (BLIS Course Material).
2. Joint Steering Committee for Revision of A.A.C.R.-2nd rev. ed., 1998. Edited by Michael Gorman and Paul W. Winkler, Ottawa, Canadian Library Association, 1998.
3. गौतम, जे.एन. एवं निरन्जन सिंह : एडवान्स कैटलागिंग, आगरा, वाई.के. पब्लिशर्स, 1998
4. सूद, एस.पी. : क्रियात्मक सूचीकरण ए.ए.सी.आर. -2, जयपुर, राज पब्लिशिग हाउस, 2002
5. वर्मा, ए.के. : प्रयोगात्मक ए.ए.सी. आर.-2, रामपुर, सेन्ट्रल बुक हाउस, 1998.

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त
विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

BLIS-05
पुस्तकालय सूचीकरण प्रायोगिक

खण्ड-3

क्लासीफाइड कैटलाग कोड द्वारा सूचीकरण : भाग-एक

इकाई -10 5
क्लासीफाइड कैटलाग कोड का परिचय, संलेखों के प्रकार एवं संरचनां
(Introduction to Classified Catalogue Code, Types of Entries and their Structure)

इकाई -11 28
एक व्यक्तिगत लेखक द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण
(Cataloguing of Books by Single Personal Author)

इकाई -12 53
संयुक्त व्यक्तिगत लेखक द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण
(Cataloguing of Books by Joint Personnel Authors)

इकाई -13 80
छद्मनामधारी लेखकों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण
(Cataloguing of Books by pseudonym authors)

इकाई -14 107
बहुखण्डीय ग्रन्थों का सूचीकरण
(Cataloguing of Multi-volumed Books)

खण्ड-3- : क्लासीफाइड कैटलॉग कोड द्वारा सूचीकरण : भाग-एक

प्रस्तावना -

प्रायोगिक सूचीकरण हेतु समय-समय पर विद्वानों द्वारा अनेक सूची संहिताओं का निर्माण किया गया है। सूचीकरण हेतु सूचना का मुख्य स्रोत वह ग्रन्थ या प्रलेख होता है जिसका सूचीकरण किया जा रहा है। प्रस्तुत खण्ड में डा. एस.आर.रंगनाथन कृत क्लासीफाइड कैटलॉग कोड के अनुसार ग्रन्थों के सूचीकरण हेतु चर्चा की जा रही है। यह खण्ड निम्नलिखित इकाइयों में विभक्त है :-

इकाई-10 क्लासीफाइड कैटलॉग कोड का परिचय, संलेखों के प्रकार एवं संरचना :- इस इकाई के अन्तर्गत क्लासीफाइड कैटलॉग कोड के ऐतिहासिक विकास क्रम के साथ परिचय, संलेखों के प्रकार, संलेखों की संरचना से उदाहरण सहित शिक्षार्थियों को अवगत कराया गया है।

इकाई-11 एक व्यक्तिगत लेखक द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण:- इस इकाई के अन्तर्गत व्यक्तिगत लेखक से तात्पर्य, एकल व्यक्तिगत लेखक द्वारा रचित पुस्तकों के शीर्षक का चयन एवं उपकल्पन सम्बन्धी नियमों का ज्ञान एवं उदाहरण के माध्यम से प्रविष्टियों का संरचना से शिक्षार्थियों को जानकारी प्रदान की गई है।

इकाई-12 संयुक्त व्यक्तिगत लेखक द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण:- इस इकाई के अन्तर्गत संयुक्त व्यक्तिगत लेखक से तात्पर्य, उनके प्रकार तथा उनकी रचनाओं के प्रायोगिक सूचीकरण हेतु नियमों से अवगत कराते हुए उदाहरण के माध्यम से शिक्षार्थियों को सिद्धहस्त बनाने का प्रयास किया गया है।

इकाई-13 छद्मनामधारी लेखकों द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण:- इस इकाई के अन्तर्गत छद्मनामधारी लेखक की अवधारणा, छद्मनामान्तर्गत रचित कृतियों को सूचीकृत करने के लिए क्लासीफाइड कैटलॉग कोड के नियमों एवं इस प्रकार की कृतियों को सूचीकृत करने हेतु विस्तार से चर्चा की गई है।

इकाई-14 बहुखण्डीय ग्रन्थों का सूचीकरण :- इस इकाई में बहुखण्डीय ग्रन्थ की परिभाषा, प्रकार एवं उनके सूचीकरण के नियमों से अवगत कराया गया है। सूचीकृत मुखपृष्ठ एवं अभ्यासार्थ मुखपृष्ठ भी दिये गये हैं। पाठ्यक्रम में पुस्तकों के आख्या पृष्ठ (Title Page) स्वनिर्मित हैं जिसका उद्देश्य शिक्षार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करना है।

इकाई - 10: क्लासीफाइड कैटलॉग कोड का परिचय, संलेखों के प्रकार एवं संरचना (Introduction to classified catalogue code, types of Entries and their structure)

इकाई की रूपरेखा

10.0 उद्देश्य

10.1 क्लासीफाइड कैटलॉग कोड का परिचय

10.2 संलेखों के प्रकार

10.3 संलेखों की संरचना

10.3.1 मुख्य संलेख

10.3.2 इतर संलेख

10.4 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रन्थ सूची

10.0 उद्देश्य

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य है :

- क्लासीफाइड कैटलॉग कोड (Classified Catalogue Code) के ऐतिहासिक विकास क्रम से परिचित कराना,
- क्लासीफाइड कैटलॉग कोड के विभिन्न संलेखों की संरचना से अवगत कराना,
- सूचीकृत उदाहरण के माध्यम से क्लासीफाइड कैटलाग के विभिन्न संलेखों का बोध कराना।

10.1 क्लासीफाइड कैटलॉग कोड का परिचय

क्लासीफाइड कैटलॉग कोड की संरचना भारतीय पुस्तकालय विज्ञान मनीषी डॉ. एस.आर.रंगनाथन के द्वारा की गयी है। यदि इसके ऐतिहासिक यात्रा की ओर दृष्टिपात करें तो इसका प्रथम संस्करण सन 1934 में मद्रास लाइब्रेरी एसोशिएसन द्वारा प्रकाशित किया गया। उस समय यह कोड चार खण्डों में था ।इसका द्वितीय संस्करण 1938 में सूचीकरण के उपसूत्रों के अनुप्रयोग सहित प्रकाशित हुआ। इसी संस्करण में वर्ग संख्या (Class Number) से वर्ग निर्देश प्रविष्टि (Class Index Entry) के निर्माण हेतु शृंखला

प्रक्रिया (Chain procedure) का प्रयोग प्रारम्भ हुआ। इसका तीसरा संस्करण सन 1958 में प्रकाशित हुआ जिसमें संघ प्रसूची (Union Catalogue) तथा सामयिकी प्रकाशन के नियमों को सम्मिलित किया गया। इसका चतुर्थ संस्करण सन 1955 में अवतरित हुआ जिसमें राष्ट्रीय वांग्मय सूची (National Bibliography) निर्मित करने में आवश्यक नियमों का समावेश किया गया।

इस कैटलॉग कोड का पाँचवां (वर्तमान) संस्करण जो 1964 में अस्तित्व में आया, विभिन्न नवीन अध्यायों सहित प्रकाशित हुआ। इस संस्करण में 19 भाग है। इस संस्करण के प्रकाशन एवं संशोधन में श्री ए. नीलमेघन तत्कालीन रीडर डी.आर.टी.सी. बैंगलोर द्वारा डॉ. रंगनाथन को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

डॉ.रंगनाथन के अनुसार वर्गीकृत सूची (Classified Catalogue) से तात्पर्य ऐसी सूची से है जिसमें कुछ संलेख संख्या संलेख (number entry) तथा कुछ संलेख शब्द संलेख (Word entry) होते हैं। अतः वर्गीकृत सूची (Classified Catalogue) एक द्विभागीय सूची होती है। जो निम्नवत है -

क- वर्गीकृत भाग (Classified Part)

ख- अनुवर्ण भाग (Alphabetical part)

वर्गीकृत भाग मुख्य भाग होता है।इसमें संलेख वर्गीकृत क्रम (Classified order) से व्यवस्थित किये जाते है। अनुवर्ण भाग इसके पूरक (Supplement) के रूप में कार्य करता है जिसको अनुक्रमणिका (Index) की भी संज्ञा दे सकते हैं। इसमें संलेख अनुवर्ण क्रम (Alphabetical) में व्यवस्थित किये जाते हैं। इसका उपयोग मुख्य भाग (Classified part) से वाँछित सूचना प्राप्त करने के लिए भी किया जाता है।

10.2 संलेखों के प्रकार (Types of Entries)

क्लासीफाइड कैटलॉग कोड के अनुसार निर्मित किये जाने वाले संलेखों को दो भागों में विभाजित किया गया है जो निम्नवत है-

क- मुख्य संलेख (Main entry)

ख- इतर संलेख (Added entries)

उपरोक्त दोनों प्रकार के निर्मित संलेखों को निम्न तालिका से अधिक स्पष्ट किया जा सकता है।



10.3 संलेखों की संरचना

क्लासीफाइड कैटलॉग कोड में ऊपर वर्णित प्रकार के संलेख होते हैं। अब इन संलेखों का अलग-अलग विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है।

10.3.1 मुख्य संलेख (Main entry)

क्लासीफाइड कैटलॉग कोड में मुख्य संलेख के अन्तर्गत ग्रन्थ से सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं अंकित की जाती है। डॉ.रंगनाथन ने 'क्लासीफाइड कैटलॉग कोड में' मुख्य संलेख को निम्न प्रकार से परिभाषित किया है, "विशिष्ट विषय संलेख जो पूरे ग्रन्थ

के सम्बन्ध में अधिकतम सूचना प्रदान करता है, मुख्य संलेख (Main entry) के नाम से जाना जाता है। ग्रन्थ से सम्बन्धित अन्य सभी इतर संलेख (Added entry) सामान्यतया मुख्य संलेख से ही व्युत्पन्न (derived) होते हैं।"

सी.सी.सी. के नियम संख्या MBO के अनुसार मुख्य संलेख में निम्नानुसार अनुच्छेद होते हैं:-

1. अग्र अनुच्छेद (Leading Section)
2. शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section)
3. आख्या अनुच्छेद (Title Section)
4. टिप्पणी अनुच्छेद (Note Section)
5. परिग्रहण संख्या अनुच्छेद (Accession number section)
6. संकेत अनुच्छेद (Tracing section)

उपरोक्त अनुच्छेदों में से प्रथम पाँच अनुच्छेद सूची पत्रक (Catalogue card) के अग्र भाग (Front portion)में क्रमानुसार अंकित किये जाते हैं। परन्तु छठां अनुच्छेद मुख्य संलेख सूची पत्रक के पृष्ठ भाग (Back of the main entry card)पर अंकित किया जाता है।

उपरोक्त वर्णित अनुच्छेदों का विस्तृत विवरण निम्नवत है।

1. **अग्र अनुच्छेद Leading Section)**- इस अनुच्छेद में ग्रन्थ का क्रामक अंक (Call Number) लिखा जाता है। इस सूचना को अग्र रेखा (Leading line) पर प्रथम ऊर्ध्व रेखा (First induction) से आरम्भ करते हुए पहले वर्ग संख्या (class Number)उसके पश्चात दो अक्षरों का स्थान छोड़कर ग्रन्थ संख्या (Book number) का उल्लेख करते हैं। इस सूचना को सदैव पेन्सिल से अंकित किया जाता है। इस अनुच्छेद को सूची पत्रक में निम्नवत अंकित किया जाता है।

क्रामक संख्या Y71 N95



2. **शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section)** - यह अनुच्छेद अग्र रेखा के बाद

वाली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा (Second indention) से प्रारम्भ होता है। तथा सम्पूर्ण सूचना एक पंक्ति में नहीं आने की स्थिति में अनुवर्ती पंक्तियाँ (succeeding lines)प्रथम उर्ध्व रेखा (First indention) से प्रारम्भ होती है। इसमें सामान्यतः लेखक का नाम अंकित किया जाता है। लेखक के न होने पर नियमानुसार ग्रन्थ के सहकारक (Collaborator) का नाम अथवा ग्रन्थ की आख्या (Title) अंकित की जाती है। लेखक की सूचना को तीन भागों में विभाजित किया जाता है जो निम्नवत है:-

अ) प्रथम भाग में प्रविष्टि पद (entry element) के रूप में ग्रन्थकार या सहकारक का कुलनाम (Sir name) बड़े अक्षरों (Capital letters) में द्वितीय उर्ध्व रेखा (Second Indention) से अंकित किया जाता है।

ब) इसका दूसरा भाग गौण पद (Secondary elements)कहलाता है। इसमें मुख्यतः लेखक/सहकारक का प्रथम नाम (fore-name) वृत्ताकार कोष्टक (Circular bracket) में अंकित किया जाता है।

स) इसका तीसरा भाग व्यष्टिकारक पद (individualising element)कहलाता है इसमें लेखक /सहकारक के जन्म व मृत्यु वर्ष का विवरण अगले वृत्ताकार कोष्ठक (Circular bracket) में अंकित किया जाता है, तथा जन्म वर्ष और मृत्यु वर्ष को योजक चिह्न हाइफन (-) से जोड़ा जाता है।

आख्या पृष्ट पर इस अनुच्छेद से सम्बन्धित सूचना :

लेखक का नाम Vidya Dhar Mishra

लेखक का जन्म वर्ष 1948

इस सूचना को क्लासीफाइड कोड के अनुसार सूची पत्रक पर निम्नवत अंकित करते हैं।

	Y71	N 95
		MISHRA (Vidya Dhar) (1948 -)
		O

परन्तु यदि किसी ग्रन्थ में लेखक नहीं है अपितु किसी सहकारक की कोटि है ऐसी स्थिति में शीर्षक अनुच्छेद में सहकारक के नाम का उल्लेख करते हैं, तो उसके नाम के पश्चात कामा (,) संकेत चिह्न लगाकर सदैव विवरणात्मक तत्व (descriptive element) का उल्लेख करते हैं। विवरणात्मक तत्व को तिरछा (Italic) अथवा रेखांकित

(Underline) करते हैं। उदाहरणार्थ :-



3. **आख्या अनुच्छेद (Title section)** - शीर्षक अनुच्छेद के समाप्ति के पश्चात् अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से यह अनुच्छेद प्रारम्भ होता है। इस अनुच्छेद के अन्तर्गत निम्न तीन सूचनाएं एक पैराग्राफ के अन्तर्गत ही तीन वाक्यों में दी जाती है। इस प्रकार अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम उर्ध्व रेखा से वापस की जाती है।

अ) मुख्य आख्या (Main Title) - सबसे पहले ग्रन्थ की मुख्य आख्या का उल्लेख होता है और यदि मुख्य आख्या के पूर्व A, An या The है तो मुख्य आख्या को अंकित करते समय इन्हें हटा दिया जाता है।

अ.1 उपआख्या (Sub title)- मुख्य आख्या के बाद कोलन (:) संकेत चिह्न लगाकर उपआख्या का उल्लेख किया जाता है।

ब) संस्करण विवरण - मुख्य आख्या एवं उपआख्या के पश्चात पूर्ण विराम चिह्न लगाकर संस्करण विवरण निम्नवत् अंकित किया जाता है:-

आख्या पृष्ट पर सूचना	सूची पत्रक पर अभिकल्पन
3rd edition	Ed. 3
4th revised edition	Rev ed 4
New Edition	New ed

स) सहकारक विवरण (Collaborator Statement)- संस्करण विवरण के पश्चात् पूर्ण विराम लगाकर यदि कोई सहकारक (संपादक, अनुवादक, संकलनकर्ता, संशोधनकर्ता अथवा चित्रकार) है तो उसके नाम का उल्लेख निम्न प्रकार से करते हैं।

	Y71	N95
		MISHRA (Vidya Dhar) (1948 -) Book of prehistoric sociology : Archeological perspective. Ed 3. Ed by J N Pandey. O

यदि दो सहकारकों ने ग्रन्थ निर्माण में एक ही प्रकार का कार्य किया है तो दोनों सहकारकों का नाम 'and' से जोड़ते हैं :

उदाहरण - Ed by T P Shukla and S R Tripathi

यदि किसी ग्रन्थ की रचना में एक से अधिक कोटि के सहकारकों का योगदान है तो आख्या अनुच्छेद में संस्करण विवरण के बाद पहले सह कारक का उल्लेख कर पूर्ण विराम (.) लगाते हैं। उसके पश्चात् दूसरे सहकारक का नाम उसके पद के साथ अंकित करते हैं।

उदाहरण - Ed by S N Mishra. Tr by C K. Singh.

निम्नानुसार मुख्य संलेख के आख्या अनुच्छेद में सूचनाओं को अंकित किया जाता है।

	Y71	N95
		MISHRA (Vidya Dhar) (1948 -). Book of prehistoric Sociology: Archeological Perspective. Ed 3. Ed by T P Shukla and S R Tripathi. Tr by C K Singh. O

4 **टिप्पणी अनुच्छेद (Note section)-**

सूची पत्रक पर आख्या अनुच्छेद जिस पंक्ति पर समाप्त होता है उसकी अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से टिप्पड़ी अनुच्छेद प्रारम्भ होता है। यदि इस अनुच्छेद की सूचनायें एक पंक्ति पर समाहित नहीं होती तो अनुवर्ती सूचना प्रथम उर्ध्व रेखा से प्रारम्भ होती है।

सी.सी.सी. के नियमानुसार टिप्पड़ी निम्नानुसार छः प्रकार की हो सकती हैं :-

(i) ग्रन्थमाला टिप्पड़ी (Series Note)

(ii) बहु-ग्रन्थमाला टिप्पणी (Multiple Series Note)

(iii) उदगृहीत टिप्पणी (Extract Note)

(iv) आख्या परिवर्तन टिप्पड़ी (Change of Title Note)

(v) उद्ग्रहण टिप्पणी (Extraction of Note)

(vi) सम्बद्ध ग्रन्थ टिप्पणी (Associated Book Note)

उपरोक्त टिप्पड़ियों में से संलेख निर्माण में ग्रन्थमाला टिप्पणी का ही सर्वाधिक प्रयोग होता है। अतः यहाँ ग्रन्थमाला टिप्पणी के सम्बन्ध में ही चर्चा प्रासंगिक है।

ग्रन्थमाला टिप्पड़ी में सूचना के तीन भाग हो सकते हैं -

(अ) ग्रन्थमाला का नाम (Name of Series)

(ब) ग्रन्थमाला का सम्पादक (Editor of Series)

(स) ग्रन्थमाला की संख्या (Number of Series)

उपरोक्त तीनों भागों को सूची पत्रक में इसी क्रम में वृत्ताकार कोष्ठक (Circular Brakcet)में अंकित किया जाता है तथा प्रत्येक भाग के पूर्ण होने के बाद पूर्ण विराम (.) का प्रयोग किया जाता है। यदि ग्रन्थमाला के नाम से पूर्व प्रारम्भिक आर्टिकल्स (Initial Articles)- A, An, The को प्रयोग है तो ग्रन्थमाला का उल्लेख करते समय इसका प्रयोग नहीं करते। यदि किसी ग्रन्थ में दो या दो से अधिक ग्रन्थमाला टिप्पड़ियाँ दी गई हैं तो उनको अलग अलग कोष्ठकों में द्वितीय उर्ध्व रेखा से अंकित किया जाता है।

उपरोक्त सूचनाओं को नियमानुसार मुख्य संलेख के टिप्पड़ी अनुच्छेद में निम्नवत अंकित करते हैं -

	Y71	N95
		MISHRA (Vidya Sagar) (1948 -). Book of Prehistoric sociology: Archeological perspective. Ed 3. Ed by J N Pandey. (New Book in History Series. Ed by Rita Verma.6).

5. परिग्रहण संख्या अनुच्छेद (Accession Number Section) :

परिग्रहण संख्या ग्रन्थ के आख्या पृष्ठ (Title page) के पश्च भाग (Back of the Title page) पर परिग्रहणकर्ता (Accessioner) द्वारा अंकित की जाती है। परिग्रहण संख्या सूची पत्रक के अग्रभाग का अन्तिम अनुच्छेद है, जिसे सूची पत्रक के अन्तिम लाइन पर प्रथम उर्ध्व रेखा से प्रारम्भ कर लिखा जाता है तथा अन्त में पूर्ण विराम (.) नहीं दिया जाता। परिग्रहण संख्या का उल्लेख केवल मुख्य संलेख में ही किया जाता है।

नियमानुसार परिग्रहण संख्या अनुच्छेद में इस सूचना को निम्नवत अंकित करते हैं -

	Y71	N95
		MISHRA (Vidya Sagar) (1948 -)
		Book of Prehistoric Sociology : Archeological
	Pers	pective. Ed 3. Ed by J N Pandey.
		(New Book in History Series. Ed by Rita Verma.
	6).	
	8926	
		O

6. संकेत अनुच्छेद (Tracing Section)

यह अनुच्छेद सूची पत्रक के मुख्य संलेख (Main Entry) के पश्च भाग (Back portion)पर अंकित किया जाता है। मुख्य संलेख से सम्बन्धित इतर संलेखों (Added Entries) की सूचना इस अनुच्छेद में वर्णित की जाती है।

सर्वप्रथम मुख्य संलेख निर्मित सूची पत्रक के पश्च भाग को काल्पनिक रूप से दो भागों में विभाजित किया जाता है जिन्हें दायें व बाँये भाग (Right and Left Part) के नाम से जाना जाता है।

बाँये भाग में ग्रन्थ से सम्बन्धित अन्तर्विषयी संलेखों (Cross Reference Entries - CRE) के वर्गांक अंकित किये जाते हैं और उनके समक्ष 'P' (पृष्ठ),Part (भाग), Chap (अध्याय), Sec (अनुच्छेद)शब्द लिखकर सम्बन्धित संख्यायें अंकित की जाती हैं। प्रत्येक संलेख के लिए एक रेखा का प्रयोग किया जाता है। इनको वर्गीकृत क्रम में अंकित किया जाता है।

दाँये भाग को पुनः काल्पनिक रूप से तीन भागों में विभाजित किया जाता है जिन्हें क्रमशः दाँया ऊपरी भाग (Right Upper Part), दाँया मध्य भाग (Right

Middle Part),एवं दॉया निम्न भाग (Right Lower Part) के नाम से अभिहित किया जाता है। ऊपरी भाग में वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry - CIE), मध्य भाग में ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Book Index Entry - BIE) तथा सबसे नीचे के भाग में नामांतर निर्देशी संलेख (Cross Reference Index Entry- CRIE)के शीर्षक (Heading) अंकित किये जाते हैं। वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry) का अनुक्रम अंतिम खोज कड़ी होता है। ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Book Index Entry) का अनुक्रम लेखक संलेख, सहकारक संलेख, आख्या संलेख एवं ग्रन्थमाला संलेख होता है।

संकेत अनुच्छेद के सभी 'शब्द अथवा पद' (Word or Term)व्याकरण के नियमानुसार सामान्य लेखन शैली में ही अंकित किये जाते हैं। यदि एक पंक्ति में किसी शीर्षक को समाहित न किया जा सकता हो तो उसकी अनुवर्ती पंक्तियाँ दो अक्षर की जगह छोड़कर लिखी जाती हैं।

निम्न प्रारूप के आलोक में संकेत अनुच्छेद को अधिक स्पष्ट किया जा सकता है -

<table>
<tr><td rowspan="3">Cross Reference
Entry (CRE)</td><td>Class Index Entry
(CIE)</td></tr>
<tr><td>Book Index Entry
(BIE)</td></tr>
<tr><td>Cross Reference Index Entry
(CRIE)</td></tr>
</table>

सतत् पत्रक (Continuation Card)

संकेत अनुच्छेद (Tracing Section) की सूचना मुख्य संलेख के पश्च भाग पर स्थान कम होने की अवस्था में आवश्यकतानुसार नवीन सतत् पत्रक (Continuation Card)के अग्रभाग पर इस अनुच्छेद की शेष सूचना अंकित की जाती है। सतत् पत्रक की अग्ररेखा (Leading Line) पर प्रथम उर्ध्व रेखा से ग्रन्थ की क्रामक संख्या का उल्लेख किया जाता है।

निम्न प्रारूप के माध्यम से सतत् पत्रक को अधिक स्पष्ट किया जा सकता है।

सतत् पत्रक (Continuation Card)

Cros Reference Entry	Class Index Entry Book Index Entry Continued in the next card

		Continued 2 Class No. Book No.
		Continuation of Book Index Entry Cross Reference Index Entr Continued on the back card ○

मुख्य संलेख (Main Entry) के सूची पत्रक (Catalogue Card) के पश्च भाग में उल्लिखित संकेत अनुच्छेद (Tracing Section) के सभी शीर्षकों के प्रयोग को निम्न उदाहरण के माध्यम से अधिक स्पष्ट किया जा सकता है।

उदाहरण

BOOK OF PREHISTORIC SOCIOLOGY

BY

Dr. Vidya Dhar Mishra

Third Edition

Edited by

Dr. J. N. Pandey

Roshani Publishers,

Varanasi, 1995

Other Information

Call No.	:	Y71 N95
Acc. No.	:	2712
H.T.P.	:	New Books in History Series 12. Edited by Dr. Indrani Verma.
Note	:	Page 220-310 are related with the subject stone Age with Class Numer Y 714 Author born in the year 1948.

मुख्य संलेख (Main Entry)

Sec 1→		Y71	N95
Sec 2→			MISHRA (Vidya Dhar) (1948 -)
Sec 3→			Book of Prehistoric Sociology. Ed 3. Ed by J N Pandey.
Sec 4→			(New Books in History Series. Ed by- Indrani Verma. 12).
Sec 5→		2712	O

संकेत (Tracing)

Section-6 - Tracing Section:

C R E	Y714 P220-310	Prehistoric, Sociology Sociology. Stone Age, Prehistoric,	C I E
		Mishra (Vidya Dhar) (1948-) Pandey (J N), <u>Ed</u>. New Books in History Series.	B I E
		Verma (Indrani), <u>Ed</u>.	C R I E

10.3.2 इतर संलेख (Added Entries)

पाठकों के पुस्तक माँग की विभिन्न अभिगमों (Approaches) की पूर्ति हेतु इतर संलेखों का निर्माण किया जाता है। सभी इतर संलेखों का उद्गम स्रोत मुख्य संलेख ही होता है। डॉ. रंगनाथन के अनुसार मुख्य संलेख के अतिरिक्त किसी ग्रन्थ के लिए निर्मित अन्य संलेख को इतर संलेख कहते हैं।

इतर संलेख (Added Entries) निम्न प्रकार के होते हैं -

1. अर्न्तविषयी संलेख (Cross Reference Entry - CRE)
2. वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry - CIE)
3. ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Book Index Entry - BIE)
4. नामान्तर निर्देशी संलेख (Cross Reference Index Entry - CRIE)

10.3.2.1 अर्न्तविषयी संलेख (Cross Reference Entry)

डॉ.रंगनाथन के अनुसार, "अन्तर्विषयी संलेख अनुवर्ग सूची में विशिष्ट सहायक वर्गांक संलेख है । यह ग्रन्थ के अंश को वर्गांक से मुख्य ग्रन्थ में वर्णित विषय की ओर निर्देशित करती है। अंश संलेख होने के कारण अनुवर्ग सूची के वर्गीकृत भाग में इन्हें व्यवस्थित किया जाता है।"

क्लासीफाइड कैटलाग कोड के नियम संख्या MJ के अनुसार एक साधारण ग्रन्थ के इस संलेख में निम्नलिखित अनुच्छेद होते हैं -

1) अग्र अनुच्छेद (Leading Section)
2) निर्देशक अनुच्छेद (Directing Section)
3) मूल प्रलेख विवरण अनुच्छेद (Locus Section)
   - 3.1 मूल ग्रन्थ की क्रामक संख्या
   - 3.2 मूल ग्रन्थ के मुख्य संलेख के शीर्षक (Heading) का कुल नाम (Sir name)
   - 3.3 मूल ग्रन्थ की आख्या, संस्करण एवं प्राप्ति स्थल यथा - पृष्ठ, अध्याय, भाग अदि।

उदाहरण -

अर्न्तविषयी संलेख (Cross Reference Entry)

	Y714	
	P. 220-310	See also Y 71 N95 Mishra Book of Prehistoric Sociology. Ed 3. O

10.3.2.2 वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry)

इस संलेख के माध्यम से सामान्य विषय के द्वारा उसके वर्ग संख्या की ओर निर्दिष्ट किया जाता है। इस संलेख में ग्रन्थ की वर्ग संख्या प्राकृतिक भाषा में अनुवादित कर ग्रन्थ के विषय शीर्षक निकाले जाते हैं तथा उन विषय शीर्षकों को सूची पत्रक पर प्राकृतिक भाषा में लिखा जाता है। इसमें प्राकृतिक विषय को अग्र रेखा पर लिख उपयोगकर्ता को वर्गांक की ओर निर्दिष्ट किया जाता है। वर्गांक प्राप्त कर उपयोगकर्ता सूची के वर्गीकृत भाग में पहुँचकर उस विषय से सम्बन्धित सभी ग्रन्थों की सूचना एक साथ प्राप्त कर लेता है। वर्ग संख्या से सामान्य विषय (विषय शीर्षक) निकालने के लिए डॉ.रंगनाथन ने एक विधि का प्रतिपादन किया है जिसे शृंखला प्रक्रिया (Chain Procedure) कहते हैं। संक्षेप में इस विधि का निम्नवत उल्लेख है -

10.3.2.2.1 शृंखला प्रक्रिया (Chain Procedure)

डॉ. रंगनाथन के अनुसार "शृंखला प्रक्रिया किसी भी वर्गांक से विषय शीर्षक संलेख (Subject Heading Entry) निर्मित करने की एक लगभग यांत्रिक प्रक्रिया है" इस प्रक्रिया में विषय शीर्षक निकालने के लिए निम्नलिखित कड़ियाँ होती हैं -

1. मिथ्या कड़ी (False Link) - यह वह कड़ी है जो किसी योजक चिन्ह (Connecting Symbol), दशा सम्बन्ध (Phase Relation) प्रदर्शित करने वाले चिन्ह से समाप्त होती है या फिर काल पक्ष (Time Isolate) से किसी कड़ी का अन्त हो।

   उदाहरणार्थ -

   योजक चिन्ह - , ; : . ' - ( )

   दशा सम्बन्ध चिन्ह - जैसे Oa, ob, og आदि

   काल एकल - N 68, P04 आदि

2. DeKeepe ksdl er(Unsought link) - यह वह कड़ी होती है जिसके अन्तर्गत पाठ्य सामग्री उपयोगकर्ताओं द्वारा खोजे जाने की संभावना नहीं होती।

3. खोज कड़ी (Sought link) - उस कड़ी को कहते है जो न तो मिथ्या हो और न ही अखोज हो अर्थात् जिस कड़ी के माध्यम से उपयोगकर्ताओं द्वारा पाठ्य सामग्री खोजे जाने की संभावना हो।

शृंखला प्रक्रिया को अधिक स्पष्ट करने के लिए एक उदाहरण द्वारा इसी अध्याय के अन्तर्गत प्रस्तुत किया जायेगा।

10.3.2.2.2 संरचना (Structure)

वर्ग निर्देशी संलेख के निम्नवत् तीन अनुच्छेद होते हैं-

(1) अग्र अनुच्छेद (Leading Section)

(2) निर्देशक अनुच्छेद (Directing Section)

(3) निर्देशांक अनुच्छेद (Index Number Section)

(1) अग्र अनुच्छेद (Leading Section)

सूची पत्रक में अग्र रेखा (Leading Line) पर प्रथम उर्ध्व रेखा से वर्ग निर्देशी शीर्षक (Name of the class) को अंकित किया जाता है। यह शीर्षक बड़े अक्षरों (capital letters) में लिखा जाता है। यदि वर्ग निर्देशी शीर्षक एक पंक्ति में नहीं समायोजित हो पाता तो उसे अनुवर्ती पंक्तियों में प्रथम उर्ध्व रेखा से ही लिखा जाता है।

(2) निर्देशक अनुच्छेद (Directing Section)

अग्र अनुच्छेद की समाप्ति के पश्चात अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा (Second Indention) से निम्न निर्देशक पद (Directing Term)का उल्लेख करते हैं -

For documents in ths Class and its Subdivisions, see the Classified Part of the catalogue under the Class Number

टिप्पड़ी - 1. उपरोक्त वर्णित निर्देशक पद सूची पत्रक में द्वितीय उर्ध्व रेखा से प्रारम्भ हो कर अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम उर्ध्व रेखा से होती है।

2. निर्देशक पद में रेखांकित सात शब्द (Letters) बड़े अक्षर (Capital letters) के रूप में अंकित किये जाते हैं।

(3) निर्देशांक अनुच्छेद (Index Number Section)

इस अनुच्छेद में अग्र अनुच्छेद (leading section) में दिये गये शीर्षक को दर्शाने वाला निर्देशांक (Index Number)लिखा जाता है। जिस पंक्ति पर निर्देशक अनुच्छेद (Directing Section) समाप्त होता है उसी पर चार अक्षर का रिक्त स्थान

छोड़ कर सूची पत्रक के दायीं ओर निर्देशांक पेन्सिल से लिखा जाता है। यदि उस पंक्ति पर स्थान कम है तो वर्ग संख्या उससे अगली लाइन पर सूची पत्रक में दायीं ओर ही लिखते हैं तथा अनुच्छेद के अन्त में पूर्ण विराम (.) नहीं लगाते।

उदाहरण -

वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry)

PREHISTORIC, SOCIOLOGY

For documents in this Class and its Sub-divisions, see the Classified Part of the catalogue under the Class Number

Y71

SOCIOLOGY

For documents in this Class and its Sub-divisions, see the Classified Part of the catalogue under the Class Number

Y

STONE AGE, PREHISTORIC, SOCIOLOGY

For documents in this Class and its sub-division or see the Classified Part of the catalogue under the Class Number

Y714

10.3.2.3 ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Book Index Entry)

उपयोगकर्ताओं की पाठ्य सामग्री मांग के विभिन्न अभिगमों (Approaches) की पूर्ति हेतु इस संलेख को निर्मित किया जाता है।

यह संलेख उपयोगकर्ता के जिस अभिगम की पूर्ति करता है वही उस संलेख का नाम माना जाता है।

क्लासीफाइड कैटलाग कोड में निम्नलिखित ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Book Index Entry)बनाने का प्राविधान है -

(1) ग्रन्थकार ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Author Book Index Entry)

(2) सह-ग्रन्थकार ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Joint Author Book Index Entry)

(3) सहकारक ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Collaborator Book Index Entry)

  3.1 सम्पादक ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Editor Book Index Entry)

  3.2 अनुवादक ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Translator Book Index Entry)

  3.3 संशोधक ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Revisor Book Index Entry)

  3.4 चित्रकार ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Illustrator Book Index Entry)

  3.5 संकलनकर्ता ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Compiler Book Index Entry)

(4) आख्या ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Title Book Index Entry)

(5) ग्रन्थमाला ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Series Book Index Entry)

10.3.2.3.1 संरचना (Structure)

क्लासीफाइड कैटलाग कोड के नियम संख्या MKO के अनुसार ग्रन्थ निर्देशी संलेख में निम्न चार अनुच्छेद होते हैं-

(1) **अग्र अनुच्छेद (Leading Section)**- मुख्य संलेख में दी गई सूचना पर आधारित शीर्षक अग्ररेखा पर प्रथम उर्ध्व रेखा से लिखा जाता है तथा अनुवर्ती पंक्तियाँ भी प्रथम उर्ध्व रेखा से ही प्रारम्भ की जाती है। शीर्षक की समाप्ति पर पूर्ण विराम (.) लगाया जाता है।

(2) **द्वितीय अनुच्छेद (Second Section)** - जिस रेखा पर अग्र अनुच्छेद समाप्त होता है उसकी अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से यह अनुच्छेद प्रारम्भ होता है।

(3) **निर्देशांक अनुच्छेद (Index Number Section)**- जिस पंक्ति पर द्वितीय अनुच्छेद समाप्त होता है, यदि उसी पंक्ति पर स्थान शेष है तो चार अक्षरों का रिक्त स्थान खाली छोड़कर सूची पत्रक के दायीं ओर क्रामक संख्या (Call No.)लिखा जाता है अन्यथा उससे अगली पंक्ति पर पत्रक के दायीं ओर लिखते हैं।

(4) **टिप्पड़ी अनुच्छेद (Note Section)**- इस अनुच्छेद की आवश्यकता ग्रन्थ में सामान्यतः नहीं पड़ती है।

ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Book Index Entry)के अन्तर्गत आने वाली उपरोक्त वर्णित संलेखों की संरचना निम्नवत है -

(1) ग्रन्थकार ग्रन्थ/निर्देशी संलेख (Author Book Index Entry)

इस संलेख में निम्न अनुच्छेदानुसार सूचनायें अंकित की जाती हैं -

(क) अग्र अनुच्छेद (Leading Section) - इस अनुच्छेद के अन्तर्गत सूची पत्रक के अग्र रेखा पर प्रथम उर्ध्व रेखा से मुख्य संलेख के शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section) में अंकित सूचना को ज्यों का त्यों अंकित किया जाता है।

(ख) द्वितीय अनुच्छेद (Second Section)- जिस रेखा पर अग्र अनुच्छेद समाप्त होता है उसकी अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा से ग्रंथ की संक्षिप्त आख्या उसके पश्चात पूर्ण विराम (.)लगा कर संस्करण विवरण का उल्लेख करते हैं। अंत में पूर्ण विराम लगाते है।

(ग) निर्देशांक अनुच्छेद (Index Number Section)- इस अनुच्छेद के अन्तर्गत ग्रन्थ की क्रामक संख्या (Call Number), द्वितीय अनुच्छेद की समाप्ति के पश्चात चार अक्षरों की दूरी पर दाहिनी ओर अंकित की जाती है। यदि द्वितीय अनुच्छेद की समाप्ति के पश्चात दाहिनी ओर पर्याप्त स्थान नहीं रहता तो क्रामक संख्या अनुवर्ती पंक्ति की दाहिनी ओर अंकित की जाती है।

उदाहरण -

ग्रन्थकार ग्रंथ निर्देशी संलेख

(Author Book Index Entry)

MISHRA (Vidya Dhar((1948 -).
Book of Prehistoric Sociology. Ed 3.
Y71 N95

2. सह-ग्रन्थकार ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Joint Author Book Index Entry)

यह संलेख भी ग्रन्थकार निर्देशी संलेख की ही भाँति निर्मित किया जाता है। अन्तर मात्र इतना होता है कि एक लेखक के स्थान पर दो लेखक अथवा दो लेखक से अधिक होने की स्थिति में मुख्य संलेख के शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section) में सहग्रन्थकार की सूचना जो दी गई होती है उसे ज्यों का त्यों सूची पत्रक में अग्र रेखा

पर प्रथम उर्ध्व रेखा से अंकित किया जाता है। अनुवर्ती पंक्तियाँ भी प्रथम रेखा से ही वापस की जाती है।

अन्य अनुच्छेद ग्रन्थकार निर्देशी संलेख की ही भाँति होते हैं।

3. **सहकारक ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Collaborator Book Index Entry):**

इस कोटि के संलेख में भी उपरोक्तानुसार तीन अनुच्छेद होते हैं -

(क) अग्र अनुच्छेद (Leading Section)- इस अनुच्छेद के अन्तर्गत सूची पत्रक के अग्र रेखा पर प्रथम उर्ध्व रेखा (First Indention) से सहकारक (Collaborator) का नाम लेखक की भाँति 'विवरणात्मक पद' (Descriptive Term) सहित अंकित किया जाता है। विवरणात्मक पद को रेखांकित किया जाता है। एक से अधिक सहकारकों की स्थिति में उनका उपकल्पन भी सहलेखकों के समान क्रम परिवर्तन करके किया जाता है ऐसी स्थिति में दो सहकारक ग्रन्थ निर्देशी संलेख निर्मित किये जाते हैं।

(ख) द्वितीय अनुच्छेद (Second Section)- इस अनुच्छेद में मुख्य संलेख में प्रयुक्त लेखक का कुलनाम (Sirname) सामान्य भाषा में लिखने के पश्चात् कोलन (:) लगाते हैं। उसके पशचात् ग्रन्थ की आख्या (Title) का उल्लेख कर पूर्णविराम (.) अंकित करते हैं। तत्पश्चात् यदि ग्रन्थ का संस्करण विवरण है तो उसका उल्लेख कर अंत में पूर्ण विराम (.) का प्रयोग करते हैं।

(ग) निर्देशांक अनुच्छेद (Index Number Section) - इस अनुच्छेद में दी जाने वाली सूचना ग्रन्थकार निर्देशी संलेख (Author Index Entry) की ही भाँति होती है।

उदाहरण - संपादक ग्रन्थ निर्देशी संलेख
(Editor Book Index Entry)

	PANDEY (J N), <u>Ed</u>.
	Mishra : Book of Prehistoric Sociology. Ed 3.
	Y71 N95
	O

(4) आख्या ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Title Book Index Entry)

क्लासीफाइड कैटलॉग कोड के नियमानुसार प्रत्येक ग्रन्थ के लिए 'आख्या निर्देशी संलेख (Title Index Entry) का निर्माण नहीं किया जाता। जब आख्या

(Title) अलंकारिक होती है अर्थात ग्रन्थ की आख्या से जब उसके वास्तविक विषय का बोध न हो ऐसी स्थिति में आख्या निर्देशी संलेख निर्मित की जाती है, अन्यथा नहीं। आख्या निर्देशी संलेख के भी तीन अनुच्छेद होते हैं -

(क) अग्र अनुच्छेद (Leading Section) - सूची पत्रक में अग्र रेखा (Leading line) पर प्रथम उर्ध्व रेखा से यह अनुच्छेद प्रारम्भ होता है। आख्या (Title) के प्रथम दो शब्द दीर्घ अक्षरों (Capital letters)में अंकित किये जाते है। तथा अन्य शब्द सामान्य अक्षरों में लिखे जाते हैं।

(ख) द्वितीय अनुच्छेद (Second Section) - जिस पंक्ति पर अग्र अनुच्छेद (Leading section) समाप्त होता है उसकी अगली पंक्ति पर द्वितीय उर्ध्व रेखा (Second Indention) से By लिखकर लेखक/सहकारक का कुल नाम (Sirname) लिखते हैं एवं अन्त में पूर्ण विराम (.) अंकित करते हैं।

(ग) निर्देशांक अनुच्छेद (Index Number Section) - मुख्य संलेख (Main Entry)के अग्र अनुच्छेद (Leading Section)में उल्लिखित क्रामक संख्या (Call Number) को पेन्सिल के द्वारा सूची पत्रक में दाहिनी ओर अंकित करते हैं।

उदाहरण - आख्या ग्रन्थ निर्देश संलेख

(Title Book Index Entry)

BOOK OF prehistoric Sociology. Ed 3.
By Mishra. Y71 N95

टिप्पड़ी - उपरोक्त ग्रन्थ की आख्या अलंकारिक (Ornamental) नहीं है इसलिए इसका आख्या ग्रन्थ निर्देश संलेख (Title Book Index Entry)नियमानुसार नहीं बनाया जायेगा तथापि नमूने के तौर पर शिक्षार्थियों के बोधगम्यता हेतु इसे निर्मित किया गया है।

5. ग्रन्थमाला ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Series Book Index Entry)

इस कोटि के संलेख में भी अन्य ग्रन्थ निर्देशी संलेख की भाँति निम्नवत तीन अनुच्छेद होते हैं -

(क) अग्र अनुच्छेद (Leading Section) - सूची पत्रक के अग्र रेखा (Leading line) पर प्रथम उर्ध्व रेखा (First Indention) से ग्रन्थमाला का नाम बड़े

अक्षरों में (Capital letters)अंकित किया जाता है। तथा यदि ग्रन्थमाला उसी पंक्ति पर समाप्त नहीं होती तो अनुवर्ती सूचना भी प्रथम उर्ध्व रेखा से ही वापस की जाती है।

(ख) द्वितीय अनुच्छेद (Second Section)- अग्र अनुच्छेद (Leading Section)की समाप्ति के बाद अगली पंक्ति पर प्रथम एवं द्वितीय उर्ध्व रेखा (First and Second Indention) के मध्य ग्रन्थमाला संख्या (Series Number) का अंकन किया जाता है। तत्पश्चात ग्रन्थमाला संख्या के बाद द्वितीय उर्ध्व रेखा से लेखक/सहकारक का कुलनाम (Surname) सामान्य भाषा में लिखकर कोलन चिन्ह (:) लगाते है। उसके उपरान्त आख्या का उल्लेख कर पूर्णविराम (.) लगाकर संस्करण विवरण अंकित करते हैं। अनुच्छेद की समाप्ति पर पूर्णविराम (.) का प्रयोग करते हैं।

(ग) निर्देशांक अनुच्छेद (Index Number Section)- द्वितीय अनुच्छेद की समाप्ति के पश्चात चार अक्षरों का रिक्त स्थान छोड़कर सूची पत्रक के दाहिनी ओर क्रामक अंक (Call Number) को पेंसिल से लिखते हैं। उस पंक्ति पर स्थान कम होने की स्थिति में उससे अगली पंक्ति पर सूचीपत्रक के दाहिनी ओर क्रामक संख्या का उल्लेख करते हैं।

उदाहरण - ग्रन्थमाला ग्रन्थ निर्देशी संलेख

(Series Book Index Entry)

	NEW BOOKS IN HISTORY SERIES.	
	12	Mishra : Book of Prehistoric Sociology. Ed3. Y71 N95
		O

10.3.2.4 नामान्तर निर्देशी संलेख (Cross Reference Index Entry)

क्लासीफाइड कैटलॉग कोड में नियम संख्या LA3 के अन्तर्गत इन संलेखों का वर्णन है। ये निम्न प्रकार की होती हैं -

क) वैकल्पिक नाम संलेख (Alternative Name Entry)

ख) पद वैरूप्य संलेख (Varient form of Word Entry)

ग) कृत्रिम नाम/वास्तविक नाम संलेख (Pseudonym Real Name Entry)

घ) ग्रन्थमाला सम्पादक संलेख (Series Editor Entry)

ङ) सजातीय नाम संलेख (Generic Name Entry)

10.3.2.4.1 संरचना (Structure)- नामांतर निर्देशी संलेख (Cross Reference Index Entries)में भी अन्य इतर संलेखों की भाँति निम्न तीन अनुच्छेद होते हैं -

(क) अग्र अनुच्छेद (Leading Section)- यह अनुच्छेद सूची पत्रक के अग्र रेखा (Leading line) पर प्रथम उर्ध्व रेखा (First Indention)से प्रारम्भ होता है तथा अनुवर्ती पंक्तियाँ भी प्रथम उर्ध्व रेखा से ही प्रारम्भ होती हैं।

(ख) निर्देशांक अनुच्छेद (Directing Section)- यह अनुच्छेद द्वितीय उर्ध्व रेखा (Second Indention) से लिखा जाता है। इसमें निर्देशक पद (Directing Term) See या See also लिखते हैं तथा निर्देशक पद को रेखांकित करते हैं तथा इसके अन्त में पूर्ण विराम (.) नहीं लगाया जाता ।

(ग) निर्देशित शीर्षक अनुच्छेद (Referred-To-Heading Section) - इस अनुच्छेद में निर्देशित शीर्षक अंकित किया जाता है। यह अनुच्छेद द्वितीय उर्ध्व रेखा (Second Indention) से प्रारम्भ होता है तथा अनुवर्ती पंक्तियाँ प्रथम उर्ध्व रेखा (First Indention) से प्रारम्भ होती है।

संदर्भित उदाहरण में **नामांतर** निर्देशी संलेख की कोटि (घ) ग्रन्थमाला सम्पादक का उल्लेख है। अतः नीचे ग्रन्थमाला सम्पादक नामान्तर निर्देशी संलेख (Editor of Series Cross Reference Index Entry) का निर्माण किया जा रहा है।

उदाहरण - ग्रन्थमाला सम्पादक नामान्तर निर्देशी संलेख

(Editor of Series cross Reference Index Entry)

	VERMA (Indrani), <u>Ed</u>.	
		<u>See</u> NEW BOOK IN HISTORY SERIES. O

अन्य प्रकार के नामान्तर निर्देशी संलेख भी ऊपर वर्णित नियमानुसार ही निर्मित किये जाते है। अन्य उदाहरणों के साथ उन्हें भी निर्मित कर शिक्षार्थियों को स्पष्ट कराया जायेगा।

10.4 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रन्थ सूची (Bibliography)

1. Ranganathan (SR): Cataloguing Practice. Ed 2. Bangalore, Sarda Ranganathan Endowment for LIbrary Science, 1994.

2. Ranganathan (S.R.) : Classified Catalogue Code. Ed 6. Bangalore, Sarda Ranganathan Endowment for Library Science, 1992.

3. Krishna Kumar : An Introduction to Cataloguing Practice, N. Delhi, 1996.

4. सूद (एस.पी.) सूचीकरण प्रक्रिया, जयपुर,आर.बी.एस.ए., 1998

5. शर्मा (बी.डी.) : अनुवर्ग प्रसूची नियमावली : एक व्यावहारिक अध्ययन, वाई.के.पब्लिशर्स, आगरा, 1999

6. वर्मा (ए.के.) : क्रियात्मक अनुवर्ग सूचीकरण, रायपुर, सेन्ट्रल बुक हाउस, 1999

इकाई -11: एक व्यक्तिगत लेखक द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण (Cataloguing of Books by Single Personal Author)

इकाई की रूपरेखा

11.0 उद्देश्य

11.1 व्यक्तिगत लेखक से तात्पर्य

11.2 एकल व्यक्तिगत लेखक हेतु शीर्षक का चयन एवं उपकल्पन

11.3 सूचीकृत उदाहरण

11.4 अभ्यास हेतु उदाहरण

11.5 विस्तृत अध्ययनार्थ ग्रन्थ सूची

11.0 उद्देश्य

इस इकाई के निम्नलिखित उद्देश्य है :

- व्यक्तिगत लेखक को परिभाषित करना,
- एकल व्यक्तिगत लेखकों द्वारा रचित पुस्तकों हेतु सूचीकरण नियमों से शिक्षार्थियों को अवगत कराना,
- एकल व्यक्तिगत लेखकों द्वारा रचित पुस्तकों के प्रायोगिक सूचीकरण से शिक्षार्थियों को सुपरिचित कराना।

11.1 व्यक्तिगत लेखक से तात्पर्य (Meaning of Personal Author)

सामान्यतः लेखक से तात्पर्य ग्रन्थ के अविर्भाव एवं संरचना करने वाले से हैं, जो अपने विचारों एवं विशिष्ट ज्ञान को विषय से सम्बन्धित ग्रन्थ में अभिव्यक्त कर लिपिबद्ध करता है। लेखक अपने ग्रन्थ की विषयवस्तु एवं मौलिक विचारों के लिए उत्तरदायी होता है।

किसी भी ग्रन्थ की रचना एक लेखक द्वारा अथवा एक से अधिक लेखकों द्वारा हो सकती है। जब किसी ग्रन्थ की रचना में एक लेखक उत्तरदायी होता है तो वह व्यक्तिगत लेखक कहलाते हैं। डॉ. एस.आर.रंगनाथन के अनुसार, "लेखक के रूप में व्यक्ति कृति में प्रस्तुत विचारों एवं अभिव्यक्त का पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं की व्यक्तिगत

क्षमता पर होता है, अन्य किसी पद, समष्टि निकाय के अन्तर्गत नहीं होता और न ही उस निकाय की क्षमता में होता है।''

11.2 एकल व्यक्तिगत लेखक हेतु शीर्षक का चयन एवं उपकल्पन (Choice of Heading and rendering for Single Per sonal Author)

शीर्षक अनुच्छेद (Heading Section) अग्र अनुच्छेद के पश्चात् वाली पंक्ति पर लिखा जाता है इसमें लेखक के नाम का उल्लेख किया जाता है।

- लेखक के नाम के पूर्व लगे सम्मान सूचक शब्द, पदवीधारक शब्द, आदि उपकल्पन के पूर्व हटा दिये जाते हैं। उदाहरणार्थ Dr, Shri, Shrimati, Mr, Mrs, Ms, Sir, Rai Sahab, Padmashri, Bharat Ratna आदि।

- क्लासीफाइड कैटलाग कोड के Part J के नियम संख्या JA2 के अनुसार लेखक के नाम में से कुलनाम (Surname) का प्रयोग प्रविष्टि पद (Entry Element) के रूप में दीर्घ अक्षरों (Capital letters) में तथा व्यक्तिगत नाम (Forename)का प्रयोग गौड़ पद (Secondary Element) के रूप में वृत्ताकार कोष्ठक में लिखा जाता है । इसके पश्चात लेखक का जन्म - मृत्यु वर्ष अगले वृत्ताकार कोष्ठक में व्यष्टिकरण पद (Individualising Element) के रूप में अंकित किया जाता है।

- क्लासीफाइड कैटलाग कोड के नियम संख्या JA3 के अनुसार एक शब्दीय नाम को आख्या पृष्ठ (Title Page) के अनुसार ज्यों का त्यों लिखा जाता है।

उदाहरण स्वरूप -

YAGYVALKA

PARASHAR

VASHISTHA

- क्लासीफाइड कैटलाग कोड के नियम संख्या JA6 के अनुसार बहुशब्दीय नाम (Multi-worded Name) को प्रविष्ट पद (Entry Element), गौड़ पद (Secondary Element)एवं व्यष्टिकृत पद (Individualising Element) के रूप में उपकल्पित किया जायेगा।

उदाहरण स्वरूप -

Dr. Ramesh Kumar Sharma born in 1934 and died in the year 2001

को

SHARMA (Ramesh Kumar) (1934 - 2001) उपकल्पित किया जायेगा।

- योजकीय प्रविष्टि पद (Hyphenated Entry Element)के सम्बन्ध में नियम संख्या JA62 में निम्नवत उल्लेख है ।

उदाहरण स्वरूप - Laura Smith-Johnson को

SMITH - JOHNSON (Laura)उपकल्पित करेंगे।

- कंजक्शन के साथ प्रविष्टि पद (Entry Element with Conjunction) को निम्नवत् उपकल्पित किया जाता है।

उदाहरण स्वरूप -

Peter Endrew DU Gard Born in 1946 को
ENDREW DU GARD (Peter) (1946 -). उपकल्पित करेंगे।

- नियम संख्या JA 64 योजकीय एवं कंजक्शन रहित दो शब्दीय प्रविष्टि पद (Two worded entry Element without Hyphen and Conjunction) का निम्नवत् उपकल्पित करने का निर्देश देता है -

Dr. Ranjana Das Gupta को

DAS GUPTA (Ranjana)उपकल्पित करेंगे।

- नियम संख्या JA65 तीन शब्दीय प्रविष्ट पद (Three worded Entry Element)को निम्नवत उपकल्पन हेतु निर्देशित करते हैं -

Munindra Kumar Datta Rai Mahashya

को

DATTA RAI MAHASHYA (Munindra Kumar)उपकल्पित करेंगे।

बिना कुलनाम (Without Surname)को ज्यों का त्यों ही लिखेगे।

Ramesh Kumar

को

RAMESH KUMAR ही उपकल्पित करेंगे।

11.3 सूचीकृत उदाहरण (Catalogued Examples)

उदाहरण - 1

(एक लेखक, सहकारक, एवं ग्रन्थमाला)

Indian Social Problems
By
Prof. G.R. Madan
Ed by
Dr. Puneet Arora
Ed 4
Allied Publishers
New Delhi, 1999

<u>Other Information:</u>

Call No.	:	Y : 4.44 N99
ACC No.	:	8926
Note	:	1. Prof. G.R. Madan (1940 - 2001)
		2. Social Books Series No. 4.

मुख्य संलेख (Main Entry) -

	Y:4.	44 N99
		MADAN (G R) (1940 - 2001). Indian Social Problems. Ed 4. Ed by Puneet
	Aro	ra. (Social Book Series. 4).
	8926	
		O

संकेत (Tracing)

India, Social Pathology. Social Pathology, Sociology. Sociology. Madan (G R) (1940-2001). Arora (Puneet), <u>Ed</u>. Social Book Series.

वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry) हेतु, शृंखला प्रक्रिया (Chain Procedure)

वर्ग संख्या - Y : 4.44

Y = Sociology (Sought link)

↓

Y : = ———— (False Link)

↓

Y : 4 = Social Patology (Sought link)

↓

Y : 4. = ———— (False Link)

↓

Y : 4.4 = Asia — (Unsought Link)

↓

Y : 4.44 = India -- (Sought Link)

उपरोक्त विवरणानुसार खोज कड़ी (Sought link)के रूप में निम्न तीन कड़ियों के लिए वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry)निर्मित किये जायेगें: -

1. India, Social Pathology.
2. Social Pathology, Sociology
3. Sociology.

वर्ग निर्देशी संलेख - 1

(Class Index Entry-1)

INDIA, SOCIAL PATHOLOGY.
For documents in this Class and its sub-division, see the Classified Part of the Catalogue under the Class Number Y: 4.44 O

वर्ग निर्देशी संलेख - 2

(Class Index Entry -2)

SOCIAL PATHOLOGY, SOCIOLOGY.

For documents in this Class and its Subdivisions, see the Classified Part of the catalogue under the Class Number

Y : 4

O

वर्ग निर्देशी संलेख - 3

(Class Index Entry -3)

SOCIOLOGY

For documents in this Class and its Subdivisions, see the Classified Part of the Catalogue under the Class Number.

Y

O

लेखक ग्रन्थ निर्देशी संलेख

(Author Book Index Entry)

MADAN (G R) (1940 - 2001).

Indian Social Problems. Ed4.

Y : 4.44 N 99

O

सम्पादक ग्रन्थ निर्देशी संलेख

(Editor Book Index Entry)

	ARORA (Puneet), Ed.	
		Madan : Indian Social Problems. Ed 4. Y: 4.44 N 99

ग्रन्थमाला ग्रन्थ निर्देशी संलेख

(Series Book Index Entry)

	SOCIAL BOOK SERIES.	
	4	Madan : Indian Social Problems. Ed 4. Y : 4.44 N99

महत्वपूर्ण बातें -

- मुख्य संलेख में शीर्षक (Heading) को नियमानुसार ग्रन्थ के लेखक से उपकल्पित किया गया है।
- संकेत अनुच्छेद (Tracing Section) में सबसे पहले दाहिने ऊपर के भाग में वर्ग निर्देशी खोज कड़ियों (Class Index Sought Links) को अंकित किया गया है। वर्गांक को शृंखला प्रक्रिया (Chain Procedure) के द्वारा कड़ियों को ऊपर से नीचे खोला गया है, परन्तु संकेत पत्रक (Tracing Card) में नियमानुसार नीचे से ऊपर का क्रम बनाते हुए अंकित किया गया है।
- अन्य इतर संलेख - सहकारक, ग्रन्थमाला का निर्माण क्लासीफाइड कैटलाग कोड के नियमानुसार किया गया है।

उदाहरण - 2

(एकल लेखक सहकारक एवं अर्न्तविषयी सूचना के साथ)

Principles of Electrical Engineering

By

William H. Timbe

Fourth Revised Edition

By

George B Hoadley

John Wiley and Sons

New York, 1951

Other Information :

Call No.	:	D66 N51
Acc No.	:	9172
Note	:	Pages 240-308 devoted to Alternating current and its class No. is D664.

मुख्य संलेख (Main Entry)

	D66	N51
		TIMBE (William H). Principles of Electrical Engineering.Rev. ed. 4. Rev by George B Hoadley.
	9172	

संकेत पत्रक (Tracing Card)

D664 P 240-308.	Electrical Engineering, Engineering. Engineering Alternating current, Electrical Engineering. Timbe (William H). Hoadley (George B), Rev.

अन्र्तविषयी संलेख (Cross Reference Entry)

	D664	
	P 240-308.	See also D66 N51 Timbe Principles of Electrical Engineering. Rev ed 4. O

वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry) हेतु शृंखला प्रक्रिया (Chain procedure)

वर्ग संख्या - D66

D	=	Engineering	(Sought link)
↓			
D6	=	Mechanical Engineering	(Unsought link)
↓			
D66	=	Electrical Engineering	(Sought link)
↓			
D664	=	Alternating Current	(Sought link)

उपरोक्त विवरणानुसार खोज कड़ी (Sought link)के रूप में निम्न तीन कड़ियों के लिए वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry)निर्मित किये जायेंगे।

1. Electrical Engineering, Engineering.
2. Engineering.
3. Alternating current, Electrical Engineering.

द्विबिन्दु वर्गीकरण में Electrical Engineering (D66) को Mechanical Engineering के अन्तर्गत रखा गया है परन्तु चूँकि ग्रन्थ Electrical Engineering से सम्बन्धित है एवं उपयोग कर्ता द्वारा Electrical Engineering की पुस्तक खोज हेतु

Mechanical Engineering विषय में ढूंढने की सम्भावना नहीं है। अतः Mechanical Engineering की कड़ी को अवांछित कड़ी (Unsought link)के रूप में स्वीकार किया गया है।

ग्रन्थ में दी गई विशेष सामग्री जो Alternating Current है उसके वर्गांक - D664 की कड़ी (Link) को ही खोला गया है क्योंकि उससे पूर्व तक की कड़ी -D66 तक पूर्व में शृंखला प्रक्रिया द्वारा खोला जा चुका है।

वर्ग निर्देशी संलेख - 1 (Class Index Entry - 1)

ELECTRICAL ENGINEERING, ENGINEERING.
For documents in this Class and its Subdivisions, see the Classified Part of the Catalogue under the Class Number.
D 66

वर्ग निर्देशी संलेख - 2 (Class Index Entry - 2)

ENGINEERING.
For documents in this class and its subdivisions, see the Classified Part of the Catalogue, under the Class Number
D

वर्ग निर्देशी संलेख - 3 (Class Index Entry - 3)

ALTERNATING CURRENT, ENGINEERING.
For documents in this class and its subdivisions, see the Classified Part of the Catalogue, under the Class Number
D664

लेखक ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Author Book Index Entry)

TIMBE (William H.)

Principles of Electrical Engineering. Rev ed 4.

D66 N51

संशोधनकर्ता ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Reviser Book Index Entry)

HOADLEY (George B), Rev.

Timbe: Principles of Electrical Engineering. Rev ed 4.

D66 N51

उदाहरण - 3

एकल व्यक्तिगत लेखक, लेखक का पूरा नाम, ग्रन्थमाला

(Single Personal Author, Author's Full Name, Series)

The Principles of Import Tax

By

Prof. R. C. Bhatia

New Style Publishers

Jaipur, 2004

<u>Other Information:</u>

Call No.	:	X72:546 P04
Acc No.	:	4291
Note	:	Full Name of author is Ramesh Chandra Bhatia
		Economies Paper back Book series No.6.

मुख्य संलेख (Main Entry)

	X72:	546 P04
		BHATIA (Ramesh Chandra) Principles of Import Tax. (Economies Paperback Book Series. 6)
	4291	

संकेत पत्रक (Tracing Cart)

Import, Trade. Trade, Tax. Tax, Public Finance. Public Finance, Economies. Economics. Bhatia (Ramesh Chandra) Economies Paperback Book Series.

र्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry) हेतु शृंखला प्रक्रिया (Chain Procedure)

र्ग संख्या - X72 : 546

	↓	Economies -	(Sought link)
7	↓	Public Finance -	(Sought link)
72	↓	Tax -	(Sought link)
72:	↓	———— -	(False link)
72:5	↓	Trade -	(Sought link)
72:54	↓	Export, Import -	(Unsought link)
72:546	=	Import -	(Sought link)

उपरोक्त विवरणानुसार खोज कड़ी (Sought link) के रूप में निम्न पाँच कड़ियों के लिए वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry)का निर्माण किया जायेगा।

1. Import, Trade
2. Trade, Tax
3. Tax, Public Finance
4. Public Finance, Economies.
5. Economies.

वर्ग निर्देशी संलेख - 1 (Class Index Entry - 1)

IMPORT, TRADE

For documents in this class and its sub-divisions, see the Classified Part of the Catalogue, under the Class Number

X 728:546

वर्ग निर्देशी संलेख - 2 (Class Index Entry - 2)

TRADE, TAX

For documents in this class and its sub-divisions, see the Classified Part of the Catalogue, under the Class Number

X72:5

वर्ग निर्देशी संलेख - 3 (Class Index Entry - 3)

TAX, PUBLIC FINANCE.

For documents in this class and its sub-divisions, see the Classified Part of the Catalogue, under the Class Number

X72

वर्ग निर्देशी संलेख - 4 (Class Index Entry - 4)

PUBLIC FINANCE, ECONOMIES.

For documents in this class and its sub-divisions, see the Classified Part of the Catalogue, under the Class Number

X7

O

वर्ग निर्देशी संलेख - 5 (Class Index Entry-5)

ECONOMIES.

For documents in this class and its sub-divisions, see the Classified Part of the Catalogue, under the Class Number

X

O

लेखक ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Author Book Index Entry)

BHATIA (Ramesh Chandra)

Principles of Import Tax.

X72:546 P04

O

ग्रन्थमाला ग्रंथ निर्देशी संलेख (Series Book Index Entry)

ECONOMIES PAPERBACK BOOK SERIES.

6 Bhatia : Principles of Import Tax

X 72:546 PO4

O

महत्वपूर्ण बातें -

- नियमानुसार आख्या (Title)से आरम्भिक उपपद 'The' हटा दिया गया है।
- मुख्य संलेख में शीर्षक अनुच्छेद (Heading section) में संक्षिप्त नाम से पूर्ण नाम का चयन एवं उपकल्पन नियम संख्या JA41 के अनुसार किया गया है। ग्रन्थ के आख्या पृष्ठ पर लेखक के पूर्ण नाम का उल्लेख है इसलिए उसके पूर्ण नाम को अंकित किया गया है।
- लेखक के नाम के पूर्व लगे पदवीधारक शब्द को नियमानुसार उपकल्पन करते समय हटा दिया गया है।
- अन्य इतर संलेख (Added Entries) का निर्माण नियमानुसार किया गया है।
- संकेत (Tracing) पत्रक पर यदि सूचना एक पंक्ति पर नहीं आ पाती तो अनुवर्ती पंक्ति पर शेष सूचना दो अक्षर का रिक्त स्थान छोड़ कर लिखी जाती है।

उदाहरण - 4

(एकल व्यक्तिगत लेखक - आख्या,उप आख्या एवं ग्रन्थमाला सम्पादक के साथ)

Research Methods in Librarianship
Techniques and Interpretation
By
Charles H. Busha

Academic Press
New York, 1980

Other Information:

Call No.	:	2:f N80
Acc No.	:	7264
Note:	:	Library and Information Science Series no. 14. Edited by Stephen P. Harter

मुख्य संलेख (Main Entry)

	2:f	N80
		BUSHA (Charles H). Research Methods in Librarianship: techniques and interpretation. (Library and Information Science Series. Ed by Stephen P. Harter. 14)
	7264	

संकेत पत्रक (Tracing Card)

Investigation, Library Science Library Science. Busha (Charles H). Library & Information Science Series. Harter (Stephen P), Ed.

वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry) हेतु शृंखला प्रक्रिया (Chain procedure)

वर्ग संख्या -- 2 : f

2	=	Library Science	(Sought link)
2:	=	————————	(False link)
2:f	=	Investigation	(Sought link)

उपरोक्त विवरणानुसार खोज कड़ी (Sought link) के रूप में निम्न दो कड़ियों के लिए वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry) को निर्मित किया जायेगा।

1. Investigation, Library Science
2. Library Science

वर्ग निर्देशी संलेख - 1 (Class Index Entry-1)

INVESTIGATION, LIBRARY SCIENCE.

For documents in this class and its subdivisions, see the Classified Part of the Catalogue, under the Class Number

2:f

वर्ग निर्देशी संलेख - 2 (Class Index Entry-2)

LIBRARY SCIENCEC.

For documents in this class and its subdivisions, see the Classified Part of the Catalogue, under the Class Number 2

लेखक ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Author book Index Entry)

BUSHA (Charles H).

Research Methods in Librarianship

2 : f N80

ग्रन्थालय ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Series Book Index Entry)

LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE SERIES

14 Busha : Research Methods in Librarianship.

2: f N80

ग्रन्थमाला सम्पादक नामान्तर निर्देशी संलेख

(Editor of Series cross Reference Index Entry)

	HARTER (Stephen P), Ed.	
	See	
	LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE	
	SERIES.	
	O	

महत्वपूर्ण बातें -

- मुख्य संलेख में शीर्षक का चयन एवं उपकल्पन आख्या पृष्ठ पर अंकित सूचना के आधार पर किया गया है।
- ग्रन्थमाला के सम्पादक का उल्लेख संकेत पत्रक (Tracing Card)पर क्लासीफाइड कैटलाग कोड के नियम संख्या MH3 के अनुसार किया गया है।
- अन्य इतर संलेख का निर्माण नियमानुसार किया गया है।

उदाहरण - 5

(एकल व्यक्तिगत लेखक, एक से अधिक कोटि के सहकारक तथा ग्रन्थमाला सम्पादक)

Recent Advances in Zoology

By

Prem Hari Gupta

Edited by

C.B. Srivastava

IV Edition

Illustrated by

S.C. Goel

Rastogi and Company

Meerut, 1988

Other Information

Call No.	:	K N88
Acc No.	:	3142
Note	:	Zoological Text Books No.6. Ed by M.H.Verma

मुख्य संलेख (Main Entry)

K N88

GUPTA (Prem Hari).

Recent Advances in Zoology. Ed 4. Ed by C.B. Srivastava. Ill.by S C Goel.

(Zoological Text Books. Ed by M H Verma.6).

3142

संकेत पत्रक (Tracing Card)

Zoology.

Gupta (Prem Hari).
Srivastava (C.B.), Ed.
Goel (S C), Ill.
Zoological Text Books.

Verma (M H), Ed.

वर्ग निर्देशी संलेख (Class Index Entry)

ZOOLOGY.

For documents in this class and its subdivisions, see the Classified Part of the Catalogue, under the Class Number

K

लेखक ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Author Book Index Entry)

GUPTA (Prem Hari).
Recent Advances in Zoology. Ed 4.

K N88

O

सम्पादक ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Editor Book Index Entry)

SRIVASTAVA (C B), Ed.
Gupta : Recent Advances in Zoology. Ed 4.

K N88

O

चित्रकार ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Illustrator Book Index Entry)

GOEL (S C), Ill.
Gupta : Recent Advancess in Zoology. Ed 4.

K N88

O

ग्रन्थालय ग्रन्थ निर्देशी संलेख (Series Book Index Entry)

	ZOOLOGICAL TEXT BOOKS.	
	6	Gupta : Recent Advances in Zoology. Ed 4. K N88 O

ग्रन्थमाला सम्पादक नामान्तर निर्देशी संलेख

(Editor of Series Cross Reference Index Entry)

	VERMA (M H), Ed.	
		See ZOOLOGICAL TEXT BOOKS. O

महत्वपूर्ण बातें -

आख्या पृष्ठ (Title page) पर जिस क्रम में सहकारक का उल्लेख है उसी क्रम में आख्या अनुच्छेद (Title Section)में सहकारक का उल्लेख नियमानुसार किया गया है। सम्पादक का उल्लेख आख्या पृष्ठ पर पहले है तो आख्या अनुच्छेद में पहले सम्पादक का उल्लेख करने के पश्चात् चित्रकार का उल्लेख किया गया है।

अन्य इतर संलेखों (Added Entries) का उल्लेख नियमानुसार किया गया है।

11.4 अभ्यास हेतु उदाहरण

उदाहरण . 1

(एकल व्यक्तिगत लेखक सहकारक सहित)

An Advanced History of India

By

Prof. R.C. Vandhopadhya (1932-2001)

एक व्यक्तिगत लेखक द्वारा रचित पुस्तकों का सूचीकरण

Ed by
Dr. H. C. Raichaudhari
4th Edition

MacMillan India Pvt. Ltd.
Jaipur, 1978.

Other Information:

Call No.	:	V44 N79
Acc No.	:	16921

उदाहरण - 2

(एकल व्यक्तिगत लेखक - सहकारक एवं ग्रन्थमाला सहित)

Political Theory
2nd Revised Edition
By
Dr. R.L. Gupta
Ed by
Prakash Chandra

Cosmos Bookline Pvt. Ltd.
New Delhi - 1987.

Other Information:

Call No.	:	W: (R) N87
Acc No.	:	9325
